फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 21 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 361, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मोतियों की माला में घिरा नजर आया सुपरनोवा 18

कार्तिक आर्यन के साथ दिख सकतीं हैं माधुरी दीक्षित 17

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 102 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



- इस चरण में उप्र की आठ और उत्तराखंड की पांच सीटें भी शामिल
- 19 अप्रैल को होगा मतदान, चार जून को परिणाम

देश में 18वीं लोकसभा के सात चरणों में कराए जाने वाले चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार को प्रारम्भ हो गई। चुनाव आयोग ने आम चुनाव के पहले चरण में 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों की कुल मिलाकर लोकसभा की 102 सीटों के लिए बुधवार सुबह अधिसूचना जारी कर दी।

इसके साथ ही, इन सीटों के लिए प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने का कार्य शुरू हो गया। पहले चरण के मतदान 19 अप्रैल को कराए जाएंगे। पहले चरण में तमिलनाडु की 33, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ, मध्य प्रदेश की छह, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र की पांच-पांच, बिहार की चार, पश्चिम बंगाल की तीन, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय की दो-दो सीटें और छत्तीसगढ़, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अनादमन और निकोबार द्वीप समूह, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट शामिल हैं। इस चरण में बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों में नामांकन 27 मार्च तक भरे जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी और नाम 30 मार्च तक वापस लिए जा सकेंगे। बिहार में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 28 मार्च है और नामांकन पत्रों की जांच दो अप्रैल को की जाएगी। लोकसभा की कुल 543 सीटों के लिए आम चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में हो रहे हैं। मतगणना चार जून को होगी और चुनाव प्रक्रिया छह जून तक पूरी कर ली जाएगी।

रद की गई बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा

पटना, एजेंसी। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बाद 15 मार्च को दोनों पालियों हुई शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई) को बुधवार को रद कर दिया है। परीक्षा की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। बीपीएससी के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने बताया कि परीक्षा का तीसरा चरण रर कर दिया गया है। आयोग के सूत्रों के अनुसार टीआरई-तृतीय को रद करने का निर्णय बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा पेश की गई रिपोर्ट का विश्लेषण करने के बाद लिया गया। ईओयू ने प्रश्न पत्र लीक के आरोपों की जांच की थी।

केजरीवाल के वकील ने दिल्ली हाईकोर्ट से मांगी सुरक्षा

गिरफ्तार न करें तो ईडी के समक्ष पेशी को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

- केजरीवाल की याचिका पर कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब नीति घोटाले के मामले में समन को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने ईडी को दो सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि ईडी के समक्ष पेश क्यों नहीं होते। तो सिंघवी ने आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह की ईडी की ओर से की गई गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए जवाब दिया कि उन्हें (मुख्यमंत्री केजरीवाल) को आशंका है कि ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उन्हें सुरक्षा दी जाए तो वह पेश होने के लिए तैयार हैं।

ईडी का पक्ष रखते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और अधिवक्ता जोहेब हुसैन ने सिंघवी की केजरीवाल को राहत देने की दलीलों का विरोध किया।

बिना सुनवाई आरोपियों को हिरासत में नहीं रख सकते

नई दिल्ली। आरोपी के स्वत: जमानत पाने के अधिकार को खत्म करने के लिए धन शोधन मामलों में पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रयासों की निंदा करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि किसी आरोपी को बिना मुकदमे के हिरासत में रखना कैद के समान है जो स्वतंत्रता में बाधक है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित सहयोगी प्रेम प्रकाश की स्वत: (डिफॉल्ट) जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि हम आपको (ईडी को) नोटिस दे रहे हैं। (कानून के तहत) मामले की जांच पूरी हुए बिना आप किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकते।

एक नजर

पारस का इस्तीफा स्वीकार रिजिजु को मिला प्रभार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पशुपति कुमार पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और किरण रिजिजु को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभालने को कहा है। राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 75 की धारा दो के तहत पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति ने रिजीजु को अपने मंत्रालय के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का कार्यभार संभालने का भी निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि पारस ने बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर नाराजगी व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

आठ लाख रुपये के इनामी नक्सली ने किया समर्पण

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की तेलंगाना सीमा पर सक्रिय रहे आठ लाख रुपए के इनामी नक्सली ने आज पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया। आरोपी नक्सली रोशन सोड़ी ने सुकमा पुलिस के समक्ष समर्पण किया। वह बगैर हथियार के पुलिस के समक्ष पहुंचा। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रहा यह नक्सली अनेक मुठभेड़ों में शामिल रहा। उस पर अनेक जघन्य घटनाएं करने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने नक्सली का शॉल और श्रीफल भेंटकर स्वागत किया।

एमपीपीसीएस-प्री परीक्षा चुनावों के कारण टली

इंदौर। लोकसभा चुनावों के कारण मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 और राज्य वन सेवा परीक्षा 2024 आगे बढ़ा दी है। अब ये परीक्षाएं 28 अप्रैल की जगह 23 जून को आयोजित की जाएंगी। एमपीपीएससी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनावों के चलते दोनों भर्ती परीक्षाओं का कार्यक्रम बदला गया है और इन परीक्षाओं के प्रवेशपत्र एमपीपीएससी की वेबसाइट से 12 जून से प्राप्त किए जा सकेंगे। सूबे की 29 सीट पर 19 अप्रैल से 13 मई के बीच चार चरणों में लोकसभा चुनाव होना है। मतों की गिनती चार जून को होगी।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में न्यायिक सदस्य आवश्यक नहीं

केंद्र सरकार ने चयन समिति में सीजेआई को न रखने पर किया बचाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- न्यायिक सदस्य की उपस्थिति पारदर्शिता का मापदंड नहीं : केंद्र

केंद्र सरकार ने 2023 के कानून के तहत दो नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का बचाव करते हुए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता चयन समिति में न्यायिक सदस्य की उपस्थिति से उत्पन्न नहीं होती है। इस कानून के तहत चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखा गया है। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में याचिकाकर्ता के दावे को खारिज कर दिया कि शीर्ष अदालत में सुनवाई से एक दिन पहले दो निर्वाचन आयुक्तों को 14 मार्च को जल्दबाजी में नियुक्त किया गया। न्यायालय में इस कानून को चुनौती दी गई जिसपर सुनवाई होने वाली थी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता जया ठाकुर और 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' सहित कई अन्य द्वारा दायर याचिकाओं के जवाब में यह हलफनामा दाखिल किया गया है। हलफनामे में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं का मामला एक भ्रांति पर आधारित है कि किसी भी प्राधिकार में स्वतंत्रता केवल तभी बरकरार रखी जा सकती है जब चयन समिति एक विशेष संरचना की हो। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि निर्वाचन आयोग या किसी अन्य संस्था या प्राधिकार की स्वतंत्रता चयन समिति में न्यायिक सदस्य की उपस्थिति से उत्पन्न नहीं होती है।

सूची विपक्ष के साथ साझा न करने का भी खंडन

केंद्र ने याचिकाकर्ताओं के इस दावे का खंडन किया कि नियुक्त किए जाने वालों की कोई सूची विपक्ष के साथ साझा नहीं की गई थी। केंद्र ने कहा कि खोज समिति द्वारा छह नाम की सिफारिश के बाद अंतिम सूची में नामित व्यक्तियों के नाम 13 मार्च, 2024 को लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी को उपलब्ध कराए गए थे। इसलिए, यह कहना पूरी तरह से गलत, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण है कि चयन समिति के तीसरे सदस्य को दो सदस्यों के विचार के तहत शॉर्टलिस्ट किए गए नाम दिए गए थे। सभी सदस्यों को एक साथ सूची प्राप्त हुई थी।

सीईसी को मिला है संविधान में संरक्षण, निष्पक्ष रूप से कार्य करने में सक्षम

हलफनामे में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं का यह कहना कि न्यायिक सदस्यों के बिना चयन समितियां हमेशा पक्षपातपूर्ण होंगी, पूरी तरह से गलत है। कहा गया कि नियुक्ति की शक्ति कार्यपालिका के पास होने के बावजूद निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) तटस्थ और प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम रहे हैं। उच्च संवैधानिक पद के नाते मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संविधान में अंतर्निहित संरक्षण प्राप्त है, जो उन्हें निष्पक्ष रूप से कार्य करने में सक्षम बनाता है। अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के इस्तीफे के बाद निर्वाचन आयोग में दो रिक्तियां हुई थीं। उनके स्थान पर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को नियुक्त किया गया।

शिव खेलैं मसाने में होरी...

रंगभरी एकादशी पर शिव की नगरी काशी के साथ अयोध्या और मथुरा में जमकर होली हुई, खूब रंग-गुलाल उड़े। काशी में शोभा यात्रा भी निकाली गई जिसमें पालकी में बाबा विश्वनाथ और देवी पार्वती भी विराजमान थीं। चिता की भस्म से भी होली खेली गई। प्रधानमंत्री मोदी ने काशी के लोगों को बधाई दी और खुशहाली की कामना की।

दीपक कुमार ने संभाला कार्यभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बैठकें कर आचार संहिता के अनुपालन को लेकर दिए निर्देश

अमृत विचार : राज्य के नवनियुक्त अपर मुख्य सचिव (गृह) दीपक कुमार ने मंगलवार देर रात गृह विभाग पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। 1990 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक कुमार बुधवार को भी लगभग पूरा दिन लोकभवन स्थित गृह विभाग के अपने कक्ष में बैठे रहे और अलग-अलग विषयों को लेकर मीटिंग करते रहे। इस दौरान उन्होंने तमाम सरकारी कामकाज निपटाए। राज्य की सुरक्षा व्यवस्था, चुनाव की तैयारियों और आचार संहिता की गाइडलाइन पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश भी दिए।

दीपक कुमार 17 मई 2010 से 14 जून 2012 तक गृह विभाग में सचिव पद पर तैनात रह चुके हैं। अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार पर लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने की बड़ी जिम्मेदारी है। दीपक कुमार को ऐन चुनाव के समय गृह विभाग की जिम्मेदारी देने के पीछे उनकी बेदाग छवि मानी जा रही है। 2003 में अयोध्या के जिलाधिकारी रह चुके दीपक कुमार कई बड़े पदों पर रहे व जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। दीपक कुमार अपर मुख्य सचिव वित्त और माध्यमिक शिक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

रामलला के दर्शन कर धन्य हो गई : प्रियंका



अयोध्या। रामलला के दर्शन पाकर मैं धन्य हो गई हूं। ये बात बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने बुधवार को रामलला के दर्शन के बाद कही। वो पति निक जोनस और बेटी के साथ दर्शन करने आई थीं। राम मंदिर के पुजारी प्रदीप ने प्रियंका व जोनस को तिलक लगाया और ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने रामनामी ओढ़ाकर स्वागत किया। प्रियंका चोपड़ा परिवार के साथ अयोध्या पहुंचीं। भारी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट से प्रियंका चोपड़ा को रामलला के दरबार में पहुंचाया गया।

सपा ने छह और प्रत्याशी उतारे, संभल से शफीकुर्रहमान के पोते को टिकट

- मिर्जापुर सीट पर सपा के सामने अपना दल कमेरावादी का प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने बुधवार को लोकसभा के छह और उम्मीदवारों की सूची जारी की। गठबंधन में गुटबंदी की चर्चा के बीच गौतमबुद्ध नगर सीट से प्रत्याशी भी बदल दिया। छठी सूची के बाद सपा उम्मीदवारों की कुल संख्या 49 हो गई है। सपा ने गौतमबुद्ध नगर में पहले डॉ. महेंद्र नागर को उम्मीदवार बनाया। महेंद्र नागर को टिकट मिलने के बाद सपा-कांग्रेस गठबंधन में गुटबाजी भी सामने आई थी। प्रत्याशी बदलने के लिए कुछ नेता मंगलवार को लखनऊ में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मिले थे। दिल्ली से सटी इस सीट पर महेंद्र नागर की जगह सपा ने राहुल अवाना को अपना उम्मीदवार बनाया है। नई सूची में संभल से शफीकुर्रहमान बर्क के पोते जियाउर्रहमान बर्क को प्रत्याशी बनाया गया है। बागपत से मनोज चौधरी, पीलीभीत से भगवत शरण गंगवार, घोसी से राजीव राय और मिर्जापुर से राजेंद्र एस बिंद पर दांव लगाया गया है।

पल्लवी पटेल ने अपनी तीन सीटें घोषित कीं

लखनऊ। सपा के सहयोगी दल अपना दल कमेरावादी ने भी तीन सीटों पर लड़ने का एलान किया है। अपना दल की नेता और सपा के सिंबल पर सिराथू (कौशांबी) से विधायक पल्लवी पटेल ने संकेत दिए हैं कि वे सपा से अलग होकर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। उनकी पार्टी ने प्रदेश की जिन तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान किया है उनमें एक सीट मिर्जापुर भी है जिस पर सपा ने भी उम्मीदवार उतारा है। अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि पार्टी ने फूलपुर, कौशांबी और मिर्जापुर सीट पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। पल्लवी इन्हीं में से किसी सीट पर चुनाव लड़ेंगी।

प्रोन्नति पाने के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

हाईकोर्ट का आदेश

- 23 अगस्त 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को मिली राहत

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त हुए अध्यापकों को जूनियर हाई स्कूल में प्रोन्नत करने के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य नहीं है। कोर्ट ने इस निर्णय के बाद प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त उन सहायक अध्यापकों की जूनियर हाईस्कूल में प्रोन्नति का रास्ता साफ हो गया है, जिनकी नियुक्ति 23 अगस्त 2010 से पूर्व हुई थी। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने शिवकुमार पांडेय व दर्जनों अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पारित किया है।

प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापकों ने याचिका दाखिल की थी कि राज्य सरकार ने उनकी प्राथमिक विद्यालयों से उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रोन्नति इस आधार पर रोक दी है कि वे सीनियर टीईटी उत्तीर्ण नहीं है जबकि ऐसी कोई अनिवार्यता नहीं है। कोर्ट ने प्रोन्नति की प्रक्रिया 6 माह में पूरा करने का निर्देश दिया है।

बदलाव की तैयारी | प्रसार भारती का होगा कायाकल्प, नकारा पेशेवरों की होगी छंटनी

3 माह बाद मन की बात का 111वां एपिसोड होगा कुछ अलग

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- चार वर्ष से रिक्त अध्यक्ष पद पर नवनीत सहगल की हुई ताजपोशी

अमृत विचार : नरेंद्र मोदी यदि तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो उनके 'मन की बात' के 111वें एपिसोड की लोकप्रियता कुछ अलग नजर आएगी। इसके प्रसारण की नोडल एजेंसी 'प्रसार भारती' का तब तक काफी कुछ कायाकल्प हो चुका होगा। अपनी विशिष्ट कार्यशैली से नौकरशाही में खास पहचान बनाने वाले उत्तर प्रदेश कैडर के पूर्व नौकरशाह नवनीत सहगल को प्रसार भारती का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उक्त आशय की संभावनाएं प्रबल हुई हैं।

खबरों की दुनिया में भारत के सरकारी जन संचार तंत्र को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र करने के लिए 1997 में प्रसार भारती की स्थापना हुई थी और रेडियो, दूरदर्शन सहित कई सूचना माध्यमों को इसमें जोड़कर आजाद कर दिया गया था। लेकिन प्रसार भारती दिन पर दिन निजी जन संचार माध्यमों के मुकाबले पिटता चला गया। यही वजह है कि देश के कोने-कोने तक सबसे बड़ा नेटवर्क होने के बावजूद आम जनता तक पहुंच में अभी भी काफी पीछे है। प्रसार भारती को पेशेवर मजबूती देने के लिए सरकार ने हाई प्रोफाइल कहे जाने वाले चार पत्रकारों को इसका अध्यक्ष बनाया लेकिन नतीजा शून्य रहा। करंट अफेयर्स के पूर्व संपादक निखिल चक्रवर्ती पहले अध्यक्ष बने थे। उनके बाद 3 वर्ष तक यह पद खाली रहा और सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डा.यूएस राव को इसका अध्यक्ष बनाया। प्रसार भारती की कार्य संस्कृति देखकर उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। तीसरे अध्यक्ष के रूप में अमेरिका में तैनात टाइम्स आफ इंडिया के पत्रकार एमवी कामथ को नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी अरुण भटनागर को चौथा अध्यक्ष बनाया, वह भी एक वर्ष बाद ही हट गए। उनके बाद एक हिंदी अखबार की संपादक मृणाल पांडे 2011 तक इस पद पर रहीं। पायनियर के सलाहकार संपादक के सूर्य प्रकाश 2020 तक इस पद पर रहे। तब से 4 वर्षों तक अध्यक्ष पद रिक्त था। उपराष्ट्रपति की अध्यक्षता में गठित समिति ने पिछले दिनों सहगल के नाम की सिफारिश की थी, इस समिति में सूचना एवं प्रसारण सचिव व भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष भी एक सदस्य हैं। राष्ट्रपति ने उनकी नियुक्ति कर दी है और मंगलवार को पहली बार उन्होंने प्रसार भारती मुख्यालय में प्रवेश किया। एक मुलाकात के दौरान सहगल ने काफी सुधार के संकेत दिए हैं, कहा कि पहले अध्ययन करेंगे और फिर फैसले होंगे। सहगल की नियुक्ति के बाद प्रसार भारती के सभी विभागों में हलचल है। यह संकेत मिले हैं कि ऐसे लोगों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी और उनसे प्रसार भारती जल्द ही किनारा करेगा।

पप्पू यादव की पार्टी का कांग्रेस में विलय

नई दिल्ली, एजेंसी

- बेटे सार्थक यादव और समर्थकों के साथ ली कांग्रेस की सदस्यता

पांच बार लोकसभा के सदस्य रहे बिहार के प्रमुख नेता पप्पू यादव की जन आधार पार्टी का बुधवार को कांग्रेस में विलय हो गया। कांग्रेस की बिहार की प्रभारी महासचिव मोहन प्रकाश, पार्टी के संचार विभाग विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, बिहार विधानसभा में कांग्रेस के नेता शकील अहमद ने बुधवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में यादव और उनके पुत्र सार्थक यादव को अंग वस्त्र पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। यादव के साथ ही उनके कई समर्थक कांग्रेस में शामिल हो गए। मोहन प्रकाश ने कहा कि पप्पू यादव के आने से कांग्रेस मजबूत होगी और इंडिया गठबंधन को भी बिहार में मजबूती मिलेगी। पप्पू यादव ने कहा कि जनाधार पार्टी सेवा संघर्ष और न्याय पर विश्वास करती है। वह पांच बार सांसद और एक बार विधायक रहे लेकिन उनकी विचारधारा कांग्रेस की रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को एक मजबूत नेता बताते हुए कहा कि वह मोदी सरकार के खिलाफ सबसे सशक्त आवाज हैं। उन्होंने राहुल गांधी को सबसे सशक्त नेता बताया।

बसपा सांसद दानिश अली कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लोकसभा सदस्य दानिश अली समर्थकों के साथ बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय में उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया। उन्होंने कहा कि अमरोहा के सांसद दानिश अली के कांग्रेस में शामिल होने से देश में न्याय की लड़ाई को बल मिलेगा। अली ने कहा कि आज जो देश की परिस्थितियां हैं, वह किसी से छिपी नहीं है।

शहर में आज

- लोकसभा चुनाव के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में नामांकन 11:00 बजे।
- यूपी बोर्ड परीक्षा की पुस्तिकाओं का मूल्यांकन महानगर के चित्रगुप्त इंटर कॉलेज सहित छह केंद्रों पर सुबह 10:00 बजे।
- रोटरी क्लब मुरादाबाद ग्रेट द्वारा एक संध्या होली रंगोत्सव और कवि सम्मेलन सभा का फ्लेवर होटल रामगंगा विहार में रात 8:00 बजे।

एक नजर

सनातन धर्म के मार्ग को आगे बढ़ाने आए हैं

मुरादाबाद, अमृत विचार : बाबा ने कथा के दौरान कहा कि उनके जीवन का लक्ष्य सिर्फ सनातन की सेवा करना है। हम धर्म के मार्ग से सनातन को बढ़ाने आए हैं। एक दिन हर भारतीय के घर में भगवा झंडा लहराना ही लक्ष्य है। सनातन किसी धर्म विशेष से घृणा नहीं सिखाता है, न ही हम किसी धर्म के विरोधी हैं। हमारे जीवन का लक्ष्य धर्म के रास्ते पर चलकर सनातन को बढ़ाना है।

कथा में वही आते हैं जिन्हें सन्यासी बाबा बुलाते हैं

मुरादाबाद, अमृत विचार : पंडित धीरेंद्र शास्त्री कथा के बीच-बीच में अपने ही चुटीले अंदाज में कुछ पंक्तियां बोलकर लोगों में नई ऊर्जा भरते रहे। उन्होंने कहा कि उन्होंने नस देखी हमारी तो बीमार कह दिया। हमने रोग पूछा तो बागेश्वर बालाजी से प्यार कह दिया। यह अंदाज देख भक्तों ने जय हनुमान के जयकारे के साथ उनका अभिनंदन किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि जनता जिसे चुनती है वह संसद में जाता है। हनुमान जी जिसे चुने, वही कथा में आता है। इसे समझाते हुए कहा कि कथा में सिर्फ वही लोग आ पाते हैं। जिन्हें हनुमान जी बुलाना चाहते हैं।

जो ताली न बजाए, उसे बराबर वाले की कसम

मुरादाबाद, अमृत विचार : पंडाल में मौजूद सभी श्रद्धालुओं की तालियों में जब जोर न दिखा। तब धीरेंद्र शास्त्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि पंडाल में मौजूद जो ताली न बजाए, उसे बराबर वाले की कसम। इसके बाद जैसे भक्तों में नई ऊर्जा का संचार हो गया। सभी ने जय श्रीराम के जयकारे के साथ जोर से तालियां बजाना शुरू कर दिया। जिससे वहां का माहौल भक्तिमय हो गया।

नया मुरादाबाद के सेक्टर 6 में चल रही श्रीहनुमंत कथा में उपस्थित भक्त। ● अमृत विचार

वीवीआईपी गैलरी में श्रद्धालुओं को रोकती महिला स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

आखिरी सांस तक करेंगे सनातन की सेवा, भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना लक्ष्य

पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बोले- देश के वैज्ञानिक मंगल पर जीवन खोज रहे और हम जीवन में मंगल, सामूहिक हनुमान चालीसा से दिया श्रीहनुमंत कथा को विश्राम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नया मुरादाबाद में तीन दिवसीय श्रीहनुमंत कथा के आखिरी दिन बुधवार को बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि आखिरी सांस तक वह सनातन धर्म की सेवा करेंगे। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना उनका संकल्प है। उन्होंने लोगों से हाथ उठवाकर पूछा कि बताओ कौन-कौन भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में है तो सभी ने अपने दोनों हाथ उठाकर उनके संकल्प को साकार करने की शपथ ली।

बाबा नीब करौरी आश्रम ट्रस्ट और लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में तीन दिवसीय श्रीहनुमंत कथा के आखिरी दिन पंडाल में करीब दो लाख श्रद्धालु जुटे। कथा का श्रवण कराने के लिए जैसे ही पं. धीरेंद्र शास्त्री मंच पर आए तो सभी रामभक्तों ने खड़े होकर उनका अभिवादन और नमन किया। पंडाल में हर ओर भक्तों का सैलाब दिख रहा था। भगवान हनुमान के प्रति अगाध श्रद्धा व भक्ति में लीन हजारों भक्तों ने रात भर पंडाल में सोकर गुजारी। कथा के आखिरी दिन पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मंच पर आने का समय दोपहर 3 बजे तय था। लेकिन श्रद्धालुओं की बाबा के प्रति प्रेम और हनुमान कथा के प्रति आस्था का ही प्रभाव रहा कि 11 बजे से ही भक्त पंडाल में पहुंचने लगे। हर समय पंडाल में जय श्रीराम और हनुमान के भजनों ने माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। पंडाल के बाहर जैसे ही 3.46 बजे बाबा की गाड़ी भक्तों ने देखी तो उनका उत्साह चरम पर पहुंच गया। हर ओर बाबा बागेश्वर धाम, सन्यासी बाबा की जय के जयकारे गूंजने लगे। जय श्रीराम के जयघोष के साथ बाबा भक्तों का अभिनंदन स्वीकार कर 3.52 पर मंचासीन हुए। उन्होंने माधव नगर के पागलों कहकर रामभक्तों को संबोधित किया तो सभी अपनेपन के भाव से भर गए। चेहरे पर तेज और मुख पर मुस्कान लिए बाबा अपनी गद्दी पर बैठे और राम, जय श्रीराम, श्रीराम जय जय राम के साथ कथा प्रारंभ की। उन्होंने भक्तों को दुख और सुख, हनुमंत कथा का विस्तार से श्रवण कराया। इसे सुनकर भक्त भाव विह्वल हो गए।

कथा वाचक पं. धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त करते ट्रस्ट के लोग। ● अमृत विचार



हनुमंत कथा सुनाते पंडित धीरेंद्र शास्त्री।

कथा में पंडित धीरेंद्र शास्त्री की फोटो खींचती युवती। ● अमृत विचार

श्रीहनुमंत कथा के दौरान प्रसन्न मुद्रा में महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

श्रीहनुमंत कथा में भजन पर झूमतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

माधव नगर के पागलों रोजाना करें हनुमान चालीसा का पाठ

पं.धीरेंद्र शास्त्री ने पंडाल में मौजूद रामभक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि माधव नगर के पागलों हिंदू राष्ट्र के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करें। बुधवार को भी कथा के दौरान शास्त्री जी ने कई बार भक्तों को माधव नगर के पागलों कहकर संबोधित किया। इसके बाद पंडाल में खूब जयश्रीराम के जयकारे गूंजे।

मीडिया कर्मियों की सराहना

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मीडिया कर्मियों की खूब प्रशंसा की। उन्होंने मीडिया को चौथा स्तंभ बताया। साथ ही मीडिया कर्मियों का देश के हित में अहम योगदान बताया। इस दौरान उन्होंने एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर समेत अन्य को पटका पहनाकर सम्मानित किया।

सनातन ही है विश्व का सबसे पुराना धर्म

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कथा के दौरान सबसे ज्यादा जोर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने पर दिया। उन्होंने कहा कि सनातन ही विश्व का सबसे पुराना धर्म है। प्रभु सिर्फ एक है। हालांकि प्रभु को एक बताने के लिए लोगों ने अपने-अपने प्रभु बना लिए। कहा कि हमारे जीवन का लक्ष्य संपूर्ण भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना है। गर्व से कहो हम हिंदू है। उन्होंने पंडाल में मौजूद लोगों से पूछा कि कौन-कौन भारत को हिंदू राष्ट्र बनते देखने चाहता है। भक्तों ने दोनों हाथ उठाकर जय श्रीराम के जयघोष से उनकी बात का समर्थन किया। कहा कि जब तक हमारे शरीर में एक भी सांस रहेंगी, तब तक हम सनातन धर्म की सेवा करते रहेंगे।

हनुमंत कथा सुनतीं बुजुर्ग महिला।

आश्रम में स्थापित होगी 51 फीट ऊंची मूर्ति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पीठाधीश्वर बागेश्वर धाम सरकार ने बुधवार को श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीब करौली आश्रम ग्राम सब्जीपुर में 51 फीट के हनुमान जी की मूर्ति का शिलान्यास किया। उन्होंने ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान कर अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान किया।

बाबा नीब करौली आश्रम पर पूजन के समय ट्रस्ट के सभी लोग बहुत ही उत्साहित थे। सुबह से ही नीब करौरी आश्रम पर बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर के आने की प्रतीक्षा कर रहे थे। ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने मंदिर को फूलों से सजाया और महिलाओं ने रंगोली बनाकर मंदिर प्रांगण को सजाया। पंडित धीरेंद्र शास्त्री के मंदिर आगमन पर सर्वप्रथम गणेश जी, उसके पश्चात शिवलिंग के महाकाल स्वरूप की, राम जी, सीता जी, लखन जी, हनुमान जी, मां दुर्गा जी की पूजा के बाद हनुमान जी की मूर्ति का शिलान्यास किया। साथ ही सभी ट्रस्ट के लोगों को शुभकामनाएं दीं। शिलान्यास पूजन में विनीत कुमार गुप्ता लोहिया, बिभोर कुमार गुप्ता लोहिया, विपिन कुमार गुप्ता लोहिया, अनिल कुमार शर्मा, राकेश कुमार गुप्ता, डॉ संदीप राज, गौरव अग्रवाल, विनीत गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, विवेक शर्मा, विनोद राय, शैलेंद्र, प्रकाश गुप्ता, राजकुमार शर्मा, देवेंद्र बिष्ट, संदीप गगंनेजा, अश्विनी कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, जयदेव यादव, विकास गुप्ता, नितिन गुप्ता, अशोक कुमार, लवी गुप्ता आदि मौजूद रहें।

श्रीहनुमान जी की मूर्ति की स्थापना को स्थल का पूजन करते पं.धीरेंद्र शास्त्री।

जहां प्रभु राम का कीर्तन, वहां रहता है वीर हनुमान का पहरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नया मुरादाबाद के सेक्टर-6 में तीन दिवसीय श्रीहनुमंत कथा में आखिरी दिन बुधवार को श्रीहनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया। कथा वाचक श्रीबागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने रामभक्तों से हिंदू राष्ट्र के लिए जातिपात से ऊपर उठकर एकजुट होने का आह्वान किया। लोगों से घरों पर 21 या 108 बार श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए कहा।

सनातन धर्म के विरोधियों पर वह पहले दिन से लेकर आखिरी दिन तक आक्रामक रहे। उन्होंने मंच से कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र बन जाए और धर्म विरोधियों की ठठरी बंध जाए यही उनकी कामना, सपना और संकल्प है। उन्होंने कहा कि वह किसी धर्म के विरोधी नहीं है। लेकिन सनातन पर घात होगा तो प्रतिघात जरूर करेंगे।

पंडित धीरेंद्र शास्त्री को गदा भेंट करता श्रद्धालु। ● अमृत विचार

▸▸ **पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा धर्म विरोधियों की ठठरी बंध जाए यही है उनकी कामना**

रामभक्तों को माधव नगर और हिंदू राष्ट्र का संकल्प दिला कर बड़ा संदेश दे गए पंडित धीरेंद्र शास्त्री

मुरादाबाद, अमृत विचार : तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा में मुरादाबाद का नाम माधव नगर संबोधित कर और तीनों दिन की कथा में भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के अपने संकल्प की प्रतिबद्धता दिखाकर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बड़ा संदेश दिया। इसका निहितार्थ दूर तक जाएगा। करीब दो लाख आस्थावानों के बीच उनके संकल्प की हामी भरकर श्रीराम व भगवान हनुमान के भक्तों ने इसे अपने जीवन का लक्ष्य बनाने के लिए हुंकार भरी। जय श्रीराम, जय वीर हनुमान, बाला जी सरकार, सन्यासी बाबा की जयकार और धर्म विरोधियों की ठठरी बांधने का हर चंद मिनट बाद संकल्प लेते हुए भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का मंच से बाबा ने माहौल बनाया और भविष्य में सार्थक करने के लिए लोगों ने दोनों हाथ उठाकर प्रतिबद्धता दोहराई। तीनों दिन पंडाल में भगवा रंग छाया रहा। उन्होंने हिंदू राष्ट्र के लिए जातिवाद और सनातन के बिखराव से निकल कर एकजुटता का संदेश दिया। कहा कि घरों पर हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करें और दूसरों के घर पर जाकर भी इसे कराएं। तभी हनुमान जी की कृपा से भारत हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा। उन्होंने हिंदू, हिंदुत्व और सनातन के लिए जीने मरने का दम लोगों में भरा।

हनुमान जी बलवान है, हनुमान जी भगवान हैं

धीरेंद्र शास्त्री ने रामभक्तों से कहा कि इतनी तेज जयकारा लगाएं कि संभल जिले के हरिहर मंदिर तक आवाज पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि राम से बड़ा राम का नाम है। जिसे भगवान भी मारने का प्रण ले लें तो उसे बचाने का काम भी हनुमान जी करते हैं। भगवान के भक्त को सर्वत्र परमात्मा दिखाई देते हैं।

विश्व गौरैया दिवस | आओ हाथ बढ़ाएं-एक पहल मदद की संस्था ने नीलकंठ महादेव मंदिर के पास किया आयोजन

वट वृक्ष तो काट दिए, आओ चिरैया...हमारे घर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: समय के साथ गौरैया की चहचहाहट कम होने लगी है। इसलिए अब गौरैया संरक्षण की बात जोर-शोर से उठने लगी है। विश्व गौरैया दिवस पर बुधवार को आओ हाथ बढ़ाएं-एक पहल मदद की चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बुद्धि विहार सेक्टर 7-बी में नीलकंठ महादेव मंदिर के पास कार्यक्रम आयोजित कर गौरैया संरक्षण पर जोर दिया गया।

लोगों ने कहा कि जहां उनका डेरा था वो वट वृक्ष तो काट दिए। अब एक ही चारा है। आओ चिरैया...हमारे घर में बस जाओ।' आयोजन में सामूहिक रूप से 100 से ज्यादा परिवारों ने संकल्प लिया कि वह अपने घरों में गौरैया के लिए घरौंदा बनाएंगे। उसी में चिरैया के परिवार को बसाएंगे।

ट्रस्ट की ओर से आयोजित विश्व गौरैया दिवस और होली मिलन समारोह में लोगों को घोंसले भी दिए गए। यह घोंसले उन बच्चों ने ही बनाए थे जो ट्रस्ट द्वारा संचालित निशुल्क ट्यूशन सेंटर में पढ़ते हैं।

मुख्य अतिथि आरएसडी एकेडमी की निदेशक जी कुमार ने कहा कि ट्रस्ट के कार्यों में समाज के हित की विविधता नजर आती है। विशिष्ट अतिथि अनीता गुप्ता ने जरूरतमंद बच्चों को 11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया। विल्सोनिया की वाइस प्रिंसिपल ज्योतिका सिंह और नेचुरोपैथी की डॉ. महजबी परवीन व स्वाति शर्मा ने भी आयोजन की सराहना की। डॉ. विशेष गुप्ता ने 5100 रुपये ट्रस्ट को सहयोग के रूप में दिए। बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी जमकर होली खेली। ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय ने सभी का आभार जताया। इस दौरान आशीष मदान, रिचा ग्रोवर, राघव रस्तोगी, आशीष चौधरी, प्रबल पंत, मनीषा शर्मा, विजय शर्मा, अमित अग्रवाल, रचित गुप्ता, अनुज चौधरी, उमा शर्मा, विकास अरोड़ा, अनुभव मिश्रा, तरुण गुप्ता, सुमित सैनी आदि मौजूद रहे।

आओ हाथ बढ़ाएं संस्था के कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

छह केंद्रों पर 52 प्रतिशत कापियों का मूल्यांकन

मुरादाबाद, अमृत विचार: यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य महानगर में 6 केंद्रों पर चल रहा है। अब तक 52 प्रतिशत कांपियां जांची गई हैं। अभी भी 2,88,203 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना शेष है।

महानगर में महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में 13282, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में 13266, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में 14271, आरएन इंटर कॉलेज में 9701, पारकर इंटर कॉलेज में 18019 और हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज में 17198 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। बुधवार को 85,737 कांपी जांची गईं। कुल 5,99,653 की उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आई हैं। इनमें 311450 का मूल्यांकन हुआ है। अभी भी 288203 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष है।

टीम ने वसूला 11 लाख का राजस्व

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर में जलकर व गृहकर के बड़े बकायेदारों के प्रतिष्ठान व घर पर बुधवार को नगर निगम की टीम पहुंची। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह की अध्यक्षता में चले अभियान में टीम ने 11 लाख रुपये का राजस्व वसूला। वहीं बकाया न चुकाने पर एक जगह प्रतिष्ठान सील कर दिया।

बुधवार को मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के नेतृत्व में टीम पुराना बर्फखाना निवासी अब्दुल कादिर, अब्दुल मुजीब, अब्दुल वदूद के प्रतिष्ठान पर 99,80,755 रुपये का बकाया वसूलने पहुंची। लेकिन जमा न करने पर प्रतिष्ठान को सील कर दिया। इसी क्रम में टीम गांधी नगर में कुलवंत सिंह, हरभजन सिंह, सिकन्दर प्राइवेट लिमिटेड पर एक करोड़ 90 लाख 11 हजार 488.60 रुपये की वसूली के लिए पहुंची। न्यू माजरा में शांति फ्लोर मिल पर 18,32,100 रुपये का बकाया था। जिसमें से पांच लाख रुपये टीम ने वसूला। लाजपतनगर में सचिन अग्रवाल, सुनील बंसल के फर्म पर 7,63,507 रुपये का बकाया था जिसमें से 6 लाख रुपये टीम ने जमा कराया। इसके अलावा टीम मझोला के साईं उत्सव विवाह हॉल पर पहुंची। यहां पर 10,82,269 रुपये बकाया है। टीम में कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, कर अधीक्षक मंगल सिंह पापड़ा, राजस्व निरीक्षक दीपक सिंह, सतीश कुमार और प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे।

कर अधीक्षक के नेतृत्व में राजस्व वसूली के लिए पहुंची नगर निगम की टीम।

रमजान मुबारक

गुरुवार 10वां रोजा
इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 30 मिनट
शिया- 6 बजकर 36 मिनट

शुक्रवार 11वां रोजा
खत्म सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 53 मिनट
शिया- 4 बजकर 50 मिनट





एक नजर

निर्माणाधीन मकान से बैटरी, इनवर्टर चोरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान से मंगलवार रात में सामान चोरी हो गया। पीड़ित ने एफआईआर भी दर्ज करा दी है। पीड़ित विशू ने बताया कि वह गुलाबबाड़ी चुंगी हिंदुस्तान हॉस्पिटल के पीछे वाली गली के रहने वाले हैं। उनका कल्याणपुर बाईपास पर मकान बन रहा है। बुधवार सुबह आठ बजे के दौरान जब वह निर्माणाधीन मकान पर पहुंचे तो देखा दो बैटरी, इनवर्टर, पानी वाली मोटर चोरी हो गया है।

अनदेखी : सीवर पाइपलाइन के कारण खोदी गई रामगंगा विहार में सड़क की एक वर्ष बाद जिम्मेदारों ने सुध ली है। सड़क टूटी होने व धूल के कारण लोगों व वाहन चालकों का चलना दूभर था। इस संबंध में लोग कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर चुके थे। अब एक तरफ की सड़क का हाल तो फिलहाल वैसा ही है, मगर दूसरी ओर की सड़क बन रही है। जिससे लोगों की मुश्किलें कुछ हद तक कम हुई हैं। ● अमृत विचार

अपर जिला जज ने बंदियों को दी विधिक जानकारी

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. अजय कुमार द्वितीय के आदेश पर मंगलवार को अपर जिला जज किरन बाला ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में निरुद्ध बंदियों को उनके अधिकारों से जागरूक किया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जेल में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक पवन प्रताप सिंह ने बताया कि कारागार में 1461 पुरुष और 62 महिला बंदी निरुद्ध हैं। महिला बंदियों के साथ उनके कुल 12 बच्चे भी हैं। अपर जिला जज ने बंदियों के बैरक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों को आगामी 11 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत से भी अवगत कराया। इस दौरान जेलर मृत्युंजय पांडेय व जेल के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

कड़ी सुरक्षा में नामांकन शुरू, पहले दिन बिके 13 पर्चे

एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ, कलेक्ट्रेट गेट पर चेकिंग के बाद ही लोगों को मिला प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया बुधवार को दिन में 11 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। पहले दिन हालांकि एक भी नामांकन नहीं हुआ। लेकिन 13 नामांकन पत्र बिके। नामांकन प्रक्रिया 27 मार्च तक चलेगी।

कलेक्ट्रेट परिसर में जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिन में 11 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने अधिकारियों के साथ नामांकन कार्य के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था व आने जाने वाले रास्तों को देखा। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में नामांकन पत्र दाखिले की प्रक्रिया तीन बजे तक चली। हालांकि पहले दिन एक भी नामांकन दाखिल नहीं किया गया। जबकि 13 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। जिसमें शिवनगर के संदीप त्रिवेदी ने वैदिक समाजवादी पार्टी के नाम पर पर्चा खरीदा। इसके अलावा ओंकार सिंह, कांग्रेस के गंगाराम शर्मा, मोहित पांडेय, अपना दल पार्टी के अशोक कुमार सिंह, हरिकिशोर सिंह, निर्दलीय के रूप में इरशाद सैफी एडवोकेट जिगर कॉलोनी, सलादद्दीन ने पर्चा लिया। इसके साथ ही पश्चिमांचल निर्माण पार्टी की ओर से तंजीम, प्रदीप कुमार, बसपा के नाम पर मुमताज आलम और निर्दलीय शीशपाल सिंह ने नामांकन पत्र पहले दिन खरीदा।

अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चंद ने बताया कि नामांकन पत्र निशुल्क है। कलेक्ट्रेट परिसर में हर ओर बैरिकेडिंग की गई है। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में चल रही है। पहले चरण में 19 अप्रैल को मुरादाबाद सीट पर मतदान होगा। लोकसभा चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने वाले सामान्य जाति के प्रत्याशियों के लिए जमानत धनराशि 25,000 रुपये है। जबकि आरक्षित वर्ग के प्रत्याशियों के लिए जमानत की धनराशि 12,500 रुपये चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन व उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस का पालन सभी को करना है। सुरक्षा प्रबंध के बीच नामांकन प्रक्रिया कराई जा रही है। आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन कक्ष का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट के गेट पर चेकिंग करते सुरक्षाकर्मी। ● अमृत विचार

नामांकन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। बुधवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार की मौजूदगी में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट के बाहर लावारिस हाल में खड़ी बाइकों को उठवाकर पुलिस लाइन भिजवाया गया। कलेक्ट्रेट जाने वालों की भी सघन तलाशी ली गई। कचहरी परिसर व आसपास क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील रहा। उधर, एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक ही नामांकन स्थल पर तैयारियों की गई हैं। यहां त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरी व्यवस्था के नोडल अधिकारी एसपी देहात संदीप कुमार मीना बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट के अंदर से बाहर तक कुल छह सीओ और इतने ही निरीक्षक व्यवस्था संभाले हैं। साथ ही 35 दरोगा, 122 पुरुष कांस्टेबल व 42 महिला कांस्टेबल तैनात की गई हैं।

लोस चुनावः घर बैठे मतदान कर सकेंगे दिव्यांग और बुजुर्ग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिला प्रशासन ने पूरे जिले में चिह्नित किए दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाता
- आठ विधानसभा क्षेत्रों में हैं 19,387 दिव्यांग व 9,044 बुजुर्ग मतदाता

अमृत विचारः जनपद में सभी दिव्यांग और 85 साल से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाता लोकसभा चुनाव में अपने घर बैठे मतदान कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें बूथ पर जाने की जरूरत नहीं होगी। निर्वाचन आयोग के आदेश के बाद जिला प्रशासन ने इसकी पूरी तरह से तैयारियां कर ली है।

जनपद में 19 अप्रैल को मतदान होना है। जिसके लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियों को पूरा करना शुरू कर दिया है। वहीं निर्वाचन आयोग ने यह आदेश जारी किया है कि जो भी मतदाता 85 साल की आयु से अधिक है या दिव्यांग है तो उन्हे बूथ पर जाने की जरूरत नहीं है। ऐसे लोग अपने घर बैठकर मत का प्रयोग कर सकते हैं। इसलिए उन मतदाताओं की सहमति से फार्म 12-डी भरवाया जाएगा। एडीएम प्रशासन गुलाबचंद्र ने बताया कि जनपद के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में 19,387 दिव्यांग तथा 9,044 बुजुर्ग मतदाता है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए घर पर मतदान की सुविधा निर्वाचन आयोग के आदेश पर उनकी सहमति से उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन इस बार आयोग ने इसमें पांच वर्ष का इजाफा कर दिया है। इस बार 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को यह सुविधा मिल सकेगी। एडीएम ने बताया कि इसके लिए दोनों वर्ग के मतदाताओं को चिह्नित किया जा चुका है। बीएलओ व तहसील प्रशासन की टीम संबंधित मतदाताओं से संपर्क करेगी। अगर वह घर पर मतदान की इच्छा जताते हैं तो उनसे सहमति के रूप में फार्म- 12 डी भरवाकर यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वह स्वयं भी निर्वाचन कंट्रोल रूम पर फोन कर सुविधा के लिए कह सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अगर दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाता घर पर मतदान नहीं करना चाहते और अपने बूथ पर जाकर मतदान करना चाहते हैं तो वह बूथ पर जाकर भी मतदान कर सकते हैं।

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई बाइक चोरी की घटना, दो पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुई आरोपियों की पहचान

अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र में कांशीराम कॉलोनी में कारपेंटर की चोरी हुई बाइक की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इससे आरोपी भी पहचान में आ गए हैं। पीड़ित ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़ित आरिफ भोजपुर थाना क्षेत्र के काफियाबाद उर्फ घोसीपुरा के निवासी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया है कि 27 फरवरी शाम चार बजे के दौरान रोशनलाल के घर के गेट के सामने से उनकी बाइक (यूपी-21-बीवाई-4252) चोरी हो गई थी। आरिफ उस समय कांशीराम कॉलोनी में रोशनलाल के घर पर कारपेंटर का काम कर रहे थे। आरिफ ने बताया कि घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे तो बाइक चोरी की घटना स्पष्ट हो गई थी। चोरों की पहचान भी हो गई थी। यही नहीं, आरिफ का कहना है कि वह चोरों के घर जाकर अपनी बाइक की भी पहचान कर ली है।

आरोप है कि उसकी बाइक हरथला में सीएल गुप्ता हॉस्पिटल के पास निवासी वीरपाल पुत्र चंद्रभान और गोविंद पुत्र रूपकिशोर ने चोरी की है। आरोप है कि ये दोनों आरोपी पेशेवर चोर हैं। आरिफ ने बताया कि आरोपी गोविंद का भाई बहादुर बाइक चोरी में ही जेल में निरुद्ध है।

तीन नए आपराधिक कानून के प्रति प्रशिक्षित किए गए विवेचक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नए आपराधिक कानून के संबंध में विवेचकों और जिला एवं अपर शासकीय अधिवक्ताओं को बुधवार को प्रशिक्षित किया गया। इसके लिए बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में कार्यशाला हुई। इसमें सभी थानों से विवेचक, जिला शासकीय अधिवक्ता, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता व अन्य संबंधित लोग मौजूद थे।

कार्यशाला का आरंभ मुख्य अतिथि एसएसपी हेमराज मीना ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पहले कार्यक्रम के प्रारंभ में संयुक्त निदेशक अभियोजन चंद्र प्रकाश मणि त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। एसएसपी ने कहा कि हम लोग जब से शासकीय सेवा में आए थे, तब से हमेशा मन में एक विचार रहता था कि अंग्रेजों के दिए हुए कानून हैं। इसमें हम लोग अभी तक संशोधन नहीं कर पाए हैं। लेकिन, हम लोगों के बीच के वह व्यक्ति हैं जिन्होंने सोचा और हम सभी की नजरों के सामने नई व्यवस्था दी है। हम लोग बहुत जल्द ही इन तीनों कानून से रूबरू होंगे और उनका अनुपालन भी कराएंगे। हम खुशनसीब हैं कि हमें नए कानून के बीच में रहकर काम करने का मौका मिल रहा है। भारतीय जन मानस की मान्यताओं और आधुनिक परिपेक्ष्य में जो जरूरतें हैं उन्हीं के हिसाब से जो कानून होने थे वह बनकर तैयार हो गए हैं।

कार्यशाला अभियोजन निदेशालय की तरफ से आयोजित हुई। जिसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के बारे में अधिकारियों ने विवेचकों को विस्तार से समझाया। विवेचकों को सहायक अभियोजन अधिकारी शैलेश शेखर, सौरभ मिश्र व वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी ऋचा गुप्ता ने नए कानून के बारे में जानकारी दी। साथ ही तीनों कानून में विवेचकों की व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक समस्याओं का समाधान भी किया। कार्यशाला दोपहर ढाई बजे से प्रारंभ हुई थी, जिसमें शाम छह बजे तक तीनों कानून के संबंध में विद्वानों ने व्याख्यान दिए। ये तीनों कानून एक जुलाई से लागू हो रहे हैं। इस मौके पर एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार भी मौजूद थे। मंच का संचालन अभियोजन अधिकारी राजेश यादव व राकेश चंद्र भारतीय ने किया। कार्यशाला में जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) नितिन गुप्ता के नेतृत्व में सभी सहायक शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) भी मौजूद रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते एसएसपी हेमराज मीना व अन्य। ● अमृत विचार

अभियोजक व अधिवक्ताओं के सामंजस्य की सराहना

एसएसपी हेमराज मीना ने जिले में अधिक से अधिक अपराधियों को सजा कराने में अभियोजक स्टॉफ और जिला एवं अपर शासकीय अधिवक्ताओं की सराहना की और धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इतने दिनों में आपस में कहीं कोई नकारात्मकता का भाव नहीं दिखा। एसएसपी ने कहा कि बड़ी बात ये है कि अपराधियों को सजा दिलाने में कहीं कोई आपसी सामंजस्य का अभाव नहीं देखने को मिला। सभी ने न्यायालय में मुकदमों में समयबद्ध तरीके से पैरवी कर अधिक से अधिक अपराधियों को आजीवन कारावास से लेकर अन्य कठोर से कठोर दंड से दंडित कराने में सफल रहे हैं। इसी तरह के बेहतर सामंजस्य से ऑपरेशन कन्विक्शन में प्रदेश में जिले को चौथा स्थान मिला है।

जागरुकता | मुख्य विकास अधिकारी ने किया मतदाता जागरुकता अभियान को सफल बनाने का आह्वान

स्वीप लोगो के क्यूआर कोड का अनावरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत स्वीप लोगो के क्यूआर कोड का मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने अनावरण किया।

सीडीओ ने सभी से अपील करते हुए कहा कि स्वीप लोगो के क्यूआर कोड को स्कैनर के माध्यम से स्कैन कर डाउनलोड करें। स्वीप लोगो का सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए। डाउनलोड कर व्हाट्सअप पर अपनी डीपी के रूप में लगाएं। जनपद में मतदाता जागरुकता अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। इसका उद्देश्य जनपद के युवा मतदाताओं और शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना है। डैश बोर्ड के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन करके स्वीप लोगो को डाउनलोड करने की समीक्षा की जाएगी। जनपद के समस्त अधिकारियों से अपील की गई कि वह अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों से भी स्वीप लोगो को क्यूआर कोड के माध्यम से स्कैन करते हुए डाउनलोड कराएं। इस कार्य में समस्त विभागों में सर्वाधिक क्यूआर कोड आधारित स्वीप लोगो डाउनलोड करने वाले विभागो को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में चयनित किया जाएगा। इस दौरान डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे, कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

क्यूआर कोड के अनावरण में मौजूद मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव व अन्य। ● अमृत विचार

लोकसभा चुनाव लड़ेगी एआईएमआईएम

मुरादाबाद, अमृत विचारः लोकसभा चुनाव में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लेमीन मुरादाबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी जुट गई है। कई दावेदारों ने प्रदेश नेतृत्व के समक्ष टिकट के लिए आवेदन किए हैं। जिसमें एक पूर्व विधायक भी शामिल है।

एआईएमआईएम के महानगर अध्यक्ष वकी रशीद एडवोकेट ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद सीट पर एआईएमआईएम के प्रत्याशी के नाम की जल्द घोषणा हो जाएगी। उन्होंने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हुई परिषदीय विद्यालयों की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- निर्धारित समय से एक घंटा विलंब से पहुंची उत्तर पुस्तिकाएं

अमृत विचारः बेसिक शिक्षा परिषद के 1401 विद्यालयों में बुधवार से अव्यवस्थाओं के बीच वार्षिक परीक्षा शुरू हुईं। पहले ही दिन कई स्कूलों में अनियमितताएं हावी रहीं। परीक्षा देने के लिए बच्चे पहली पाली में निर्धारित सुबह 9:15 से पहले ही नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महलकपुर पहुंच गए थे। यहां प्रश्न पत्र और उत्तरपुस्तिकाएं न आने के कारण एक घंटे तक बच्चे इंतजार करते रहे। 10:30 बजे प्रश्न पत्र पहुंचा, लेकिन फिर दूसरी पाली का समय पास होने के कारण इसी पाली में पहली पाली का पेपर आयोजित कराया गया।

जिला स्तर से भेजे गए परीक्षा के प्रश्न पत्रों को न्याय पंचायत संसाधन केंद्रों के माध्यम से सभी स्कूलों को उपलब्ध कराया गया था। पहले दिन की पहली पाली में कक्षा दो के बच्चों की हिंदी की परीक्षा हुई। कक्षा तीन के बच्चों की सामाजिक विषय और कक्षा चार से आठवीं तक के बच्चों की गणित की परीक्षा हुई। दूसरी पाली दोपहर 12:15 से 2:45 तक कक्षा तीन से आठवीं तक के बच्चों की कला व संगीत की परीक्षा हुई। इस परीक्षा के लिए अधिकतर स्कूलों में प्रश्न पत्र ही नहीं पहुंचा। काफी देर इंतजार करने के बाद शिक्षकों ने ब्लैक बोर्ड और डिजिटल व्हाइट बोर्ड पर प्रश्न लिख कर परीक्षा ली। शिक्षकों के पढ़ाए अनुसार प्रश्नों का उत्तर छात्रों ने आसानी से पुस्तिकाओं में लिखा। उधर, दूसरी पाली में भी 20 मिनट बाद परीक्षा शुरू हुई।

एक नजर

महिला से मारपीट में ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर

मुरादाबाद, अमृत विचार : ईंट भट्ठे पर महिला से मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद मूंढापांडे थाना पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। बताया जा रहा है कि मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा में रामपुर के केमरी निवासी बाबू अपनी पत्नी के साथ छह साल से ईंट भट्ठे पर काम करते हैं। काम के दौरान बाबू ने ठेकेदार से पैसे लिए थे। उन्होंने किसी और को पैसे दिलवाए थे। निर्धारित समय बाद भी पैसे नहीं दिए तो ठेकेदार लईक अहमद ने मजदूरों की बाइक भट्ठे पर खड़ी करा ली। पैसे देने के बाद ही बाइक ले जाने की बात कही थी। ठेकेदार ने बाबू की पत्नी मोबीना के साथ मारपीट की थी। मारपीट का किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि महिला से मारपीट करने वाले ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी ठेकेदार को गिरफ्तार किया गया है।

होली के गीतों पर संगठन की सदस्याओं ने दी नृत्य की प्रस्तुति, अबीर-गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

पंजाबी महिला संगठन ने धूमधाम से मनाया होली उत्सव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पंजाबी महिला संगठन की ओर से बुधवार को होटल मानसरोवर पैराडाइज में होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सभी सदस्यों ने होली उत्सव का खूब आनंद लिया।

एक ओंकार एवं गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ उत्सव आरंभ हुआ। अध्यक्ष वीना अरोड़ा, सचिव मोना छाबड़ा और कोषाध्यक्ष साक्षी ने सभी को होली की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सिमरन, अंशु, कावेरी छाबड़ा और प्रियंका ने बहुत ही अच्छे ढंग से किया। इस दौरान गेम्स हाउसिंग एवं सरप्राइज पार्टी का आनंद लिया। होली के गानों पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

अबीर और गुलाल का टीका लगाकर सभी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नृत्य में भाग लेने वाले सभी महिलाओं को पुरस्कार दिया गया। इस दौरान शीतल चावला, रानी सिक्का, ऊषा, मीनू, रीमा शर्मा, सुनिता, कलन, सीमा आदि मौजूद रहीं।

दिल्ली रोड स्थित होटल में पंजाबी समाज के होली उत्सव में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

वहीं एक अन्य कार्यक्रम में देवालय, हरिद्वार रोड पर आयोजित रंग एकादशी सत्संग में आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि एकादशी हमारे जीवन के शोक, दोष, अपराधों को नष्ट कर भगवत कृपा की अधिकारी बनाती है।

असली निर्दोषता शरीर में या वाणी में नहीं होती, वह तो मन में होती है। बहुत मीठे बोलने वाले ठग सरल मनुष्यों को मीठी-मीठी बातों में फुसलाकर उनका सर्वस्व लूट लिया करते हैं। वहीं शारीरिक विनय और मधुर वचन निर्दोष हैं, जो निष्कपट हों और हित की शुद्ध इच्छा से प्रेरित होकर किये और बोले गये हों। जब तक विषय-चिंतन होता है, तब तक ऐसी निर्दोषता नहीं आ सकती। नाम जप सभी प्रकार के योगियों के लिये आवश्यक है। इस दौरान सतपालो देवी, आनन्द देवल, सीमा देवल, क्षितिज देवल, स्नेहा देवल, पल्लवी सिंह, श्वेताभ सिंह, वर्णित सिंह, होमचंद सिंह आदि मौजूद रहे।

रंग एकादशी के जुलूस में खूब उड़ा अबीर-गुलाल

ढोल-नगाड़ों की थाप और होली के गीतों पर झूमे लोग, जुलूस का महानगर में जगह-जगह हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर में बुधवार को रंग एकादशी का जुलूस निकाला गया। राष्ट्रीय पर्व होली समिति के तत्वावधान में 84 वर्षों से यह जुलूस निकाला जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी रंग एकादशी जुलूस गुड़िया मोहल्ला स्थित खत्री धर्मशाला से ढोल नगाड़े और भव्य मनमोहक झांकियों के साथ धूमधाम से निकाली गईं। लोगों ने अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी और होली के गीतों पर खूब झूमे।

खत्री धर्मशाला से शुरू जुलूस में लोग ढोल, नगाड़ों की थाप एवं झांकियों पर बजने वाले होली के गीतों पर झूमते नाचते नजर आए। कान्हा और राधिका की हुरियारी मस्ती में महानगरवासी सराबोर हो उठे। जुलूस में रंगों के पर्व की भव्य छठा छाई हुई थी।

इस दौरान सड़कें फूलों, रंगों एवं गुलाल-अबीर से सराबोर हो गईं। सुरक्षा की दृष्टि से साथ चल रहे पुलिस बल का भी अबीर गुलाल से तिलक कर स्वागत किया गया। एकादशी जुलूस में शामिल राधा-कृष्ण की फूलों वाली होली। चंदौसी व बरेली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत ब्रज की लठमार होली की झांकी शिव की बारात की झांकी, श्रीरामलला की झांकी मुख्य आकर्षण रही। भगवान गणेश की झांकी, नरसिंह भगवान की झांकी, चार घोड़ों पर सवार भारत के वीरों की झांकी, ढोल एवं बैंड की मधुर धुनों ने जुलूस को भव्यता प्रदान की। जुलूस का मार्ग में जगह-जगह सामाजिक संस्थाओं एवं व्यापारियों द्वारा स्वागत किया गया। नागरिकों ने घरों की छतों से फूलों की बरसात की। जुलूस खत्री धर्मशाला, पान दरीबा, मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखापुल, गंज गुरहट्टी, ताड़ीखाना चौराहा होते हुए बुधबाजार पुलिस चौकी पर संपन्न हुआ। इस मौके पर आजाद कुमार टंडन, विजय कुमार टंडन, रवि मेहरोत्रा, श्याम खन्ना, राकेश कुमार टंडन, नितिन टंडन एडवोकेट, कृष्ण मुरारी त्रिपाठी, जगदंबा प्रसाद शर्मा, शैलेश खन्ना, कमल अरोड़ा, सचिन टंडन, दिनेश टंडन, राजीव टंडन, राकेश कपूर, सुधीर पाठक व संजीव खन्ना उर्फ बंटी शामिल रहे।

रंग एकादशी पर निकले जुलूस में शामिल संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

परमेश्वर ही सत्य और प्रेम के प्रतीक : बाबा फुलसंदे

मुरादाबाद, अमृत विचार : एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा पवित्र मंत्र के सतपुरुष बाबा फुलसंदे वालो की कांशीराम नगर सिंगल स्टोरी पार्क में बुधवार को धर्म सभा का आयोजन हुआ। बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि परमेश्वर मैं सिर्फ तुमको ही चाहता हूं, केवल तुमको ही प्यार करता हूं। तुम्हारे सिवाय किसी दूसरे को नहीं।

परमेश्वर सिंहासन सत्य है सत्य के द्वारा सृष्टि की उत्पत्ति हुई है। नारायण विष्णु सत्य के द्वारा इस जगत का पालन करते हैं। सृष्टि स्थिति और संहार यह सब कुछ आदि पुरुष परमेश्वर के सत्य से घटित होता है। सारा संसार सत्य से प्रकाशित होता है। तीनों लोक में अग्नि, वायु, जल और आकाश दिखाई देने वाले पदार्थ में सभी सत्य के कारण दृश्यमान होते हैं। सत्य नारायण व्रत को इस कलयुग में सब पापों का नाश करने वाला और मुक्ति देने वाला बताया गया है। लेकिन, उसके अर्थ को कोई नहीं जानता। प्रवचन के उपरांत बड़ी संख्या में लोगों ने नाम दान लिया।

टीम ने छापेमारी कर लिए 15 नमूने

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: होली पर मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों की बिक्री रोकने व मिलावट के कारोबारियों पर सख्ती करने के लिए बुधवार को भी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने महानगर व ठाकुरद्वारा क्षेत्र में दुकानों पर जांच की। बेसन, खोया, पनीर सहित कुल 15 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। टीम की कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने महानगर के आर्यन इंटरनेशनल स्कूल खुशहालपुर रोड पर प्रमोद कुमार शर्मा के गणेश मिष्ठान व दूध भंडार पर छापेमारी की। यहां से संदेह के आधार पर खोया व दूध की बर्फी का नमूना संकलित किया। रिलायंस मार्ट स्टोर सेक्टर 6 ए बुद्धि विहार मझोला से बेसन व सरसों के तेल का नमूना टीम ने लिया। बसंत विहार मझोला के गुरु नानक दूध भंडार एवं स्वीट्स से पनीर का नमूना लिया। टीम ने जटपुरा ठाकुरद्वारा में शकील अहमद के किराना स्टोर से कचरी व यहीं के रईस अहमद की दुकान से बेसन का नमूना लिया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि टीम ने कुल 15 नमूने लिए। जिसमें बेसन के तीन, खोया के 4, पनीर के 2, तेल, मिठाई व नमकीन के एक-एक और कचरी के 2 नमूने लेकर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागीश मणि त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमपाल सिंह, पीके त्रिपाठी, एसएसडी सच्चन, अमिता जिज्ञासु, ज्योत्सना त्रिपाठी, जगदम्बा प्रसाद, धर्मपाल सिंह मौजूद रहे।

छापेमारी के बाद नमूनों को दिखाते सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन व अन्य।

अलग संगठन चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

मुरादाबाद, अमृत विचार: भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने बुधवार को भावाधस का संविधान दिवस मनाया। सर्व प्रथम ब्रहालीन वीरेश राज कुमार हमदर्द को श्रद्धांजलि दी गई।

उनके दिए संविधान पर संगठन में विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं में मुख्य रूप से कर्मवीर लल्ला बाबू द्रविड़ ने कहा कि लोग तो कहते हैं कि संगठन की स्थापना 1964 में हुई। लेकिन सही मायने में 1984 में हमदर्द ने इसका संविधान लिखकर रजिस्ट्रेशन कराया। उन्होंने कहा कि जो लोग भावाधस के नाम से अलग संगठन चला रहे हैं, वह सावधान रहे। शीघ्र ही उन पर कानूनी कार्रवाई होगी। इस दौरान डॉ. महेश, बलवीर सिंह भारती, राबर्ट चौधरी, विक्की बादशाह, सुनीष पारहा, दीपू पारछा, रामवीर, आदेश एडवोकेट, वरुण, इंद्रपाल, संजू, सतीश, विजय सिंह, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

लखनऊ की महिला को नशे की गोलियों के साथ गिरफ्तार किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नशे की गोलियां बेचते लखनऊ की एक महिला को मझोला पुलिस ने मंगलवार रात में गिरफ्तार किया है। इसे रामपुर बाईपास सर्विस रोड पर तिराहे से पकड़ा गया है। नीतू पत्नी संतोष लखनऊ में आलमबाग में मवैया फाटक के पास की रहने वाली है।

इस मामले में दरोगा ओमकार सिंह ने महिला के विरुद्ध मझोला थाने में स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के तहत एफआईआर भी दर्ज कराई है। उन्होंने इसे बुधवार को जेल भी भेज दिया है। दरोगा ने बताया कि रात में वह हमराह कांस्टेबल शिव कुमार और दीपक गौतम के साथ गश्त पर थे। वह जीरो प्वाइंट पाकबड़ा से पहले पहुंचे तो एक महिला रामपुर बाईपास सर्विस रोड से आती दिखी। रोकने पर वह भागने लगी। जिस पर उसे दौड़ाकर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपने पास नशे की गोलियां होना बताया। दरोगा ने बताया कि उन्होंने नीतू से 24 पत्तों में कुल 240 गोलियां बरामद की हैं। इनका कुल वजन 28.8 मिग्रा है। उन्होंने बताया कि इस महिला ने गोलियां किससे खरीदकर लाई, यह नहीं बताया है। दरोगा ने बताया कि आसपास पूछताछ में पता चला है कि यहां इसके साथ लखनऊ की तीन और वाराणसी की एक महिला रहती है। दरोगा ने बताया कि ये सभी महिलाएं घुमंतू हैं, जो अपना ठिकाना बदलती रहती हैं।

सास और देवर ने महिला को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पति की मौत के बाद विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से ही नहीं निकाल दिया बल्कि ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म का भी प्रयास किया। मामला मझोला थाना क्षेत्र में लाइनपार सरस्वती धर्मशाला इलाके का है। इस मामले में पीड़िता ने मझोला थाने में आरोपी ससुर, सास और देवर के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि वह लाइनपार मझोला थाना क्षेत्र में भोला नाथ ट्रेडर्स सरस्वती धर्मशाला वाली गली में रहती हैं। उन्होंने बताया उनके पति की 17 सितंबर 2022 को मृत्यु हो गई थी। पति की मौत के बाद उनके ससुराल वाले उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। देवर रवि दिवाकर, ससुर राम चरन सिंह, सास कमलेश ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। शोरगुल सुनकर मुहल्ले के लोग भी घर आ गए थे, जिस पर पीड़िता को थोड़ी राहत मिल गई थी। विवाहिता ने बताया कि आरोपी उसे पहने कपड़ों में बच्चों के साथ ससुराल से निकाल दिया है। इस मामले में मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है। अब इस मामले में विवेचना शुरू की जा रही है। आरोप सत्य पाए गए तो आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेंगे।

▸▸ पीड़िता ने ससुर पर लगाया छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने के प्रयास का आरोप

होली के रंग | म्यूजिकल पिचकारी, मुखौटे बने आकर्षण का केंद्र, कपड़ों की भी खरीदारी तेज

होली पर बाजार में स्वदेशी सामान की मांग बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर में होली का बाजार सज गया है। चारों ओर होली की धूम है। बाजार में पहले की तरह अब चाइनीज सामान नहीं दिख रहा, जबकि होली के लिए बाजार में स्वदेशी सामान छाया हुआ है। बिग मुखौटा, स्पाइडरमैन और एवेंजर मुखौटों से बाजार सज गया है।

25 मार्च को होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए बाजारों में खरीदारों की चहल-पहल बढ़ गई है। बुध बाजार, टाउनहॉल सहित अन्य बाजारों में खरीदारों की भीड़ देखने को मिल रही है। बाजारों में इस बार स्वदेशी सामान की मांग अधिक है। दुकान जाकर लोग पूछते है कि यह सामान चाइनीज तो नहीं है। बाजार में बच्चों के लिए म्यूजिकल पिचकारी, आकर्षक मुखौटे, म्यूजिकल ग्लास समेत अबीर-गुलाल का रंग बिकना शुरू हो गया है। खास बात यह है कि हर्बल रंग के साथ ही ग्राहक स्वदेशी सामान को मांग कर ले रहे हैं। बुधबाजार के व्यापारी सतीश ने कहा कि दुकान पर पिचकारी 20 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की उपलब्ध है। अधिकांश लोग 20 से 100 रुपये तक ही पिचकारी खरीदते हैं। साधारण रंग गुलाल 20 रुपये का 250 ग्राम से शुरू हो जाता है। उधर, हिंदुओं के प्रमुख त्योहार होली पर कपड़ों का बाजार भी सज गया है। इस बार गतवर्ष की अपेक्षा कपड़ों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। अधिकतर लोग होली पर नए कपड़ों की खरीदारी करते हैं। ऐसे में ब्रांडेड से लेकर सामान्य वर्ग के दुकानदारों ने पहले से ही पर्याप्त कपड़ों का भंडारण कर रखा था। इस बार ब्रांडेड कपड़ों के शोरूम में भी कुर्ता-पायजामा की बिक्री हो रही है।

होली के लिए दुकान में पिचकारी पसंद करती बच्ची। ● अमृत विचार

ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसे:-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)

दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

एक नजर

अगवानपुर में रंग एकादशी का जुलूस निकाला

अगवानपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत में रंग एकादशी का जुलूस प्रेम व भाईचारे के साथ निकाला गया, जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। बुधवार को बैंडबाजा के साथ राम मंदिर से रंग एकादशी जुलूस निकाला गया। जुलूस राम मंदिर से शुरू होकर मोहल्ला पुरानी पुलिस चौकी, मोहल्ला विश्नोईयान, मोहल्ला मेन मार्केट, मोहल्ला कायस्तान से होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरा। लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली खेली। जुलूस में अंशुल गुप्ता, डॉ.मुकेश कुमार, डॉ.राकेश कुमार, प्रदीप विश्नोई, प्रवेश कुमार, मुकेश कुमार, सरजू विश्नोई, वरुण गुप्ता, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

40 लीटर कच्ची के साथ युवक पकड़ा गया, चालान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : पुलिस ने एक व्यक्ति को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। खेरुल्लापुर से जसपुर जाने वाले मार्ग पर नाकंबदी कर एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। उसके पास 40 लीटर कच्ची शराब मिली। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अज्जु पुत्र रामकेश निवासी खेरुल्लापुर बताया है।

तेंदुए ने भैंस के बच्चे को किया घायल

कांठ, अमृत विचार : नगर पंचायत उमरी कला में तेंदुआ ने भैंस के बच्चे को घायल कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ गन्ने के खेतों में चला गया। मंगलवार की रात लगभग दो बजे नागलिया कुरैशियान मस्जिद के सामने जियाउल हसन के घर में तेंदुआ भैंस को बुरी तरह से घायल कर दिया। जब भैंस के बच्चे ने उछल-कूद की तो परिजनों की आंख खुल गई। उन्होंने उठकर देखा तो तेंदुआ बच्चों को लिपटा हुआ था। शोर मचाने व पत्थर फेंकने पर वह घर से निकल कर जंगल की तरफ चला गया। ऊमरी कला निवासी जावेद अहमद ने बताया कि यह दूसरी घटना है। कुछ दिन पूर्व शकील अहमद के घर पर तेंदुए ने घर में घुसकर दो बकरियों को अपना निवाला बना लिया था। उनको भी 10 महीने पूरी तरह घायल कर दिया था। यह दूसरी बार घटना हुई है। इस घटना को लेकर वन विभाग व अन्य अधिकारियों के पास जावेद अहमद द्वारा कई बार फोन किए गए लेकिन, कोई भी व्यक्ति घटना की जानकारी लेने अगले दिन शाम तक भी नहीं पहुंचा।

रंग एकादशी के जुलूस में खूब उड़ा अबीर और गुलाल, पुलिस सतर्क

काबली साहब के घेर से जुलूस शुरू हुआ, सतीश कुमार शर्मा ने विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर जुलूस रवाना कराया

संवाददाता, कांठ

अमत विचार: नगर में रंग एकादशी का जुलूस परंपरागत रीति रिवाज के अनुसार निकला। इस दौरान पुलिस की कड़ी निगरानी रही। काबली साहब के घेर से जुलूस शुरू हुआ, जहां सतीश कुमार शर्मा ने पूजा-अर्चना कर जुलूस को रवाना कराया। पूजा में आनंद कुमार विश्नोई, अनिल कुमार विश्नोई, नरेश यादव, चंदर विश्नोई, नन्हे सिंह पहलवान, पवन भउइयार, राजू विश्नोई, अभय आदि शामिल हुए।

जुलूस न्यादर चौराहा, मुख्य बाजार, रोडवेज, श्रीरामलीला मंदिर, मोहल्ला फकीरगंज, पुराना डाकघर, पट्टीवाला, सैनी धर्मशाला मार्गों से गुजरा। युवा वर्ग में अत्यंत उत्साह दिखाई दिया। ढोल एवं डीजे की धुनों पर युवक नृत्य कर रहे थे। युवकों ने अबीर गुलाल उड़ाया तथा एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। जुलूस में ट्रैक्टर- ट्राली पर मौजूद युवक और बच्चे टेशू का रंग परस्पर फेंक रहे थे।

शोभायात्रा में भाजपा जिला महामंत्री राजन विश्नोई, महेश चंद गुप्ता, गौरव विश्नोई, पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, पिंटू विश्नोई, विशाल विश्नोई, आकाश शर्मा, आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ रनवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज यशवीर सिंह सहित भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।



डीजे की धुन पर थिरकते युवा। ● अमृत विचार

▸▸ बच्चे एक दूसरे पर टेशू का रंग फेंक रहे थे, कर रहे थे मस्ती

महिलाएं समूह में एक-दूसरे को बधाई देतीं हुईं। ● अमृत विचार

हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप की सदस्यों ने जमकर खेली गुलाल की होली

बिलारी, अमृत विचार : हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप की महिलाओं ने होली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें सदस्यों ने फूलों की होली खेली। उसके बाद एक दूसरे को गुलाल लगाकर उत्सव की बधाई दी। बुधवार को मोहल्ला महाजन स्थित राजीव गुप्ता के आवास पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं ने नृत्य प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, साथ ही हाओजी व सरप्राइज गेम का आनंद लिया। आरंभ में मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित किया गया। राधा-रानी, ब्रज के गीत प्रस्तुत किया गया। अंत में महिलाओं ने फूलों की होली खेली। एक- दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी। कार्यक्रम में उमा अग्रवाल, सरिका गुप्ता, खुशबू गुप्ता, चंचल सिंघल, सारिका अग्रवाल, निधि शर्मा, कनिका गुप्ता, तनु शर्मा, दीपा गुप्ता, पल्लवी गुप्ता इत्यादि महिलाएं उपस्थित रहीं। पल्लवी गुप्ता ने ग्रुप मेंबर्स का आभार व्यक्त किया।

शोक रंग एकादशी पर नगर में निकाला पारंपरिक जुलूस

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : रंग एकादशी पर नगर से लेकर देहात क्षेत्र में जुलूस निकाला गया। लोगों पर रंग डालकर और गुलाल का टीका लगाकर होली पर्व की शुरूआत की गई। बुधवार को होली कमेटियों के सदस्य एकत्र हुए और जुलूस के रूप में पहले उन परिवारों में पहुंचे, जिनके वहां बीते वर्ष मृत्यु हुई थी। ऐसे परिवारों में जाकर उनको रंग लगाकर शोक एकादशी मनाई गई। नगर के होली का मंदिर से मोहल्ला जमुनावाला, रामलीला मैदान, खाकेश्वर मंदिर, बड़ा बाजार, पीपल टोला, मुख्य बाजार, बाजार गंज आदि मोहल्लों में पहुंच कर लोगों को रंग लगाकर पर्व की शुरुआत की। इस तिथि को अमल की एकादशी भी मानी गई है, इसमें उपवास रखने मात्र से ही व्यक्ति को स्वर्ग और मोक्ष दोनों ही प्राप्त होते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार अमल की एकादशी का उपवास रखने से मनुष्य को 1,000 गो दान के बराबर पुण्य प्राप्त होता है।

ट्रैक्टर के टुकड़े कर दो घरों में घुसा ट्रक, पांच घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/मैनाठेर

अमृत विचार : मुरादाबाद-संभल मार्ग पर मैनाठेर में बजरी से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने सीमेंट से भरी ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए और ट्राली पलटने से उसमें भरे सीमेंट के कट्टे हाई-वे पर बिखर गए। अनियंत्रित हुआ ट्रक सड़क किनारे बने दो घरों में भी जा घुसा, इससे दोनों घर भी क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में ट्रक और ट्रैक्टर-ट्राली चालक और महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

घटना के एक घंटे बाद मौके पर पहुंची मैनाठेर पुलिस के प्रति लोगों में गुस्सा भी देखने को मिला। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत अभी गंभीर बताई जा रही है। घटना बुधवार सुबह 5:35 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद मार्ग पर काफी देर तक जाम भी लगा रहा। ट्रैक्टर-ट्रॉली घर में जा घुसा। इससे एक महिला भी हादसे में घायल हुई है। राहगीरों की भीड़ जमा हो गई थी। ट्रक की बॉडी में फंसे चालक आकिल एवं आमिर को ग्रामीणों की मदद से निकाला गया, उन्हें जिला अस्पताल लाया गया है।

आकिल व आमिर संभल जिले के रायसत्ती के निवासी हैं। डॉक्टरों ने घायल ट्रैक्टर चालक कुलवंत और मजदूर की हालत गंभीर बताई है। मौके पर मौजूद मोहम्मद आसिफ ने मैनाठेर थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार शर्मा को फोन कर सूचना दी थी लेकिन, घटनास्थल पर पुलिस एक घंटे देरी से पहुंची। लोगों ने बताया कि हादसा सुबह 5:35 बजे हुआ, जबकि मैनाठेर थाने की पुलिस घटनास्थल पर 6:35 बजे आई। वैसे घटनास्थल से थाना केवल 100 मीटर की दूरी पर है। सीओ बिलारी राजेश कुमार घटनास्थल पर 7:34 बजे आए थे। थाना पुलिस को आने में देरी देखते हुए राहगीरों ने पुलिस चौकी डींगरपुर इंचार्ज को सूचना दी थी। सीओ राजेश कुमार ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

हादसा के बाद आसिफ के घर के बाहर लोगों से पूछताछ करती पुलिस।

ट्रैक्टर चालक ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। इस हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार दो लोग और ट्रक पर चालक व खलासी कुल चार लोग घायल हैं। घटनास्थल से 100 मीटर की दूरी पर थाना है। जैसे सूचना मिली हम पहुंच गए थे।

- सर्वेंद्र कुमार शर्मा, थानाध्यक्ष-मैनाठेर

हादसा

▸▸ **मैनाठेर में सुबह 5:35 बजे हादसा, सीमेंट की बोरियां बिखरने से काफी देर तक रुका रहा आवागमन**

मुरादाबाद की ओर से आ रहा था, जबकि बजरी से भरे ट्रक ने ओवरटेक कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे बने एक घर की दीवार तोड़ते हुए दूसरे

आसिफ के घर सामने नाला होने से बच गईं कई जानें

हादसे की वजह ट्रक चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। आसिफ हुसैन के घर सामने नाला है। इसमें ट्रक के अगले पहिया पार होकर मोहम्मद आसिफ हुसैन और इनके पड़ोस में बिलकिस के घर में जा घुसे। गनीमत रही कि ट्रक के पिछले पहिया उसी नाले में फंस गए थे तो ट्रक आगे नहीं बढ़ सकी। बिलकिस उस समय अपने घर के आंगन झाड़ू लगा रही थीं। जबकि, आसिफ के घर में उनकी मां नमाज अदा कर रही थीं और अन्य महिलाएं व बच्चे कमरों में थे। आसिफ हुसैन व उनके भाई मोहम्मद सलीम नमाज अदा करने गए थे। इसलिए ट्रक की टक्कर घर की दीवार की ईंट उछलने से बिलकिस जरूरी घायल हो गई हैं। वैसे आसिफ के घर के बाहर बना शौचालय पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है।

रंग एकादशी का जुलूस निकालते हुए लोग। ● अमृत विचार

परंपरागत मार्ग पर निकला रंग और गुलाल का जुलूस

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: रंग एकादशी जुलूस परंपरागत मार्ग से निकाला गया। लोगों ने एक दूसरे पर रंग गुलाल उड़ाया। जुलूस ऐसे स्थानों पर गया, जहां पर परिवार के लोग इसी साल दिवंगत हुए। उनके घर पर से जाकर शोक उठाया गया।

झंडा चौक से जुलूस की शुरुआत हुई। ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस में शामिल लोग एक दूसरे पर रंग गुलाल उड़ाते हुए चले। पं.रामनिवास शर्मा के नेतृत्व में रंग एकादशी का जुलूस निकाला गया। यात्रा में पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, व्यापारी नेता राकेश जैन, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, नरेंद्र चंचल, सचिन शर्मा, तरुण कपूर, अमित गुप्ता, अभिषेक पांडे, छविराज चावला, सचिन चौहान, गौरव चौहान, विशाल प्रजापति मौजूद रहे।

कलश विसर्जन से श्रीमद्भागवत कथा का समापन

संवाददाता, डिलारी

अमृत विचार: क्षेत्र के धारक नंगला गांव के रामलीला मैदान में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ का बुधबार को हवन, कलश विसर्जन और शोभायात्रा के साथ समापन हो गया। कथास्थल पर रखे जल से भरे कलश पात्रों को स्थानीय महिलाओं व कुंवारी कन्याओं द्वारा रामगंगा तट पर ले जाकर विसर्जित किया गया।

श्रद्धालुओं का उत्साह और ऐसा मनोरम वातावरण देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा में शामिल कथा वाचिका स्तुति ने सभी ग्रामवासियों को आशीर्वाद दिया। कथा व्यास ने गुरुजनों एवं माता-पिता को सम्मान, गोसेवा, वृद्ध, गरीब, असहाय, मंदबुद्धि की मदद की सीख देते हुए सदैव परोपकार का सुझाव दिया। कहा, इस प्रकार के आयोजनों से गांव का माहौल पवित्र, धार्मिक बन जाता है। ग्रामीणों में आपसी सहयोग, प्रेम व परोपकार की भावना आती है। आयोजन समिति के सदस्यों को भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक आयोजन में संभव मदद करने की बात कही।

कथा में गीता सैनी, प्रवेश देवी, चंचल, मूर्ति देवी, उर्मिला देवी, विमला देवी, क्रांति ने भाग लिया। आयोजन में मोहन सैनी, बलवंत सिंह, जसवंत कश्यप, किलोन चंद्रा, विनोद सैनी, प्रेमपाल सिंह, राम सिंह, धर्मोल सिंह, सुनील शर्मा, अतुल शर्मा ने योगदान दिया।

कलश यात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

▸▸ **गुरुजन, माता- पिता को सम्मान, गोसेवा और सदैव परोपकार का सुझाव दिया**

जहां स्वच्छता-पवित्रता वहीं भगवान निवास करते हैं

बिलारी, अमृत विचार : अमरपुर काशी की श्रीराम कथा में व्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने बताया कि जहां स्वच्छता-पवित्रता रहती है, भगवान वहीं निवास करते हैं। कथा श्रवण से भक्त भवसागर से पार हो जाते हैं। मनुष्य की जीवन नैया पार हो जाती है, इसलिए प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में समय निकालकर प्रभु श्रीराम की कथा जरूर सुननी चाहिए। कथा व्यास ने बताया जो भक्त नियमित रूप से पूजा-अर्चना, संध्या- उपासना करता है, उसके काम रुकते नहीं हैं। प्रभु उस पर अपनी कृपा बरसाते रहते हैं। बताया कि जरूरी नहीं कि हम सब काम छोड़ कर पूजा-पाठ करें। गृहस्थ आश्रम में रहते हुए, उपार्जन के कार्य करते हुए हरे राम हरे राम हरे राम राम राम राम, हरे कृष्णा कृष्णा हरे हरे संकीर्तन का जाप करते रहें। भगवान भी उसी घर में निवास करते हैं, जहां स्वच्छता एवं पवित्रता होती है। भगवान भाव के भूखे होते हैं। संत रविदास एव संत कबीर अपना कार्य करते हुए प्रभु की भक्ति करते रहे। समाज उनके पद चिन्ह पर चलता है। सर्वप्रथम मुख्य द्वार पर व्यास के आगमन पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। सभी भक्तों को तिलक लगा। प्रारंभ होने से पहले यजमान ओम शास्त्री द्वारा व्यास पीठ का वैदिक मंत्रों के बीच पूजन कराया गया। कथा में विजयपुर ग्राम प्रधान बृजबाला, ठाकुर बलवीर सिंह, निर्मल प्रजापति, राजेश दिवाकर, सुरेंद्र सिंह, जगन्नाथ यादव, रेनू सिंह, लक्ष्मी ठाकुर, शकुंतला देवी चौहान, द्रौपदी सिंह, मचरण सिंह, पुष्पेंद्र पाल सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।

श्रीराम कथा के बाद प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

ईंट-भट्ठे से युवती को लेकर युवक फरार, रिपोर्ट दर्ज

कुंदरकी, अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव स्थित ईंट भट्ठे से युवती को बहला फुसला कर भगा कर ले जाने के मामले में पुलिस ने युवक सहित दो अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। भट्ठे पर काम करने वाला युवक युवती को भगा ले गया। युवती के भाई के अनुसार उसके माता-पिता और तीन बहनें थाना क्षेत्र के एक भट्ठे पर ईंट थपाई करती हैं, वहीं पर आरोपी युवक भी काम करता है। मंगलवार की दोपहर वह अपने फूफा-फूफी की मिलीभगत से उसकी बहन को भगाकर ले गया।

ट्रैक्टर ने मारी बाइक को टक्कर, रेफर किया

कुंदरकी, अमृत विचार : बुधवार की देर शाम मुरादाबाद चंदौसी नेशनल हाई-वे बाईपास स्थित जैतपुरपट्टी संपर्क मार्ग के सामने अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक चालक जीशान निवासी बिलारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भेज दिया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

नीलगाय की मौत के मामले में उप जिलाधिकारी को ज्ञापन

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: गो- रक्षक संगठन के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नीलगाय की मौत प्रकरण को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदार बताया गया है। संगठन के राजू यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि डी पॉल स्कूल रुस्तमनगर सहसपुर के पास नीलगाय का एक्सीडेंट हो गया, जिसकी सूचना संगठन को मिली।

मौके पर पहुंची टीम के सदस्यों ने पशुपालन विभाग के डॉक्टर से संपर्क कर नीलगाय का उपचार कराया। टीम को सूचना मिली कि यह काम वन विभाग या नगर पालिका के अंतर्गत आता है, इसके बाद संगठन के राजू यादव ने नगर पालिका से भी संपर्क किया। एक घंटे बाद नगर पालिका के जिम्मेदार ने फोन उठाना भी बंद कर दिया। सुबह से दोपहर तक वीडीओ व एडीओ ने कहा कि इस मामले को हम देख लेंगे लेकिन, उन्होंने भी अपने हाथ खड़े कर दिए। कहा, यह कार्य वन विभाग करेगा। अधिकारियों की लापरवाही की वजह से बेजुबान की मौत हो गई। संगठन ने मांग की है कि मामले में संज्ञान लेकर प्रशासन और शासन उचित कार्रवाई करे, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन देने में राज यादव, अशोक कुमार, उमेश यादव ,सुमित यादव ,अंकित यादव, देवेंद्र यादव, अनमोल यादव आदि शामिल रहे।

▸▸ **गो-रक्षक संगठन का आरोप एक दूसरे पर जिम्मेदारी थोपते रहे अधिकारी**

उच्च प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: उच्च प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय पर विभिन्न मॉडल तैयार कर प्रदर्शित किया।

ग्रीन हाउस प्रभाव, वर्षा, जल संचयन, हृदय के कार्य, दातों के प्रकार, प्रकाश संश्लेषण विषय पर डोली, सोनी, अंजू, मानवी, कुसुम, अरीबा, रियान, शरद, जैद, अंजलि, सुमैया, काशिफा, इल्मा आदि के मॉडल प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी में कार्यक्रम ग्राम प्रधान सचिन चौधरी ने छात्र- छात्राओं के मॉडलों को सराहना की। कहा, विद्यार्थी हमेशा कुछ नया करने की सोचें। इसी में अपनी ऊर्जा लगाएं।

आयोजक सहायक अध्यापिका योगिता ने कहा कि यह प्रदर्शन विद्यार्थी में न केवल कला अपितु विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करेगी। कुछ समय पहले ही राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर हुए जनपद स्तरीय विज्ञान महोत्सव में विद्यालय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था। जबकि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना प्रतियोगिता में जनपद व ब्लाक स्तर पर विद्यालय की अंजुमन और जारा ने विज्ञान मॉडलों मे द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया था। विज्ञान प्रदर्शनी में सभी आंगनबाड़ी, रसोईया प्रधान समिति के अध्यक्ष नरेश व अभिभावक उपस्थित रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

ट्रक ने ट्रक में पीछे से मारी टक्कर, परिचालक गंभीर

छजलैट, अमृत विचार: बुधवार की प्रातः नींद की झपकी आने पर एक 14 टायर ट्रक के चालक ने पहले से ही खराब पड़े 16 टायर वाले ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों वाहनों के परिचालक घायल हो गये। बेहतर उपचार के लिए दोनों परिचालकों को मुरादाबाद भेज दिया गया है। ट्रक संख्या यूपी-20 (एटी) 9777 का चालक प्रमोद कुमार उड़ीसा से माल भरकर मुरादाबाद-छजलैट हाइवे से मुजफ्फरपुर जा रहा था। बुधवार की प्रात तीन बजे करीब क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर बाजार के पास चालक को झपकी आ गई, जिससे ट्रक अनियंत्रित हो गया।

ट्रक ने पहले से खराब पड़े ट्रक संख्या एचआर-58(सी) 6805 में पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें बैठा परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे यात्रियों की सहायता से केबिन से बाहर निकाला गया।

पहल | बाल विकास परियोजना अधिकारी निगार अंजुम की देखरेख में हुआ कार्यक्रम

महिलाओं की गोद भराई कर बच्चों का अन्नप्राशन कराया

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: पोषण पखवाड़ा के तहत सलेमपुर गांव में बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। 10 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी निगार अंजुम ने कार्यक्रम की देखरेख की यह कार्य हुआ।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने 10 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई और जो बच्चे 6 महीने के हो चुके हैं ऐसे 10 बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया।

बाल विकास परियोजना ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री इस बात का पूरी तरह ध्यान रखें कि गर्भवती महिलाओं को पोषण पखवाड़े के अंतर्गत पौष्टिक आहार खाने-पीने के लिए जागरूक करें। पौष्टिक आहार खाने पीने से बच्चा स्वस्थ रहता है और उसे कुपोषण से बचाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों को कुपोषण से बचने के लिए अनेक तरह की योजनाएं चलाकर उन्हें पौष्टिक आहार खिलाने एवं पिलाने के लिए विभाग द्वारा दिए जा रहे हैं। कुपोषण को मिटाना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सचिन चौधरी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री नीरू विश्नोई, ज्योति शरण मेहता, परवीन, मधुबाला, सारिका विश्नोई, भावना विश्नोई, आयशा खातून, नीतू यादव, बबीता रानी, सुषमा शर्मा, उषा देवी, पूनम, सुनीता, अनीता, शशि यादव, नरगिस, चंद्रप्रभा, उपदेश, आमना आदि महिलाएं उपस्थित रही।

गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री व अन्य।

एसडीएम ने प्रधान लेखपाल और पंचायत सचिव को दिये निर्देश

कांठ, अमृत विचार : एसडीएम ने लेखपाल, प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक की। सभी गोशाला में गोवंशों को हरा चारा, खल, चोकर एवं पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि गर्मी शुरू हो गयी है। ऐसे में सभी गोशालाओं में पशुओं की देखभाल के लिए सभी ग्राम प्रधान केयरटेकर समय से भेजें, जिससे पशुओं को हरा चारा एवं खल चोकर तथा पेयजल की समस्या न हो। चारा की कुट्टी काटने के लिए मशीन लगवा दी गई हैं। लेखपाल ग्राम समाज की भूमी से अवैध कब्जे हटवा कर उनमें चारा की बोआई कराकर गोवंशों को चारा की व्यवस्था करायें। पंचायत सचिव लेखपाल ग्राम प्रधान सभी अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

एक नजर

नैतिक पार्टी के युवा इकाई के अध्यक्ष का स्वागत

अमरोहा, अमृत विचार : मोहल्ला जाफरी में कांग्रेस पार्टी के मीडिया सेल के प्रदेश सचिव इंतेजार मेंहदी नकवी के निवास पर कांग्रेस पार्टी व नैतिक पार्टी की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में नैतिक पार्टी युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पयम्बर रजा जैदी का स्वागत किया गया। बैठक में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इस समय इंडिया गठबंधन की लहर है। खास कर युवाओं से आह्वान किया कि आप मेहनत कर इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएं। कांग्रेस पार्टी मीडिया सेल के प्रदेश सचिव इंतेजार मेंहदी ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में युवाओं का बहुत उत्साह रहा। नौजवान कांग्रेस पार्टी के साथ है। बैठक में मीसम जैदी, वसीम नकवी, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद हैदर, मोहम्मद आसिफ, अब्बास हैदर आदि मौजूद रहे।

आचार संहिता के बाद भी खंभे पर लगे हैं होर्डिंग्स

सैदनगली, अमृत विचार : सैदनगली में राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स और पोस्टर खंभों पर लगे हुए हैं। चुनाव आचार संहिता लगने के बाद भी इन्हें नहीं हटाया गया है। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद पोस्टरों को हटाया गया था, लेकिन कई जगह पोस्टर अभी भी लगे हैं। क्षेत्र में भाजपा, कांग्रेस, बसपा समेत अन्य दलों के होर्डिंग्स पोस्टर लगे हुए हैं। उप जिलाधिकारी भगत सिंह का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल कराई जाएगी। अगर कहीं पोस्टर लगे हैं,तो उनको हटवाया जाएगा।

डीजे पर अश्लील गाने बजाने पर होगी कार्रवाई

सैदनगली, अमृत विचार : थाना पुलिस ने बुधवार को थाना परिसर में डीजे संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में थाना अध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि होली पर कोई भी ऐसा गाना न बजाएं, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो। अगर ऐसा हुआ तो कार्रवाई की जाएगी। इस समय लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगी हुई है। इसलिए किसी भी कीमत पर माहौल नहीं बिगड़ना चाहिए। कोई भी डीजे संचालक आपत्तिजनक, भड़काऊ और अश्लील गीत संगीत नहीं बजाएगा। इसके अलावा किसी राजनीतिक पार्टी के गाने नहीं बजेंगे। डांस के दौरान कोई भी व्यक्ति हथियार का प्रदर्शन नहीं करेगा। इसके साथ ही थाना अध्यक्ष ने होली का त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।

प्रशासन की प्राथमिकता निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव : डीएम

28 से शुरु होगा नामांकन, मतदान प्रतिशत बढ़ाने को बनेंगे पिंक बूथ, महिला बूथ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त प्रेस वार्ता कर लोकसभा चुनाव संबंधित जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा इस बार त्योहार के रूप में लोकसभा चुनाव में मतदान करें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बूथों को सजाया जाएगा। दिव्यांगों की सुविधा के लिए अलग से बूथ बनाए जाएंगे।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। जो भी लोग चुनाव में बाधा डालने का प्रयास करेंगे, उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। निवार्चन आयोग के लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद बुधवार को जिलाधिकारी

कलेक्ट्रेट सभागार में जानकारी देते जिलाधिकारी राजेश त्यागी। ● अमृत विचार

व पुलिस अधीक्षक ने कलक्ट्रेट सभागार में कहा कि दूसरे चरण में अमरोहा लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। अब बिना अनुमति के कोई भी रैली, सभा आदि नहीं कर सकेगा। प्रशासन पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। 28 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उम्मीदवार पर्चा खरीद सकेंगे। जबकि चार अप्रैल को नामांकन करने की आखिरी तारीख होगी। इसके बाद पांच व छह अप्रैल को नामांकन प्रपत्रों की जांच होगी। आठ अप्रैल को नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। 26 अप्रैल को मतदान और मतगणना चार जून को होगी। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव में खलल डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगी। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की धार्मिक सांप्रदायिकता फैलाने, मतदाताओं को प्रलोभन देने आदि पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रेस कॉफ्रेंस में एडीएम वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह, डिप्टी कलक्टर विभा श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं।

जिलाधिकारी ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र में 17 लाख, 13 हजार 154 मतदाता हैं। जिसमें से 906779 पुरूष एवं 806318 महिला व 57 थर्डजेंडर, 85 वर्ष से अधिक आयु के 9545 तथा दिव्यांग 12048, सर्विस मतदाता 4079 हैं। जनपद अमरोहा में कुल 51 थर्डजेंडर, 85 वर्ष से अधिक आयु के 7234 तथा दिव्यांग 9950 और सर्विस मतदाता 2547 है। लोकसभा क्षेत्र में 1097 मतदान केंद्र तथा 1856 मतदेय स्थल है। जबकि अमरोहा में 910 मतदान केंद्र तथा 1486 मतदेय स्थल है।

कलेक्ट्रेट परिसर का किया निरीक्षण

अमरोहा, अमृत विचार : बुधवार को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव के नामांकन प्रक्रिया में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे एवं सुरक्षा उपकरण अधिक आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गईं गाइडलाइंस का पालन कराने को लेकर निर्देश दिए। कहा कि नामांकन के लिए आने वाले सभी प्रत्याशियों को चेकिंग के बाद ही अंदर प्रवेश मिलेगा।

13,000 अधिकारी और कर्मचारी कराएंगे चुनाव

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में सुरक्षा की दृष्टि से जिले को 11 जोन और 110 सेक्टर में बांटा गया है। जबकि मतदान के लिए 1,486 बूथ बनाए गए हैं। चुनाव के लिए 13,000 से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से मतदान केंद्रों को संवेदनशील, अति संवेदनशील व अति संवेदनशील प्लस की श्रेणी में बांटने की प्रक्रिया जारी है। 4000 से अधिक कर्मचारी की ड्यूटी मतदान कर्मियों के रूप में लगाई गई है। अमरोहा मंडी समिति से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी। मतदान के बाद एवं मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखी जाएगी। मतगणना मंडी समिति में कराई जाएगी। वहीं मतदान से पहले पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। चुनाव के लिए मास्टर ट्रेनर नियुक्त कर दिए गए हैं।

ईवीएम और वीवीपैट का कराया रेंडेमाइजेशन

अमरोहा, अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैट का रेंडेमाइजेशन हुआ।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष वोटिंग मशीनों का प्रथम रेंडेमाइजेशन किया। इसके तहत जनपद के कुल मतदान केंद्र 1486 के कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट का रेंडेमाइजेशन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि दूसरा रेंडेमाइजेशन प्रेक्षक की उपस्थिति में कराया जाएगा। जबकि तीसरा मतदान से कुछ दिन पहले होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह, उपजिला अधिकारी सदर सुधीर कुमार, नौगांवा हसनपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के जुड़े हुए प्रतिनिधि बैठक में मौजूद रहे।

सरकारी कार्यालयों में बंद हो किसानों का शोषण

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत प्राचीन शिव मंदिर आदमपुर के प्रांगण में हुई। पंचायत की अध्यक्षता नौरंग सिंह ने और संचालन सुरेंद्र कुमार शर्मा ने किया।

पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष टीटू त्यागी ने कहा कि सरकारी विभागों में किसानों का शोषण हो रहा है। प्रथमा बैंक औगारपुर शाखा द्वारा किसानों का शोषण रोका जाए। कहा कि छुट्टा पशुओं को तत्काल पकड़कर गोशाला भिजवाया जाए। चकबंदी विभाग किसानों का आर्थिक शोषण न करें और ईमानदारी से काम करें। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में नई तहसील बनाई जाए।

इस मौके पर नानक सिंह, महेश, सुरेंद्र शर्मा, हरदयाल, सुरेश, प्रकाश, टीटू त्यागी, जयपाल सिंह, अमर सिंह, चौधरी सुरेश, प्रकाश सिंह खड़गवंशी, निगम त्यागी आदि किसान मौजूद रहे।

हसनपुर में भाकियू असली की पंचायत में बोलते चौधरी चेतन सिंह। ● अमृत विचार

गजरौला में प्रदर्शन करते भाकियू चढ़ूनी के सदस्य। ● अमृत विचार

पंचायत में विद्युत विभाग के खिलाफ रोष जताया

हसनपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली की पंचायत में किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। किसानों का आरोप है कि विद्युत विभाग के कर्मचारी चेकिंग एवं बिल सही करने के नाम पर किसानों का आर्थिक एवं मानसिक शोषण कर रहा है। अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति में भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत का आयोजन हुआ। जिला उपाध्यक्ष चौधरी चेतन सिंह ने कहा की क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, जो किसानों की फसल को नष्ट करने के साथ ही किसानों पर हमला कर उन्हें घायल भी कर रहे हैं। पंचायत की अध्यक्षता राजपाल सिंह ने की तथा संचालन महासचिव परम सिंह ने किया। पंचायत में चौधरी समर सिंह, खजान सिंह, जय सिंह, मुरली सिंह, इसरार सैफी, इमरान, मेवाराम, अलीमुद्दीन सैफी, शकील, राहुल चौधरी, ब्रह्मपाल सिंह, हसरत अली, महेंद्र सिंह, राजपाल सिंह आदि रहे।

स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करे सरकार

गजरौला, अमृत विचार : भाकियू चढ़ूनी की बुधवार को चार गांवों में पंचायत हुई। चारों गांवों में कार्यकारिणी बनाई गई। हुसंगपुर गांव के किसानों ने कहा कि फसलों के उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं। बिजली विभाग किसानों का शोषण कर रहा है। 10 साल पहले सरकार ने किसानों से वादा किया था। सरकार आएगी तो स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करेंगे, लेकिन अब तक रिपोर्ट नहीं लागू की गई। किसानों ने केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाकर नारेबाजी भी की। जिला अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि किसानों को गांव-गांव जाकर जागरूक किया जाएगा। बैठक में रवि चौधरी, जगदेव सिंह, अजीत चौधरी, यशपाल सिंह, भारतपाल सिंह, हरपाल सिंह, श्यामलाल रामप्रसाद सिंह, बबलू हुकम सिंह, रोशन सैनी, भ्रम सिंह, सुरेश सिंह, शीशपाल सिंह, राजपाल सिंह, चरण सिंह, विक्की चौधरी, मनदीप चौधरी, महावीर सिंह, मुनित चौधरी, नितिन चौधरी, अनुज चौधरी मौजूद रहे।

चोरी की छह बाइकें बरामद एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : पुलिस ने बाइक चोरी कर नम्बर प्लेट बदलकर व फर्जी कागज तैयार कर बेचने वाले गिरोह का खुलासा किया। पुलिस ने एक युवक व तीन बाल अपचारियों को चोरी की छह बाइकों तथा तमंचे के साथ गिरफ्तार कर चालान किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह टीम के साथ गांव पत्थर कुटी तिराहे पर गश्त कर रहे थे। तभी पुलिस ने बाइक सवार युवक को रोकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से तमंचा व चोरी की बाइक बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम उदय पुत्र टीकाराम निवासी याहियापुर थाना नौगांवा सादात बताया। पुलिस के पूछताछ करने पर आरोपी की निशानदेही पर जसोरा पुल से पांच चोरी की बाइकें बरामद की गईं। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह जनपदों से मोटरसाइकिल चोरी करते थे और चोरी करने के बाद फर्जी नम्बर प्लेट व फर्जी कागज तैयार कर बेच देते थे। उन्होंने बताया कि इस काम में उसके साथ तीन बाल अपचारी भी उनकी मदद करते हैं।

थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि एक युवक को चोरी की छह मोटरसाइकिल व तमंचे के साथ गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया। तीन बाल अपचारी को भी बाल सुधार गृह भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुभाष चौहान, शेर सिंह थापा, रविन्द्र सिंह, संजय, सुदीप बालियान, प्रवीण कुमार, बृजेश कुमार, प्रेमकान्त, सुनील कुमार, स्वदेश मौजूद रहे।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

तीन युवकों को तमंचे के साथ किया गिरफ्तार

मंडी धनौरा, अमृत विचार : बछरायूं थाना पुलिस ने तीन युवकों को अलग-अलग स्थान से तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया। बुधवार को बछरायूं थाना पुलिस ने गश्त के दौरान अलग-अलग जगहों से तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जीशान निवासी मोहल्ला पेशथाना को महादेव मंदिर कुण्डा रोड से तमंचा और कारतूस, महेश पुत्र रामशरण सिंह निवासी ग्राम छज्जूपुरा माफी को छज्जूपुर को जाने वाले कच्चा रास्ता तिराहा से तमंचा और लोकेश उर्फ जानी पुत्र कालीचरण उर्फ काले निवासी गांव विसावली को सार्वजनिक शौचालय के पास से तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बछरायूं थाना प्रभारी अलका चौधरी ने बताया कि तीन को गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप जलाकर प्रार्थना करते विश्वविद्यालय प्रबंधन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

88 छात्र-छात्राओं को मिले ऑफर लेटर

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार: श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में ऑटोमोबाइल कंपनी जेएफ रैने लिमिटेड ने कैंपस प्लेसमेन्ट का आयोजन किया। जिसमें गजरौला एवं मेरठ परिसर के 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कंपनी ने 88 छात्र-छात्राओं को ऑफर लेटर प्रदान किए।

बुधवार को श्री वेंक्टेश्वरा विवि में कैपंस प्लेसमेन्ट ड्राइव का आरंभ डॉ. सुधीर गिरि, डॉ. राजीव त्यागी, डॉ. वीपीएस अरोड़ा, डॉ. एके शुक्ला, जेएफ रैने लिमिटेड के एचआर प्रबन्धक प्रताप सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेन्ट निदेशक डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत ने सरस्वती मां के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि वैश्विक मंदी एवं कोरोना के बाद भी देश के स्किल्ड युवाओं को विशेष रूप से इंजीनियरिंग सेक्टर में ढेरों रोजगार की सम्भावनाएं है। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. अनिल जयसवाल, सलाहकार आरएस शर्मा, मारूफ चौधरी, अरूण गोस्वामी, एसएस. बघेल, डॉ. विवेक सचान, विश्वास राणा उपस्थित रहे।

कांग्रेस से स्थानीय प्रत्याशी की मांग को लेकर जिला अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचार : इंडिया गठबंधन से अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के लिए स्थानीय प्रत्याशी बनाने की मांग को लेकर कुछ लोगों ने जिला अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने पहुंचे लोग जिला अध्यक्ष के आवास पर धरने पर बैठ गए। ज्ञात हो कि इस बार अमरोहा की सीट गठबंधन में कांग्रेस के खाते में गई है।

बुधवार को कुछ लोग हाथ में तख्तियां लेकर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया के नगर पंचायत सैदनगली में आवास पर पहुंचे। धरना के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश के प्रभारी अविनाश पंड्या के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया को सौंपा। इसमें

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

मांग की गई है कि इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी स्थानीय होना चाहिए, जो भाजपा को हरा सके। ज्ञापन में कहा कि इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी हिन्दू समाज का होना चाहिए। क्योंकि बसपा ने इस सीट पर मुस्लिम समाज के व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया है। अगर इंडिया गठबंधन भी मुस्लिम समाज का प्रत्याशी बनाता है, तो भाजपा की जीत हो सकती है। भाजपा को हराने के लिए जरूरी है कि इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी हिन्दू समाज का हो। लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से स्थानीय प्रत्याशी के साथ साथ जाट, खड़गवंशी, सैनी और चौहान समाज से प्रत्याशी बनाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों ने सांसद कुंवर दानिश अली का भी विरोध किया। ज्ञापन देने वालों में सुलेमान अल्वी, आसिफ अल्वी, नाजिम, चौधरी विशाल, सुहैल, आयान, फूल सिंह, रामफल खड़गवंशी, पीतम सिंह पाल, यशपाल सिंह, बब्बन, अनस, कय्यूम, महरूम सैफी, पुनीत चौधरी, ललित कुमार, रणवीर, प्रदीप कुमार, महकार सिंह आदि मौजूद रहे।

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

आदमपुर, अमृत विचार : एचडीएसडी पीजी कॉलेज दूल्हेपुर अहीर ढवारसी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का दोनों इकाई छात्र-छात्रा का संयुक्त कार्यक्रम हुआ। छात्र-छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर दोनों इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिव शंकर, डॉ. दुर्गेश शर्मा और स्वयंसेवी एवं स्वयंसेविकाएं भी मौजूद रहीं।

सभासदों में झगड़े के मामले में रिपोर्ट दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : नगर पालिका कार्यालय में सभासदों के बीच गाली-गलौज के बाद खींचतान हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने सभासद व उसके बेटे पर रिपोर्ट दर्ज की है।

मंगलवार दोपहर चेयरपर्सन के पति व पूर्व विधायक हरपाल सिंह नगर पालिका कार्यालय में बैठे थे। उनके पास सभासद के पति देवेश शर्मा व अशोक चौधरी भी बैठे थे। तभी वहां जलालनगर की महिलाएं राशन कार्ड से नाम कटवाने की शिकायत लेकर पालिका पहुंचीं थीं। इसी दौरान देवेश व सरताज के बीच कहासुनी होने लगी। आरोप है कि सरताज ने देवेश के साथ गाली-गलौज कर दी, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। सरताज के परिजन पालिका कार्यालय के बाहर डंडे लेकर पहुंच गए थे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि सभासद सरताज व बेटे पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

सांसद दानिश अली ने थामा कांग्रेस का हाथ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले बसपा से निष्कासित सांसद कुंवर दानिश अली ने दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ले ली। कांग्रेस यूपी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, सह प्रभारी धीरज गुर्जर ने सांसद दानिश अली को पार्टी में शामिल किया। अब अमरोहा सीट पर इंडिया गठबंधन से उनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

लोकसभा चुनाव को लेकर सभी मुख्य पार्टियों ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। लेकिन गठबंधन से कांग्रेस के खाते में गई सीट पर अभी भी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। हालांकि सांसद कुंवर दानिश अली की दावेदारी मानी जा रही थी। वहीं अब बुधवार को बसपा से निष्कासित सांसद कुंवर दानिश अली ने दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। सांसद दानिश अली ने पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और सह प्रभारी धीरज गुर्जर के जरिए कांग्रेस का हाथ थामा है। इससे पहले उन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से मुलाकात की थी। दरअसल बसपा से निष्कासित होने के बाद सांसद दानिश अली का कांग्रेस में जाना तय माना जा रहा था। बस इस पर आधिकारिक मुहर लगने की देरी थी। अब कांग्रेस में शामिल होने से अमरोहा सीट पर इंडिया गठबंधन से उनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों के साथ सांसद दानिश अली।

> सांसद दानिश अली ने दिल्ली में पार्टी की सदस्यता ली है। प्रदेश प्रभारी ने उनको पार्टी ज्वाइन कराई है। इससे स्थानीय स्तर पर पार्टी को मजबूती मिलेगी।
>
> **-ओमकार कटारिया,** जिलाध्यक्ष, कांग्रेस

रहरा में दो जगह दिखा लकड़बग्घा, दहशत

रहरा, अमृत विचार : रहरा थाना क्षेत्र में लकड़बग्घा दिखाई देने से लोगों में दहशत है।

क्षेत्र के गांव मदारीपुर ग्राम प्रधान जाकिर अली की पशुशाला गांव के बाहरी छोर पर स्थित है। बताते हैं कि मंगलवार रात को लकड़बग्घा ने पशुशाला में घुसकर भैंस के बच्चे को निवाला बना लिया। सुबह जब ग्रामीणों ने पशुशाला में शव देखा तो हो उड़ गए। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। पशुशाला के आसपास खेतों में पंजे के निशान देखे गए हैं। ग्रामीणों में जानवर को लेकर दहशत बनी हुई है। उधर, रहरा के पेट्रोल पंप के निकट भी देर रात लकड़बग्घा की फोटो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिससे लोगों में और भी दहशत है। ग्रामीणों ने मांग की कि जंगली जानवर को जल्द पकड़ा जाए।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
BAREILLY
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)

हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेमिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

एक नजर

भूमि विवाद में चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

अमरोहा, अमृत विचार : रियल एस्टेट कंपनी ने भूमि विवाद में निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला अमरोहा जोया रोड स्थित स्काई ड्रीम डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड का है। मेरठ के निवासी बृजेश चौधरी कंपनी के डायरेक्टर हैं। उन्होंने जोया रोड स्थित भाजपा दफ्तर के पीछे जमीन खरीदी थी। जमीन की देखरेख कंपनी का कर्मी प्रशांत करता है। नजदीक ही निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव बलराज प्रजापति ने जमीन को तालाब बताकर आपत्ति दर्ज कराई थी। बृजेश चौधरी ने सप्ताह भर पहले बलराज प्रजापति पर दीवार तोड़ने और धमकी देने के मामले में रिपोर्ट कराई थी। बुधवार को फिर बलराज प्रजापति व जयवीर सिंह समेत दो अन्य लोगों पर दीवार तोड़ने, धमकी देने और हमला करने में मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि प्रशांत पर बलराज सिंह और जयवीर सिंह ने साथियों के साथ मिलकर फायर कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बलराज प्रजापति समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

एसडीएम ने हटवाए सड़क पर खड़े वाहन

मसवासी, अमृत विचार : स्वार एसडीएम अवनीश कुमार ने मानपुर तिराहा पर आड़े-तिरछे खड़े खनन में सीज वाहनों को हटवाया। उन्होंने कहा कि ये वाहन हादसे का सबब बनते हैं। मानपुर तिराहा पर बुधवार को खड़े अवैध खनन और ओवरलोडिंग में पकड़े गए वाहनों को हटवाया।

शोभायात्रा में रंग-गुलाल से सराबोर हुए लोग

झांकियों और कलाकारों की प्रस्तुति ने मनमोहा, शोभायात्रा का लोगों ने किया स्वागत

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : रंग एकादशी की शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा में लोग एक दूसरे पर रंग-गुलाल व फूलों की वर्षा करते हुए चल रहे थे।

बुधवार को होली समिति के तत्वावधान में रंग एकादशी की शोभायात्रा का आरंभ गढ़ी मंदिर धर्मशाला से हुआ। शोभायात्रा पुराना स्टेट बैंक तिराहा, गंज बाजार, अग्रसेन बाजार, हरदेव बाजार, कंचन बाजार, अल्हिया स्तम्भ चौराहा, महादेव चुंगी, कलाली चुंगी, बाईपास मार्ग, शेरपुर चुंगी होती हुई गढ़ी मंदिर धर्मशाला पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में शिव पार्वती, राधा कृष्ण की झांकी के रूप में सजे कलाकारों ने नृत्य किया। भगवान राधा कृष्ण, शंकर पार्वती की झांकियां लोगों के आर्कषण का केन्द्र बनी हुई थी। शोभायात्रा का नगर में भव्य स्वागत भी किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, राजू बादशाह, कमल अग्रवाल, मुनीश अग्रवाल, गितेश अग्रवाल, सतेन्द्र कुमार उर्फ छम्मो, ब्रजेश अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, मधुसूदन गोयल, सुनील अग्रवाल सहित आदि मौजूद रहे। उधर, बछरायूं में भी रंग एकादशी के मौके पर बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसका आरंभ रामलीला मैदान से हुआ। जो बड़ा बाजार, बकाबाद होता हुआ पुराने सरकारी अस्पताल पर जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर कमल त्रिवेदी, अशोक शर्मा, डॉ. शुभम शर्मा, संजय रस्तौगी, रोहित आर्य, सुरेश शर्मा, दिनेश शर्मा, हीरालाल रस्तोगी, गौतम शर्मा, राकेश, पारुल, डिंपल आदि मौजूद रहे।

मंडी धनौरा में रंग एकादशी की शोभायात्रा में रंग खेलते लोग। ● अमृत विचार

हसनपुर में रंग एकादशी शोभायात्रा में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

हसनपुर में रंग एकादशी शोभायात्रा का आरंभ करते विधायक व पालिका अध्यक्ष।

अघोरी नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

हसनपुर, अमृत विचार : रंग एकादशी एवं होली उत्सव सेवा समिति के तत्वावधान में रंग एकादशी की शोभायात्रा मुख्य मार्गों पर निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल लोग रंग गुलाल में सराबोर हो गए। राधाकृष्ण, शिव पार्वती के रूप में सजे कलाकारों ने नृत्य किया। लठमार होली एवं मां काली का अखाड़ा आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभायात्रा का आरंभ बुधवार दोपहर मोहल्ला कायस्थान स्थित हनुमान मंदिर से हुआ। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, नगर पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा में पंचमुखी हनुमान, राम दरबार, राधा कृष्ण, मां दुर्गा, मां काली की झांकी शामिल थी। इसके अलावा मां काली का अखाड़ा, लठमार होली एवं अघोरी नृत्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। शोभायात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मोहल्ला महल, बाजार बजाज, जनकपुरी, दरबार, रहरा रोड, घास मंडी, जमा मस्जिद, पुराना डाकघर, वंश प्लाजा, मोहल्ला होली आदि स्थानों पर होते हुए वापस हनुमान मंदिर पर आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे। शोभायात्रा में समिति अध्यक्ष तरुण अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, संजय शर्मा, उषा शर्मा, कुलभूषण सक्सेना, शेखर वर्मा, आनंद वर्मा, मंकू, सर्वेश, मोहित, अंकित, हरिओम, अर्पित, अक्षय, नितिन, नरेश, विवेक, सूरज, राजू आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

डीजे संचालकों के साथ बैठक करते थाना प्रभारी रमेश सहरावत। ● अमृत विचार

जुलूस में बजाएं होली के गाने

रहरा, अमृत विचार : थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने होली को लेकर थाना क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी को शासन के निर्देशों से अवगत कराया। डीजे को नियमानुसार अनुमति लेकर ध्वनि मानक के अनुसार ही रखने को कहा। होली के जुलूस के दौरान केवल धार्मिक गाने ही बजाने एवं किसी भी धर्म के ऊपर टीका टिप्पणी करने वाले गाने नहीं बजाने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी को नोटिस दिए हैं एवं निर्देश दिए गए। होली पर नियमों की अवेहलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

हसनपुर में परीक्षा देते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू

हसनपुर, अमृत विचार : परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। वार्षिक परीक्षाएं 20 मार्च से 27 मार्च तक होंगी। प्रथम पाली में कक्षा 02 में हिंदी, कक्षा 03 में सामाजिक विषय एवं कक्षा 4 से 8 के बच्चों का गणित का पेपर हुआ। वहीं दूसरी पाली में कक्षा तीन से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों के द्वारा कला एवं संगीत की परीक्षा दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह ने स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण करते ईओ डॉ. बृजेश सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

एमआरएफ सेंटर का ईओ ने किया निरीक्षण

अमरोहा, अमृत विचार : नगर पालिका द्वारा 34 लाख रुपये से एमआरएफ सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और उसमें लगाए जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच कर ठेकेदार एवं स्टाफ को निर्देश दिए। बुधवार को नगर पालिका के ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पालिका द्वारा महुआ में 34 लाख रुपये से एमआरएफ सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसका निर्माण हो जाने के उपरांत नगरीय क्षेत्र के कूड़े का पृथक्करण करके उससे निकले ठोस धातु और अन्य वस्तुओं की बिक्री की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस तरह के छह एमआरएफ सेंटर का निर्माण पालिका द्वारा कराया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी ने अवर अभियंता को निर्देशित किया है कि पालिका द्वारा नगरीय क्षेत्र में करवाए जा रहे विकास कार्यों का दैनिक रूप से स्थलीय निरीक्षण कर सुनिश्चित करें कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार हो रहा है। यदि किसी ठेकेदार निर्माण फर्म द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग करता है तो उसको ब्लैक लिस्ट घोषित कर दिया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अवर अभियंता अरविंद कुमार, जफर आलम, आलोक कुमार, खलील अहमद आदि उपस्थित रहे।

अमरोहा में भाजपा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बूथ को मजबूत कर चुनाव जीतना ही मूलमंत्र

अमरोहा, अमृत विचार : नगर की क्षत्रिय कॉलोनी में लोकसभा संचालन समिति की बैठक राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन लोकसभा संयोजक बृजेश चौधरी ने किया। बैठक में राज्य मंत्री ने कहा कि अब लोकसभा चुनाव हमारे सामने है, असली लड़ाई बूथ की है। बूथ जीता तो लोकसभा जीती, लोकसभा जीती तो केंद्र में फिर एक बार मोदी सरकार बनेगी। अबकी बार 400 पार का नारा लगाते हुए अपनी बात रखी। कहा कि सरकार ने महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन दिए। मुफ्त मेडिकल उपचार के लिए आयुष्मान योजना शुरू की। इन सभी योजनाओं का केंद्र में नारी शक्ति ही है। कहा की इंडिया गठबंधन के लोग बार-बार भारतीय संस्कृति तथा सनातन के खिलाफ बोल रहे हैं। गठबंधन के लोग किसी और संस्कृति या उसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं निकलते। इस अवसर पर दिनेश सिंघल, भगवंत सिंह चौहान, प्रदीप चौधरी, अभिनव कौशिक, रमेश कलाल, ऋषिपाल नागर, गिरीश त्यागी, राकेश वर्मा, अतिलेश भारद्वाज, पुष्कर लाल गुप्ता, हरज्ञान प्रजापति, मनोज बेसाइबाल, मनीष दक्ष, राजीव शर्मा, शुभम शर्मा, सत्यपाल सिंह पाल, अतुल चौधरी, पिंकी वर्मा, चंद्रपाल खड़गवंशी, चंद्रभान भाटी, आशु अग्रवाल, विकास, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

जयतौली में पानी की टंकी बनी शोपीस, नहीं हो रही आपूर्ति

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : गंगेश्वरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत जयतौली में करोड़ों रुपयों की लागत से पानी की टंकी बनवाई गई थी। लेकिन जल निगम की अनदेखी के चलते टंकी शोपीस बनकर रह गई। इस का लोकार्पण 2018 में तत्कालीन जिला प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने किया था।

छह वर्ष पूर्व जल निगम ने करीब 297.50 लाख की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया था। तब लोगों को शुद्ध पेयजल मिलने की आस जगी थी। उस समय जल निगम के कर्मचारियों ने घर-घर टोंटियां भी लगा दी थीं। कुछ समय तक तो यहां के लोगों को सुबह को पानी मिलता रहा, लेकिन इसके बाद पानी नहीं मिला। ग्रामीणों ने मांग की है कि पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से कराई जाए। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार के करोड़ों रुपये खर्च भी हुए, लेकिन ग्रामीणों को योजना का फायदा नहीं मिल रहा है। ग्रामीण अनीस सैफी, फहीम अहमद, सिक्कू, सतीश, ब्रहमराज और प्रशांत का कहना है कि जब पानी नहीं मिल रहा तो कनेक्शन भी कटवा देंगे।

जयतौली में बनी पानी की टंकी।

बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए तैयारी कर रहा विभाग

अमरोहा, अमृत विचार : गर्मी में बिजली उपभोक्ताओं को सुचारु आपूर्ति को विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

बुधवार को विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी उसी हिसाब से बिजली की मांग बढ़ जाएगी। गर्मी में उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली देने की तैयारी विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है। बताया कि अहरोई बिजली घर क्षेत्र की आपूर्ति को पांच घंटे के लिए बंद रखा था। इस दौरान बिजली घर में मरम्मत का कार्य किया और टेस्टिंग की। एसडीओ प्रजापति ने बताया कि पांच घंटे तक बिजली घर में मरम्मत की और जर्जर तारों को बदला गया। उन्होंने बताया कि यह कार्य गर्मी में बिजली उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली देने के लिए किया जा रहा है।

खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : श्री खाटू श्याम धाम मंदिर चौपला के तत्वावधान में बुधवार को रंग एकादशी पर निशान यात्रा निकाली गई। नगर के कई स्थानों पर निशान यात्रा का धर्म प्रेमियों ने स्वागत किया। यात्रा में भगवान श्री खाटू श्याम के जयकारे गूंजते रहे।

बुधवार को नगर के बस्ती स्थित अग्रवाल भवन से प्रारंभ हुई निशान यात्रा इंदिरा चौक होती हुई चौपला स्थित श्री श्याम मंदिर में संपन्न हुई। निशान यात्रा में सभी भक्त हाथ में श्री खाटू श्याम का निशान ध्वज लेकर अबीर गुलाल उड़ाते हुए नाचते गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। वहीं डीजे पर श्री खाटू श्याम के भजन बजाए जा रहे थे। इस दौरान प्रसाद का वितरण भी किया जा रहा था। कार्यक्रम में राजीव मित्तल, प्रीति मित्तल, मुस्कान गोयल, पूजा गोयल, मानसी सिंघल, अमन अग्रवाल, वैभव गोयल, सूरज गुप्ता, अर्जुन अग्रवाल, हर्ष सिंघल, प्रांशु शर्मा, मयंक शर्मा, मनी शर्मा, अग्रवाल सौरव गोयल, यश बंसल, सनी अग्रवाल, अंकुर नागर, वांशिक शेखर, राहुल अग्रवाल, केशव कौशिक आदि लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा में श्री खाटू श्याम मंदिर समिति व श्री झारखंडी महादेव सेवक संघ के पदाधिकारियों का संयुक्त प्रयास रहा। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल मुस्तैद रहा।

गजरौला में रंग एकादशी शोभायात्रा में निशान लेकर चलते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

गुलाल लगाकर मनाया होली महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : आर्य समाज में रोटरी क्लब की ओर से होली महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोटेरियन अशोक गुप्ता रहे। होली महोत्सव में एक दूसरे को गुलाल लगाया। वक्ताओं ने कहा होली आपसी भाईचारे का प्रतीक है।

मंगलवार रात कार्यक्रम का आयोजन आर्य समाज परिसर में हुआ। क्लब अध्यक्ष डॉ. जीपी सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा आयोजित होली महोत्सव में बच्चों और महिलाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गए। मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के गवर्नर रोटेरियन अशोक गुप्ता ने कहा कि होली हमें भाईचारे से रहना और मिलना सिखाती है। इस दौरान क्लब अध्यक्ष डॉ. जीपी सिंह और सचिव डॉ. सरल राघव को सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर सभी ने लोकसभा चुनाव में मतदान करने और कराने की भी प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर अमित मोहन गोयल, विशाल गोयल, कुंवर विनीत अग्रवाल, अजय चतुर्वेदी, अभय आर्य, रवि माहेश्वरी, आशीष गोयल, विनोद कुमार सक्सेना, बीडी त्यागी, आकाश शर्मा, संजय मालीवाल, चरणजीत सिंह, मनोज अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, जितेंद्र सिंह, अर्पित खंडेलवाल, लव माहेश्वरी, कुश माहेश्वरी, अक्षत अग्रवाल, शरद चांदना, शिवेन शर्मा, मनीष माहेश्वरी, मीना सिंह, वीनू राघव, रूबी गोयल, शशि चतुर्वेदी, मेघा माहेश्वरी, पूजा छाबड़ा, नितिन तोमर, रजत माहेश्वरी, कमल अग्रवाल, राम बाबू आदि मौजूद रहे।

अमरोहा में रोटरी क्लब के होली महोत्सव में नाचते रोटेरियन। ● अमृत विचार

वैश्य समाज की बैठक में शिक्षा पर दिया जोर

डिडौली, अमृत विचार : डिडौली में विजय गुप्ता के आवास पर वैश्य समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि करुणेश गोयल ने की। उन्होंने समाज को एकजुट करने और बच्चों की शिक्षा एवं संस्कारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा प्रत्येक माता-पिता का दायित्व है कि अपने बच्चों को माता-पिता का सम्मान एवं सेवा का भाव सिखाना चाहिए।

इसलिए शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि समय के अभाव के कारण रिश्ते दूर होते जा रहे हैं। अतः प्रत्येक माह प्रत्येक गांव, कस्बे एवं नगर में समाज की बैठक हो ताकि रिश्तों को जोड़ने का अवसर मिले। बैठक में हर्ष गुप्ता, पुनीत गुप्ता, सतीश गोयल, चंद्र प्रकाश गुप्ता, अनिल गुप्ता, गिरीश गुप्ता, राकेश गुप्ता, आनंद गुप्ता, राजकिशोर गुप्ता, पवन गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, पारस गुप्ता, गौरव गुप्ता, शुभम गुप्ता, राहुल गुप्ता, रोहित गुप्ता, इत्यादि मौजूद रहे।

हसनपुर सीएचसी में लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

मौसम में बदलाव से बढ़े मरीज

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : मौसम में बदलाव के चलते सीएचसी में बुधवार को मरीजों की भीड़ लगी रही। ओपीडी में मरीजों को कतार में खड़े होकर उपचार के लिए इंतजार करना पड़ा।

बुधवार को दोपहर एक बजे के बाद भी मरीजों की कतार लगी रही थी। कुल 400 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचे थे। 250 मरीजों ने नई पर्ची बनवाई, जबकि करीब 150 मरीज पुरानी पर्ची पर इलाज के लिए आए। मरीजों की भीड़ के चलते औषधि वितरण कक्ष पर दवा लेने के लिए मरीजों की भीड़ लगी रही। ओपीडी में मरीजों को कतार में खड़े होकर इंतजार करना पड़ा। सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डॉ. धुवेंद्र सिंह ने बताया कि कई दिन से मरीजों की संख्या बढ़ी है। नजला, जुकाम, खांसी और वायरल बुखार के सामान्य मरीज ज्यादा आए। सभी मरीजों की जांच कर दवा दी गई है। उन्होंने सलाह दी कि मौसम बदल रहा है, इसलिए सावधानी बरतें।

दो सड़क हादसों में दंपती समेत पांच लोग घायल

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

क्षेत्र के गांव दरियापुर बुजुर्ग निवासी सुनील पत्नी कमलेश व बेटी के साथ बाइक से संभल जिले के असमोली में ससुराल गया था। बुधवार दोपहर लौटते समय हाईवे पर गलत दिशा से आ रही बाइक ने सामने से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। उधर, कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। शहर के मोहल्ला शांति नगर निवासी सोमवीर सिंह व योगेश बाइक से रिश्तेदारी में गए थे। मंगलवार देर रात वह घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान गांव शहवाजपुर डोर के पास पीछे से आई कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। योगेश की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

तैयारी | कार्टून लुक वाली पिचकारी पसंद कर रहे बच्चे

पिचकारियों और रंग-गुलाल की सजीं दुकानें

संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

अमृत विचार : होली को लेकर बाजारों में पिचकारियों, रंग और गुलाल की दुकानें सज गई हैं और लोगों ने खरीदारी भी शुरू कर दी है। बाजार में बच्चों को लुभाने वाली गन समेत कार्टून, स्टार्स लुक वाली पिचकारियों की भरमार है। अमरोहा में भी बाजार में पिचकारी की दुकान सजी हैं।

24 मार्च को होलिका पूजन होगा और 25 मार्च को रंग होगा। बाजारों में होली के लिए नगर के इंदिरा चौक, श्री राम मार्केट, चौपला, बस्ती, नाईपुरा, अल्लीपुर, हसनपुर रोड आदि पर कई पिचकारियों की दुकानें सजी हैं। ब्रांडेड कंपनियों के गुलाल, रंग सहित पिचकारियां 50 से 200 रुपये तक में बिक रहीं हैं। बच्चों ने तो दुकानें सजते ही खरीदारी शुरू कर दी है। वहीं बुधवार को साप्ताहिक बाजार में भी पिचकारियों व रंगों की काफी दुकानें सजीं। इसी के साथ-साथ कचरी, पापड़, चिप्स आदि की भी दुकानें सजी हैं। वहीं मिठाई की दुकानों पर गुझिया की भी बिक्री हो रही है। जो महिलाएं घर पर गुझिया बनाती हैं, वे बाजार से सामान आदि खरीद रही हैं। होली पर गुझियों की महक और उसका स्वाद हर किसी को पसंद आता है। अब बाजार में चारों तरफ होली का उल्लास नजर आ रहा है। मेवा के दाम में भी उछाल आया है। होली नजदीक आते ही मावा के दाम भी बढ़कर 280 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। बीते साल होली पर मावे का दाम 240 से 250 रुपये प्रति किलो था। मिष्ठान भंडार के संचालक कपिल सैनी ने बताया कि होली को लेकर मावे के दाम बढ़े हैं। ऐसे में मिठाइयों के दाम में भी वृद्धि हुई है।

गजरौला में दुकान पर टी शर्ट पसंद करता ग्राहक। ● अमृत विचार

तमंचे के साथ एक पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : पटवाई पुलिस ने एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पुलिस आरोपी को थाने ले आई। जहां उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद चालान कर दिया। थाना पटवाई पुलिस द्वारा आरोपी प्रेमपाल पुत्र खेमकरन निवासी ग्राम गौसमपुर का मझरा को एक तमंचे और 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ खिरका तिराहा से ग्राम खिरका की तरफ से गिरफ्तार किया।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

एक नजर

खेलों में बालक बालिकाओं ने दिखाया दमखम

बहजोई, अमृत विचार : खेल विकास व जिला प्रशासन के तत्वावधान में तहसील स्तरीय बालक व बालिका अंडर 14 तहसील चंदौसी प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं ने दमखम दिखाया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नगर पालिका परिषद बहजोई के मिनी स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिताओं का आरंभ जिला ग्राम उद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने किया। इसके बाद आयोजित एथलेटिक्स , फुटबॉल जूडो ,कबड्डी ,खो –खो, हॉकी, हैंडबॉल कुश्ती, जूडो आदि प्रतियोगिताओं में बालक बालिकाओं ने अपना दम दिखाया और जीत हासिल कर विजेता बने। विजेता प्रतिभागियों को एसडीएम चंदौसी नीतू रानी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि बालक बालिकाओं को खेलकूद में बढ़–चढ़कर प्रतिभा करना चाहिए। जिससे उनकी प्रतिभा में निखार आता है और वह बड़े मंचों के लिए तैयार होते हैं। इस दौरान उप क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती, कोच मयंक कुमार ,नादिर राजा आदि रहे।

डीएम से बिजली आपूर्ति सुचारू कराने की गुहार

संभल/असमोली अमृत विचार : ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव चंदपुरा निवासी माया देवी ने जनसुनवाई पोर्टल पर डीएम को शिकायत भेजकर कहा कि झटपट योजना के तहत कराया बिजली कनेक्शन चालू था। मंगलवार को जेई लाइनमैन के साथ पहुंचे और केबल काट दिया। जिससे घर में अंधेरा छाया हुआ है। कहा कि विभाग ने कनेक्शन देने के बाद मीटर भी नहीं लगाया है। माया देवी ने जिलाधिकारी से मीटर लगवाते हुए बिजली आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की है।

आज निकलेगी अस्थि कलश यात्रा

संभल अमृत विचार : किसान आंदोलन में दिल्ली के सिंघु बार्डर पर शहीद हुए किसान शुभकरण सिंह की अस्थि कलश यात्रा गुरुवार को गांव भड़वाड़ा में निकाली जाएगी। गुरुद्वारा में दोपहर 12 बजे आत्मा की शांति के लिए अरदास होगी। भाकियू असली के कार्यकर्ताओं और किसानों ने अस्थि कलश यात्रा और अरदास को लेकर तैयारी पूरी की। इस दौरान चौधरी संजीव गांधी, मोहित चौधरी, मोनू सिंह आदि रहे।

संभल के मोहल्ला ठेर में एकादशी पर रंग में सराबोर बच्चे व युवक। ● अमृत विचार

श्री श्याम सेवा समिति द्वारा निकाले गए जुलूस में शामिल श्री श्याम खाटू की झांकी।

रंग एकादशी के जुलूस में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

डीजे बंद कराने पर रोका चौपाई का जुलूस

रंग एकादशी के मौके पर प्रशासन ने डीजे की आवाज कम करने को कहा तो भड़के लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में रंग एकादशी के मौके पर अधिकारियों ने डीजे की आवाज को लेकर सख्ती की तो लोगों में रोष व्याप्त हो गया। डीजे बंद होने के साथ ही चौपाई का जुलूस भी रोक दिया गया। एएसपी और भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने मौके पहुंचकर लोगों को समझाया लेकिन डीजे चालू नहीं हुआ। हालांकि आधा घंटे रुकने के बाद चौपाई जुलूस शुरू होकर परंपरागत रास्तों से निकला। युवाओं और किशोरों ने गुलाल की बौछार करते हुए होली के गीतों पर नृत्य किया। जुलूस के दौरान कड़े सुरक्षा प्रबंध रहे।

रंग एकादशी के मौके पर सर्राफा बाजार में संजय अग्रवाल के चबूतरे पर अशोक रस्तोगी और अनुराग गुप्ता अन्नू ने कार्यक्रम कराया।

आयोजकों को समझाते एएसपी श्रीश्चंद्र व भाजपा नेता राजेश सिंघल।

▸▸ एएसपी, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने मनाया, पर नहीं बजाया गया डीजे

जिसमें कलाकार डीजे पर होली के गीतों पर नृत्य कर रहे थे तो युवा और किशोर एक-दूसरे पर रंग गुलाल की बौछार करते हुए झूम रहे थे। वहीं आर्य समाज पर मंदिर मढ़ैया से रंग एकादशी का चौपाई जुलूस शुरू होकर महिला मंडल मंदिर पहुंचा। इस बीच एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, सीओ अनुज कुमार चौधरी, कोतवाल पवन कुमार सर्राफा बाजार पहुंचे। बताते हैं कि अधिकारियों ने डीजे की आवाज कम करने के लिए कहा तो लोग नाराज हो गए। लोगों ने डीजे को बंद करा दिया। इसकी जानकारी जब जुलूस में शामिल लोगों को हुई तो उन्होंने महिला मंडल मंदिर पर जुलूस को रोक दिया। सर्राफा बाजार में डीजे और कार्यक्रम बंद होने पर लोग इकट्ठा होने लगे।

मामला आला अधिकारियों तक पहुंचा। तब एएसपी श्रीश चंद्र और भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल पहुंचे। लोगों से कहा कि वह पूर्व की भांति डीजे बजाएं लेकिन लोग तैयार नहीं हुए। इस बीच आधा घंटे रुकने के बाद महिला मंडल मंदिर से चौपाई जुलूस शुरू होकर बाजार गंज, सर्राफ बाजार पहुंचा।

जिसमें युवाओं और किशोरों ने एक-दूसरे पर गुलाल की बौछार करते हुए होली के गीतों पर नृत्य किया। जुलूस टंडन तिराहा, डाकखाना, सरथल चौकी होते हुए सूरज कुंड तीर्थ पर संपन्न हो गया।

टेसू के रंग के छींटे लगाकर उठाया शोक

संभल, अमृत विचार : रंग एकादशी जुलूस के दौरान बबलू शर्मा के नेतृत्व में मंदिर मढ़ैया से टेसू के रंग लेकर लोगों ने उन घरों का रुख किया जिन घरों में पिछले एक साल के दौरान किसी की मृत्यु हुई। वहां परिवार के लोगों को टेसू के रंग के छींटे लगाकर शोक उठाया गया। वर्षों से चली आ रही शोक उठाने की परंपरा निभाई गई।

समिति ने निकाला चौपाई जुलूस

संभल, अमृत विचार : श्री श्याम सेवा समिति की ओर से गुलाल की चौपाई का जुलूस निकाला गया। जिसमें श्री श्याम खाटू की झांकी भी शामिल रही। युवाओं की टोली ने एक–दूसरे पर अबीर गुलाल उड़ाया। इस दौरान विशेष गुप्ता, विशाल रूहेला, प्रशांत रूहेला, अनुज गर्ग, निखिल गुप्ता समेत तमाम लोग रहे।

चन्दौसी में रंग एकादशी शोभायात्रा में अबीर गुलाल उड़ाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

चन्दौसी में रंग एकादशी शोभायात्रा में मां काली का रूप धरे कलाकार।

ऐंचोड़ा के गौंजनी में होलिका में लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, संभल/असमोली

अमृत विचार : ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गौंजनी मिलक में असामाजिक तत्वों ने गांव की आबादी के निकट रखी होलिका में आग लगा दी।

होलिका में आग को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। इस मामले को लेकर थाने में तहरीर दी गई है। गौंजनी मिलक के ग्रामीणों का कहना है कि

▸▸ गांव के लोगों ने कार्रवाई के लिए थाने में दी तहरीर

गांव में परंपरागत तरीके से निर्धारित जगह पर होलिका रखी गई थी। होलिका में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक अधिकांश लकड़ियां जल चुकी थीं। गांव के कल्लू सिंह,योगेंद्र कुमार व ताराचंद ने होलिका में आग की घटना अंजाम देने वालों पर कार्रवाई के लिए थाना एचोंड़ा कम्बोह पहुंचकर तहरीर दी। ग्रामीणों का कहना है कि होलिका दहन की जगह के बराबर में गांव के कुछ लोगों ने घूर डाल दिये हैं। प्रशासन को होलिका में आग लगाने वालों पर कार्रवाई के साथ ही होलिका के नजदीक से घूर भी हटवाने चाहिए। वहीं ऐचोड़ा कंबोह प्रभारी निरीक्षक रेनू देवी का कहना है कि ऐसी कोई भी घटना उनके संज्ञान में नहीं है।

रंग एकादशी की शोभा यात्रा में उड़ा अबीर गुलाल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : रंग एकादशी पर श्री रस्तोगी सभा की ओर से खेल गोपाल मंदिर से बैंड बाजे संग रंग एकादशी की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिषासुर मर्दिनी समेत राधाकृष्ण का मयूर नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा में अबीर गुलाल उड़ाया।

बुधवार की सुबह दस बजे मंदिर में हवन कराने के बाद हनुमान जी को

▸▸ खेलगोपाल मंदिर से निकली शोभायात्रा में झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

चोला चढ़ाया गया। इसके बाद शाम को शोभायात्रा का आरंभ नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय व समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में सबसे आगे तड़पड़िया ढोल पर बच्चे नृत्य कर रहे थे। इसके बाद सिंहासन पर राजा हरिश्चंद्र का स्वरूप विराजमान था। महिषासुर व कालीमाता के स्वरूप में सजे कलाकार नृत्य दिखाते हुए चल रहे थे। इसके बाद राधाकृष्ण के सिंहासन की झांकी थी। जिस पर श्रद्धालुओं द्वारा फूलों की होली खेली जा रही थी। शोभायात्रा में शंकर पार्वती, राम सीता के स्वरूप सजे कलाकार सिंहासन पर विराजमान थे। खाटू श्याम की झांकी भी सभी को आकर्षित कर रही थी। शोभायात्रा मोहल्ला गोपाल स्थित खेल गोपाल मंदिर से आरंभ होहर जवाहर रोड, घंटाघर, अजंता टाकीज मार्ग से सेमर टोला होती हुई पुनः खेल गोपाल मंदिर पर आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में प्रेम शंकर रस्तोगी, ओम प्रकाश रस्तोगी, राजेश रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, संजय रस्तोगी, संदीप कुमार, सुशांत रस्तोगी, कृष्णा रस्तोगी, विक्की रस्तोगी, जतिन रस्तोगी, कमल रस्तोगी, प्रवीन रस्तोगी मौजूद रहे।

इनरव्हील क्लब के होली कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

उत्सव में मीनू रस्तोगी बनीं होली क्वीन

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : इनरव्हील क्लब की ओर से आयोजित होली उत्सव कार्यक्रम में मीनू रस्तोगी को होली क्वीन चुना गया। वहीं आगामी वर्ष के लिए रिया आर्य को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

होली उत्सव में महिलाओं ने होली गीतों पर धमाल मचा कर एक दूसरे को गुलाल लगाया। कार्यक्रम में

▸▸ रिया आर्य को चुना गया इनरव्हील क्लब का अध्यक्ष

गीत संगीत के साथ होली का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मीनू रस्तोगी के सिर तीज क्वीन का ताज सजा। महिलाओं ने हाउजी तथा लकी गेम खेला। आगामी सत्र के लिए रिया आर्य को अध्यक्ष चुना गया। वर्तमान अध्यक्ष दीपा रस्तोगी ने क्लब की पदाधिकारियों व सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए वर्ष भर अच्छे काम करने के लिए उपहार वितरित किए।

सचिव श्वेता तिवारी ने प्रेम और सौहार्द के पर्व होली की विशेषताएं बताईं। महिलाओं ने फूलों की होली खेलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में स्वाति रस्तोगी , सारिका वर्मा ,नम्रता वर्मा ,नेहा मलय ,गुंजा गुप्ता ,गरिमा गोयल ,श्वेता रस्तोगी ,गरिमा रस्तोगी ,डॉक्टर ,सलोनी अग्रवाल आदि रहीं।

किसान से बरामद 50 हजार रुपये जांच के बाद वापस

संभल/जुनावई, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर जुनावई क्षेत्र में उड़नदस्ता टीम ने टेंपो की चेकिंग के दौरान किसान से 50 हजार रुपये बरामद किए। गहनता से जांच पड़ताल करने के बाद किसान को नकदी वापस कर दी गई।

जुनावई थाना क्षेत्र में बदायूं-मेरठ हाईवे पर सराय ब्राह्मण गांव की पुलिया के पास बुधवार को उड़नदस्ता प्रभारी वाणिज्य कर अधिकारी चंदौसी रामलखन यादव जुनावई की तरफ से गुन्नौर को जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उन्होंने टेंपो में सवार जनपद बदायूं के थाना बिल्सी क्षेत्र के गांव गढ़ी बिहारी का किसान जयपाल से 50 हजार रुपये की नकदी बरामद की। पूछताछ में किसान ने बताया कि उसने ट्रैक्टर बेचा था। मिली रकम लेकर जनपद बुलंदशहर के डिबाई से ट्राली खरीदने जा रहा है। जांच पड़ताल के बाद किसान जयपाल को नकदी वापस कर दी गई।

गांव में पैदल भ्रमण करते पुलिस व एसएसबी के जवान। ● अमृत विचार

क्षेत्र में पुलिस व एसएसबी जवानों ने किया पैदल मार्च

संवाददाता,असमोली/ओबरी

अमृत विचार : होली और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शांति व्यवस्था को लेकर असमोली क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी के जवानों ने पैदल मार्च किया। पुलिस ने अशांति फैलाने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

बुधवार को असमोली थाना प्रभारी हरीश कुमार ने पुलिस बल एवं एसएसबी के जवानों के साथ क्षेत्र के अतिसंवेदनशील गांव ओबरी, मंसूरपुर माफी के अलावा असमोली, रामनगर, दबोई खुर्द में पैदल मार्च किया।

थाना प्रभारी ने कहा कि होली और अन्य त्योहारों के साथ-साथ लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अति संवेदनशील गांवों में पैदल मार्च किया गया है। किसी भी तरह से अशांति फैलाने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मंसूरपुर चौकी इंचार्ज संजय कुमार भी मौजूद रहे।

सार संक्षेप

निशान यात्रा में ध्वज लेकर भजनों पर झूमती महिला श्रद्धालु।

धूमधाम से निकली श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा

बहजोई, अमृत विचार : श्री खाटू श्याम मंदिर जन सेवा समिति के तत्वाधान में रंग एकादशी पर खाटू श्याम निशान यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। जिसमें लोग अपने हाथों में खाटू श्याम झंडा लेकर चल रहे थे। वहीं खाटू श्याम के भक्ति भजनों पर झूमते हुए खाटू श्याम का गुणगान कर रहे थे। इस्लामनगर रोड से निशान यात्रा का आरंभ मुख्य अतिथि सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने पूजा अर्चना कर किया। सबसे आगे महिलाएं व पुरुष अपने हाथों में झंडा लेकर निशान यात्रा में खाटू श्याम का गुणगान करते हुए भक्ति भजनों पर जमकर झूम रहे थे। खाटू श्याम बाबा की झांकी सभी को अपनी और आकर्षित कर रही थी। निशान यात्रा इस्लामनगर रोड से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों पर होती हुई खाटू श्याम मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। निशान यात्रा का स्वागत लोगों ने जगह–जगह पुष्प वर्षा कर तथा प्रसाद वितरण कर किया। इसके बाद श्री खाटू श्याम मंदिर पर महा आरती का आयोजन किया गया। भंडारे में नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान डॉ राजीव कुमार, मंजू दिलेर, विपिन कुमार, जयकुमार, भास्कर नारायण, शरद रस्तोगी, रिंकू वार्ष्णेय, राजीव कुमार निराला, विपिन अतरासी, सार्थक वार्ष्णेय, ऋतिक वार्ष्णेय, मनोज कुमार, शैलेंद्र कुमार शैलू सहित आदि रहे।

नाला निर्माण कराने की मांग उठाई

संभल अमृत विचार : विकास खंड असमोली के रचैटा के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ लोग चकमार्ग पर कब्जा करने की मंशा से नाला निर्माण को रोक रहे हैं जबकि नाला निर्माण होने से गांव के सभी रास्तों का पानी निकल जाएगा। ग्रामीणों ने एसडीएम को भी पत्र देकर चकमार्ग से होते हुए तालाब तक नाला खुदवाने की मांग की। इस दौरान सोमपाल, बलराम, बलवीर, रामऔतार, लाला रामदीन, कादिर, अंजार, मुनाजिर, आसिम, महमूद, जाकिर, कय्यूम आदि रहे।

तैयारी त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए

होली को लेकर तहसील को 15 सेक्टरों में बांटा

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : होली के त्योहार को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। एसडीएम ने होली के जुलूस, रंग चौपाई जुलूस और ध्वजा मेले को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए तहसील क्षेत्र को 15 सेक्टरों में बांटकर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। अधिकारियों को क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

रंगों का त्योहार होली मनाने को लेकर जहां लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है, वहीं पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। 24 मार्च को नगर में होली का जुलूस मुहल्ला कोट पूर्वी में गौरी सहाय मंदिर से निकलेगा।

25 मार्च को दुल्हेंडी पर शोभायात्रा सरथल चौकी से शुरू होगी। इसी दिन सरायतरीन के मंगलपुरा से जुलूस निकाला जाएगा। 26 मार्च को रायसत्ती पर ध्वजा मेला लगेगा।

इन आयोजनों को लेकर एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने सेक्टर विभाजित करते हुए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। तहसीलदार रवि सोनकर को कोतवाली संभल से निकलने वाले जुलूस व ध्वजा, नायब तहसीलदार अनुज कुमार को कोतवाली संभल क्षेत्र, बीईओ पंवासा को थाना हयातनगर व जुलूस, चकबंदी अधिकारी संभल को थाना नखासा संपूर्ण क्षेत्र, नायब तहसीलदार सतेंद्र सिंह को सिरसी का संपूर्ण क्षेत्र, बीडीओ संभल को विकास खंड संभल के संपूर्ण क्षेत्र, बीडीओ असमोली को असमोली संपूर्ण क्षेत्र, श्रम प्रवर्तन अधिकारी संभल को पंवासा का संपूर्ण क्षेत्र, बाट माप निरीक्षक को थाना हयातनगर संपूर्ण क्षेत्र, बीईओ संभल को पुलिस चौकी सिरसी संपूर्ण क्षेत्र, एडीओ पंचायत संभल को थाना नखासा संपूर्ण क्षेत्र, एडीओ पंचायत पंवासा को कोतवाली संभल क्षेत्र, एडीओ पंचायत असमोली को असमोली क्षेत्र, सहायक चकबंदी अधिकारी संभल को हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र, उपनिबंधक संभल को मढ़न पुलिस चौकी क्षेत्र के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि थानाध्यक्षों से संपर्क कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली जाए। विशेष सतर्कता बरतते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें।

मस्जिदों पर मुस्तैद रहेंगे लेखपाल

संभल, अमृत विचार : पिछले वर्षों में होली के मौके पर मस्जिदों पर रंग पड़ जाने की घटनाओं से विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी। एसडीएम ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आठ मस्जिदों पर लेखपालों की ड्यूटी लगाई है। वहीं दुल्हेंडी जुलूस के मद्देनजर तेरह मस्जिदों के लिए भी लेखपालों को तैनात किया है। कहा है कि लेखपाल जुलूस एवं पर्व को शांति और सद्भावना से संपन्न कराने में सहयोग करेंगे।

व्यवस्था

▸▸ 24 मार्च को नगर में होली का जुलूस मुहल्ला कोट पूर्वी में गौरी सहाय मंदिर से निकलेगा

▸▸ 25 मार्च को दुल्हेंडी पर शोभायात्रा सरथल चौकी से निकलनी शुरू होगी

नगर पंचायत लिपिक को चेयरमैन ने किया निलंबित

गुन्नौर, अमृत विचार : फर्जी प्रमाण पत्र से नियुक्ति, विभागीय अनियमितताओं और अधिकारियों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने सहित तमाम आरोपों में नगर पंचायत के लिपिक अशोक कुमार को चेयरमैन ने निलंबित कर दिया है। नगर पंचायत चेयरमैन खुशबू प्रजापति ने लिपिक के निलंबन का आदेश जारी किया है।

आरोप है कि लिपिक अशोक कुमार ने इंटरमीडिएट की फर्जी अंक तालिका के आधार पर नौकरी प्राप्त कर ली। अभिलेखीय छेड़छाड़ की और नियुक्ति पत्रावली व सेवा पुस्तिका कार्यालय से गायब कर दी। दायित्वों का दुरुपयोग कर विभागीय कार्यों में अनियमितता बरतने और रिश्वत मांगने के साथ ही उच्च अधिकारियों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करने का गंभीर आरोप लगा है। इधर, निलंबित लिपिक अशोक कुमार ने सभी आरोपों से इनकार किया है।

बीएड फार्म के लिए 15 सौ रुपये देना होगा विलंब शुल्क

बरेली, अमृत विचार : रुविवि ने बीएड, एमएड और बीपीएड के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। अब 22 मार्च तक 15 सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म भर सकेंगे।

एक नजर

अवधि पूरी होने से पहले ही लौटा जिला बदर गिरफ्तार

गुन्नौर, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने जिला बदर की अवधि समाप्त होने से पहले ही वापस लौटने पर जिला बदर अपराधी को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव झुकैरा निवासी महेश पुत्र किशनलाल को जिलाधिकारी के आदेश पर जिला बदर किया गया था। बुधवार को चेकिंग के दौरान पुलिस के हत्थे महेश चढ़ गया। तलाशी में एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि गढ़िया तिराहे पर चेकिंग के दौरान वह पकड़ा गया है।

घायल ग्रामीण की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत

संभल/जुनावई अमृत विचार : गुन्नौर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल ग्रामीण की दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

जुनावई थाना क्षेत्र के गांव लतीफपुर धीर निवासी भागीरथ (50 वर्ष) और जोगेंद्र (35 वर्ष) सात मार्च को बाइक से जा रहे थे। चंदौसी-बबराला मार्ग पर गांव कैल और बबराला के बीच अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में भागीरथ और जोगेंद्र घायल हुए।

पुलिस हिरासत से भागा बदमाश फिर मुठभेड़ में घायल, पैर में लगी गोली

इलाज के दौरान जिला अस्पताल से फरार हो गया था लूट गैंग का सरगना

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : चार दिन पहले मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल होने के बाद पुलिस हिरासत से फरार हुए लूट गैंग का सरगना चांद बाबू के साथ बुधवार शाम को फिर से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस का कहना है कि बदमाश ने पुलिस पर गोली चलाई तो जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी है।

बहजोई थाना क्षेत्र के चौपा शोभापुर गांव में लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के सरगना चांद बाबू के साथ बहजोई थाना पुलिस की शनिवार रात मुठभेड़ हुई थी। पुलिस की गोली लगने से चांद बाबू घायल हुआ था। चांद बाबू को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। सोमवार दोपहर को चांद बाबू जिला अस्पताल से फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि बुधवार शाम को पुलिस को खबर मिली कि ईदगाह से कुछ दूर बाग में चांद बाबू जैसी शक्ल का व्यक्ति देखा गया है। पुलिस टीमों ने बाग की घेराबंदी की तो बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी। पकड़े गए बदमाश की शिनाख्त फरार चांद बाबू के रूप में हुई।

जिला अस्पताल में भर्ती मुठभेड़ में घायल बदमाश। ● अमृत विचार

▸▸ एसपी ने कहा, बदमाश ने चलाई गोली तो जवाबी फायरिंग में हुआ घायल

मुठभेड़ की सूचना पर अमला सहित पहुंचे एसपी

संभल। पुलिस की बदमाश के साथ मुठभेड़ की जानकारी मिलने के बाद सीओ अनुज कुमार चौधरी के साथ ही एएसपी उत्तरी श्रीश्चंद्र व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत भी मौके पर पहुंच गये। इस बात की आशंका थी कि चांद बाबू के साथ उसके कुछ और साथी भी हो सकते हैं। इसी के चलते इलाके में पुलिस ने कांबिंग की। वहीं चांद बाबू के फरार होने के मामले में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने ड्यूटी पर तैनात दरोगा सत्येंद्र पूनिया के साथ ही सिपाही अजय कुमार व पंकज मलिक को निलंबित कर दिया था। इन तीनों पर रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। वहीं चांद बाबू को शरण देने के आरोप में दो महिलाओं सहित तीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

कार की टक्कर से साइकिल सवार घायल, रेफर किया

चंदौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर क्षेत्र के बहजोई रोड स्थित गांव आटा के निकट कार की टक्कर से साइकिल सवार घायल हो गया। घायल को सीएचसी भेजा गया जहां चिकित्साधिकारी ने हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बनियाठेर के गांव मऊ अत्सु निवासी राजीव शर्मा पुत्र रामेश्वर शर्मा मंडी समिति में आढ़ती के यहां मुंशी का कार्य करता है। बुधवार की रात आठ बजे राजीव अपनी ड्यूटी करके साइकिल से घर लौट रहा था। थाना क्षेत्र के बहजोई रोड पर गांव आटा के निकट पहुंचा और गांव जाने के लिए पंवासा रोड पर मुड़ा ही था। उसी समय बहजोई की ओर से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। राजीव गंभीर रूप से घायल हो गया। दाएं पैर में फ्रेक्चर के साथ शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस से घायल को सीएचसी भेज दिया। जहां चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

अवैध खनन में 16 पर मुकदमा, तीन लोग गिरफ्तार

संवाददाता,बहजोई(संभल)

अमृत विचार : आधी रात को छापेमारी कर अवैध खनन पकड़े जाने के बाद जिलाधिकारी ने खनन कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अवैध खनन से जुड़े 16 लोगों के खिलाफ बहजोई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर तीन की गिरफ्तारी हुई है। वहीं खनन निरीक्षक ने चार ट्रैक्टर ट्रालियों को अवैध खनन करते हुए पकड़ा है।

सोमवार की रात्रि एक बजे के लगभग जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सोत नदी क्षेत्र में अवैध खनन पर करवाई की थी। दो ट्रैक्टर ट्राली एक ट्रैक्टर मांझा मशीन बरामद कर तीन लोगों को हिरासत में लिया था। अब इस मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर खनन निरीक्षक मोहम्मद हलीम ने कोतवाली बहजोई में अवैध खनन से जुड़े 16 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

उधर जिलाधिकारी का सख्त रुख देखकर सभी अचंभित हैं कि अवैध खनन पर कार्रवाई के लिए आधी रात डीएम खुद जा पहुंचे। इस बड़ी कार्रवाई से अवैध खनन कारोबारी में हड़कंप मचा हुआ है। तो वहीं अवैध खनन पर मेहरबान कई अधिकारियों में भी टेंशन में हैं।

अवैध खनन करने में इनके खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा : बहजोई : कोतवाली बहजोई में खनन निरीक्षक मोहम्मद हलीम ने राम खिलाड़ी, धर्मेंद्र, राधेश्याम, भूरा, शहादत, केपी, छोटू, मुनेश, नेत्रीजी, दीपक, अजय, नेपाल, दर्शन, प्रेमपाल, हरिओम, रामचंद्र के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि अभी इस मामले में केवल छोटी मछलियां ही नामजद हुई है। बड़ी मछलियों पर जिला प्रशासन कार्रवाई करने को लेकर पूरी योजना बना रहा है। आखिर किसके इशारे पर इतनी बड़ा अवैध खनन का कारोबार चल रहा था। कुछ अधिकारी भी इस कार्रवाई की जद में आ सकते हैं।

खनन निरीक्षक द्वारा पकड़ी गई मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली। ● अमृत विचार

चार ट्रैक्टर ट्रालियों को अवैध खनन करते पकड़ा

बहजोई : डीएम के कड़े रुख के बाद खनन निरीक्षक बबराला बहजोई मार्ग पर गांव बेरी खेड़ा के जंगल में अवैध रूप से चल रहे खनन पर करवाई के लिए पहुंच गए। जहां पर उन्होंने अवैध खनन कर लेकर आ रहे ट्रैक्टर ट्रालियों को रोक लिया। खनन निरीक्षक ने तीन ट्रैक्टर ट्रालियों का ऑनलाइन चालान काटा तो वहीं एक ट्रैक्टर ट्राली को सीज किया है। खनन निरीक्षक मोहम्मद हलीम ने बताया कि कर ट्रैक्टर ट्रालियों पर अवैध खनन के मामले में कार्रवाई की गई है।

मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराई चार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ एक पक्ष से दो सभासद समेत तीन के खिलाफ दर्ज है रिपोर्ट

अमृत विचार : मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने भाजपाइयों के रोष के चलते दूसरे पक्ष की ओर से भी दो नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जबकि इस मामले में प्रथम पक्ष की ओर से दो सभासद समेत तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज है।

संभल गेट निवासी कुलदीप कुमार पुत्र रामकिशोर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी सरकारी अस्पताल के सामने संभल गेट पर मोबाइल रिपेयर की दुकान है। कुछ दिन पूर्व आकाश सिंह उसकी दुकान पर आया और मोबाइल पार्टस लेने लगा। माल के पैसे को लकर कहासुनी हो गई थी। इसके चलते 18 मार्च की दोपहर तीन बजे वह बड़ा बाजार स्थित एमजी कॉम्प्लेक्स से मोबाइल का सामान लेकर निकल रहा था। उसी समय बाइक सवार आकाश सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी खेड़ा दास थाना फैजगंज बेहटा जिला बदायूं अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी और हिमांशु पुत्र मनोज व दो अज्ञात साथियों ने उसके साथ गाली-गलौच की। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की। बीच बचाव कराने आए भाई को भी पीटा। तहरीर पर आकाश निवासी गांव खेड़ा खास, हिमांशु व दो व्यक्ति अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जबकि इस मामले में प्रथम पक्ष के शेखर पुत्र राकेश सिंह निवासी खेड़ा दास थाना फैजगंज बेहटा जिला बदायूं की ओर से सभासद नवकांत, सभासद अमन व उसके भाई कुलदीप निवासी गण संभल गेट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है।

बस स्टैंड पर आरएम ने बंद कराया पराग स्टाल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ चन्दौसी रोडवेज बस स्टैंड का किया निरीक्षण

अमृत विचार : पीतल नगरी डिपो के आरएम ने रोडवेज बस स्टैंड का निरीक्षण किया। जिसमें बिना टेंडर के पराग का काउंटर चलता मिलने पर उसे बंद करा दिया। स्टैंड परिसर में लगी एक फ्लैक्सी को उतरवा दिया गया। निरीक्षण में यात्रियों से संबंधित सुविधाओं का की जानकारी की। इसके बाद आरएम मुरादाबाद के लिए रवाना हो गईं।

बुधवार की अपराह्न साढ़े तीन बजे पीतल नगरी डिपो की आरएम ममता सिंह रोडवेज बस स्टैंड का निरीक्षण करने पहुंची। जहां निरीक्षण में रोडवेज परिसर में बने स्टालों को चेक किया।

जिसमें एक पराग की स्टाल के कागजात मिले। मगर स्टाल स्वामी कागजात नहीं दिखा सका। बताया गया कि स्टाल का टेंडर की अवधि खत्म हो चुकी है, दोबारा टेंडर नहीं कराया गया है। इसके बाद आरएम ने स्टाल में ताले लगवाने के निर्देश दिए। स्टैंड परिसर में लगी फ्लैक्सी को उतरवा दिया गया।

इसके बाद आरएम ने रोडवेज स्टैंड परिसर में यात्रियों की बैठने, पीना का पानी, शौचालय आदि की व्यवस्थाएं देखीं।

कुछ व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश कार्यवाहक स्टेशन इंचार्ज महेंद्र कुमार को दिए। आरएम ने पूछने पर बताया कि चन्दौसी डिपो की भूमि पावर हाउस में चिंहित कर ली गई है। आचार संहिता हटने के बाद कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। इस अवसर पर एआरएम फाइनेंस पीएल मिश्रा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

नाबालिग के अपहरण में दो को 7 वर्ष की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : अदालत ने नाबालिग के अपहरण के दो आरोपियों को सात-सात वर्ष के कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामला जनपद संभल के थाना गुनौर क्षेत्र का है।

इस मामले में थाना गुन्नौर में करन सिंह पुत्र राजू निवासी मोहल्ला सराय कस्बा व थाना गुन्नौर, रोहताश पुत्र करन सिंह उर्फ कल्लू निवासी गांव ईसमपुर थाना बहजोई जनपद संभल के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुकदमा न्यायालय स्पेशल पॉक्सो कोर्ट जनपद बदायूं में विचाराधीन था। बुधवार को मुकदमे में सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने आरोपी करन सिंह व रोहताश को धारा 363/34 आईपीसी में दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष के कारावास व 10-10 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सजा कराए जाने में एडीजीसी अमोल जौहरी का सहयोग रहा।

होली महोत्सव मनातीं ब्राह्मण महिला सभा की पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

ब्राह्मण महिला सभा ने मनाया होली महोत्सव

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : ब्राह्मण महिला सभा के द्वारा बुधवार की शाम पांच बजे सभा की संयोजिका संगीता भार्गव के स्टेशन रोड स्थित आवास पर आंवला एकादशी जिसे रंग एकादशी भी कहते हैं हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ अतिथि सुमन भार्गव और सभा की महामंत्री रंजना शर्मा द्वारा गणेश भगवान के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। समस्त सदस्यों द्वारा गायंत्री मंत्र का जाप किया गया। महामंत्री रंजना शर्मा ने आंवला एकादशी व्रत के विषय में बताया। पूजन के पश्चात सभी सदस्यों ने एक दूसरे को रंग- गुलाल लगा कर शुभकामनाएं दीं। उत्सव में उर्मिला शर्मा, रानी शर्मा, शालिनी शर्मा, सुधा शर्मा, निर्मला शर्मा, सुमन मिश्रा, परवीन शर्मा, रेखा शर्मा, सुनीता शर्मा, अंशु नागर, इंद्रेश शर्मा आदि की सहभागिता रही।

दावेदारी डा. शफीकुर्रहमान बर्क के इंतकाल के बाद संभल आये थे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

अखिलेश ने जिया को सौंपी डा.बर्क की राजनीतिक विरासत

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के इंतकाल के बाद संभल सीट पर सपा टिकट के लिए तमाम दिग्गजों की दावेदारी और उठापटक को नजरअंदाज कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आखिर पोते जियाउर्रहमान बर्क को उनके दादा डा. बर्क की राजनीतिक विरासत सौंप दी। जियाउर्रहमान बर्क को संभल से सपा प्रत्याशी घोषित किया गया तो समर्थक झूम उठे।

संभल लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी के सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क को समाजवादी पार्टी ने अपनी पहली ही सूची में संभल सीट से पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया था लेकिन चुनाव से पहले ही 27 फरवरी को डा. बर्क का इंतकाल हो गया तो संभल से सपा के टिकट के लिए कई दावेदार मैदान में आ गये। इन सबके बीच कुंदरकी से सपा विधायक डॉ. बर्क के पोते जियाउर्रहमान बर्क को टिकट की मांग समर्थकों ने उठाई। पोते जियाउर्रहमान को दादा डा. शफीकुर्रहमान बर्क की राजनीतिक विरासत सौंपकर संभल से सपा टिकट की बात लखनऊ में अखिलेश यादव तक पहुंची। इस बीच 6 मार्च को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सांसद बर्क परिवार को शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए संभल पहुंचे तो उन्हें भी समर्थकों ने अपनी भावनाओं से अवगत कराया।

पोते को मिला टिकट तो झूमे समर्थक : संभल : बुधवार को दोपहर बाद समाजवादी पार्टी ने संभल लोकसभा सीट से डा. बर्क के पोते जियाउर्रहमान बर्क को टिकट का एलान किया तो समर्थक खुशी से झूम उठे। शहर में कई जगह आतिशबाजी कर पार्टी के फैसले का स्वागत किया गया। हालांकि सांसद बर्क की मौत के बाद गमगीन माहौल के चलते उनके घर पर किसी तरह की खुशी का कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया।

अपने दादा डा. बर्क से किसी मसले पर चर्चा करते जियाउर्रहमान बर्क। फाइल फोटो

जियाउर्रहमान को टिकट का संकेत दे गये थे अखिलेश

संभल। सगीर पैलेस में डा. शफीकुर्रहमान बर्क के दसवें में अखिलेश यादव शामिल होने के लिए पहुंचे तो उन्होंने जियाउर्रहमान बर्क को लोकसभा टिकट का संकेत देते हुए कहा था कि मैं आपकी भावना को समझता हूं, उस पर अमल करूंगा। इस बात का सीधा मतलब यही निकाला गया कि अखिलेश यादव ने जियाउर्रहमान बर्क को टिकट का मन बना लिया है। तभी से समर्थक मानने लगे थे कि अब टिकट में कोई संशय नहीं है।

खोद दिए फुटपाथ, पूरा नहीं हुआ सड़क निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : नगर पालिका की ओर से शहर में कुछ सड़कों पर दस दिन पहले ही निर्माण कार्य शुरू कराकर छोड़ दिया गया। जिससे फुटपाथ से ईंटे हटने से आवागमन में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि तीन-चार दिन में सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ होने का आश्वासन दिया गया है।

नगर पालिका परिषद को आधा दर्जन सड़कों का निर्माण कार्य कराना है। जिसका टेंडर सहित अन्य सभी कार्य पूरे हो गए हैं। एक सप्ताह पहले कुछ स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया।

मगर अचानक से कार्य रोक दिया गया। जिससे मुंसिफ रोड पर सड़क निर्माण को लेकर सड़क के एक साइड फुटपाथ से ईंटे हटा दी गई हैं। मगर जब निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो आवागमन में परेशानी होने पर दुकानदारों ने उन ईटों को स्वयं ही फुटपाथ पर बिछा दिया। जिससे आवागमन में होने वाली परेशानी कम हो सके हैं।

चन्दौसी के मुंसिफ रोड पर खोदा गया फुटपाथ। ● अमृत विचार

> कुछ दिन पहले सड़कों का निर्माण कार्य ठेकेदारों द्वारा प्रारंभ कर दिया गया। मगर किसी कारण की वजह से कार्य रोकना पड़ा था। तीन-चार दिन में कार्य प्रारंभ हो जाएगा। -लता वार्ष्णेय, नगर पालिकाध्यक्ष

सार संक्षेप

मतदान के लिए जागरूक करते युवा व्यापारी। ● अमृत विचार

शत प्रतिशत मतदान के प्रति किया जागरूक

चन्दौसी, अमृत विचार : अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में व्यापारियों की बड़ा बाजार में बैठक हुई। व्यापारियों ने हाथों में पंफलेट लेकर मुख्य बाजारों में भ्रमण कर लोगों को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान शपथ भी दिलाई गई। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है और व्यापारियों के लिए अपनी बात रखना जरूरी है। सभी को वोट देने का अधिकार है। मतदान करके आप बदलाव ला सकते हैं। सभी को शतप्रतिशत मतदान करना चाहिए। इसके बाद व्यापारियों ने हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर नगर के मुख्य बाजारों में भ्रमण किया और नागरिकों व व्यापारियों को मतदान के प्रति जागरूक किया। अंत में राजू चड्ढा ने व्यापरियों को किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। सभासद अमन कोरी ने होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सौहार्द एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मयंक वार्ष्णेय, तुषार वार्ष्णेय, महताब, शिशिर वार्ष्णेय, उमेर समशी, विक्की रस्तोगी, नीलू रस्तोगी आदि रहे।

मतदान के प्रति जागरुक करतीं वूमेन शिखर की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

नुक्कड़ नाटक से मतदान के प्रति किया जागरूक

चन्दौसी, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर ने बुधवार को नगर से सटे गांव तारापुर स्थित स्कूल में मतदान जागरूकता अभियान चलाया। स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर गांव के सभी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। बताया गया कि मतदान करना हमारे लिए कितना जरूरी है। इसीलिए सभी से अनुरोध किया गया कि सभी काम के साथ-साथ मतदान करना भी उतना ही जरूरी है। यदि हमारी सरकार अच्छी होगी तो देश तरक्की करेगा। ग्रुप की अध्यक्ष शालिनी शर्मा ने लोगों से मतदान करने का आह्वान किया। सचिव शालिनी सक्सेना ने मतदान का महत्व समझाते हुए सभी को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर शीनू शर्मा, सुमन शर्मा, कविता शर्मा, नंदिनी अग्रवाल, शिखा शर्मा मौजूद रहीं।

राष्ट्र सेविका समिति की पदाधिकारियों ने खेली होली। ● अमृत विचार

एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली खेली

चन्दौसी, अमृत विचार : राष्ट्र सेविका समिति की ओर से आवास विकास कालोनी में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यवाहिका रंजना शर्मा द्वारा मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए जागरूक होना चाहिए। बैठक के बाद उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दीं। फूलों की होली भी खेली। इस अवसर पर सुमन मिश्रा, सुधा शर्मा, आरोही शर्मा, रानी शर्मा, उर्मिला शर्मा, निधि गुप्ता, शालिनी गोयल, छवि रस्तौगी, सुनीता शर्मा, वर्षा सिंधी, अंजुला शर्मा, बीना शर्मा, रेनू शर्मा, मल्लिका गोयल आदि सदस्यों की भागीदारी रही। अध्यक्षता रंजना शर्मा ने की। संचालन रेनू शर्मा ने किया।

परिषदीय स्कूल में पट्टियों पर बैठकर परीक्षा देते बच्चे। ● अमृत विचार

कहीं फर्नीचर तो कहीं नीचे बैठकर दी परीक्षा

संभल/गुन्नौर, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बुधवार से वार्षिक परीक्षा शुरू करा दी गई। कहीं बच्चों ने फर्नीचर तो कहीं नीचे पट्टियों पर बैठकर परीक्षा दी। परीक्षा 27 मार्च को संपन्न होगी। परिषदीय स्कूलों में परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई थी। बुधवार को स्कूलों में पहली पाली में सुबह 9.15 बजे से 11.45 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 12.15 बजे से 2.45 बजे तक कक्षा एक से आठ तक के बच्चों ने परीक्षा दी। इस बीच स्कूलों में नजारे भी अलग-अलग दिखे। कहीं बच्चों ने पट्टियों पर बैठकर परीक्षा दी तो कहीं फर्नीचर पर बैठे दिखे। दूसरी तरफ खंड शिक्षा अधिकारी गुन्नौर देवेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा से शुरू हो गई है। 24 से 26 मार्च तक होली की छुट्टी रहेगी। परीक्षा का समापन 27 मार्च को होगा। मूल्यांकन परीक्षा के साथ ही होगा। कक्षा एक से आठ के किसी भी विद्यार्थी को फेल नहीं किया जाएगा। परीक्षा परिणाम जारी करने के समय अभिभावकों को मूल्यांकन की गई कॉपियां दिखाई जाएगी और रिजल्ट दिया जाएगा।

शिविर समापन के अवसर पर मौजूद अतिथि व बच्चे। ● अमृत विचार

समाज व राष्ट्र की सेवा में जुटें स्काउट एवं गाइड

बबराला, अमृत विचार : गवां बबराला मार्ग पर गांव बाघऊ स्थित साईं पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का बुधवार को समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन अतिथियों ने शिविर का निरीक्षण किया और गाइड से शिविर के दौरान मिले प्रशिक्षण की जानकारी ली। शिविर समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टोली को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि प्रिंस शर्मा ने कहा कि स्काउट हमें दूसरों के लिए जीने की कला सिखाता है। आपातकाल में कैसे रहें और सीमित संसाधनों में अपने भोजन पानी की व्यवस्था करने आदि सीख मिलती है। प्रबंधक उत्तम कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउट एवं गाइड को निस्वार्थ भाव से समाज व राष्ट्र की सेवा का कार्य करना चाहिए। प्रधानाचार्या उषा शर्मा, मोहित कुमार, अध्यापिका सीता वार्ष्णेय आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम्।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

संपादकीय

प्रधानमंत्री की भूटान यात्रा

लोकसभा चुनाव प्रचार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिवसीय यात्रा पर भूटान जा रहे हैं। इस दौरान वह भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और उनके पिता जिग्मे सिंग्ये वांगचुक (भूटान के पूर्व नरेश) से मुलाकात करेंगे। बुधवार को प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि यह यात्रा दोनों पक्षों को पारस्परिक हित के द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करने और दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए हमारी अनुकरणीय साझेदारी को विस्तारित एवं मजबूत करने के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगी। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित रूप से होने वाली उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की 'पड़ोसी प्रथम की नीति' पर जोर देने की कवायद के अनुरूप है। चीन के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री की इस यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भूटान पारंपरिक तौर पर भारत के करीब रहा है। भारत और चीन भूटान में अपने सामरिक और सीमाई हित देखते हैं। बीते सालों में भूटान में भारत से निर्भरता घटाने और अपने हितों में विस्तार के लिए इतर भी संभावनाएं तलाशने पर राय बन रही है। भूटान भारत और चीन के मध्य अवस्थित है। चीन ने हाल के दशकों में वैश्विक स्तर पर तरक्की की है और भूटान पर उसके साथ सीमा विवाद को सुलझाने का दबाव बढ़ रहा है। भूटान चीन के साथ 477 किमी का बॉर्डर साझा करता है। चीन 1961 से ही भूटान के एक इलाके पर दावा करता आ रहा है। भूटान और चीन 1984 से सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

इस बीच भूटान ने अपनी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखते हुए भारत के साथ संबंध प्रगाढ़ किए और चीन के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने का मार्ग अपनाया। चीन और नेपाल की नजदीकियां सामरिक और व्यापारिक तौर पर बढ़ी हैं तथा चीन अपने पूर्वी तट से भी सामरिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में भूटान को अपने आंतरिक घेरे में लेने की चीन की कवायद गौर करने लायक है। जबकि भूटान की विकास परियोजनाओं का भारत ने न सिर्फ खाका खींचा है, बल्कि उनमें भारी निवेश भी किया है। भारत ने भूटान में अरबों डॉलर का निवेश किया है। अपनी तरफ से भारत भूटान का सबसे बड़ा विकास साझेदार बना रहेगा। विश्लेषकों के मुताबिक यह यात्रा दोनों पक्षों को अनूठी साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करने और भारत भूटान के बीच मित्रता व सहयोग के स्थायी संबंधों का विस्तार करने के तरीकों साधनों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगी।

अभी बहुत दूर है लोकतंत्र की मंजिल

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता परिवर्तन का आंदोलन नहीं था, वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक-सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाहकर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया और मान लिया कि संप्रभुता का स्रोत जनता है, लोक जीवन है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और आंदोलन शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया था और मान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत जनता है।

> राष्ट्रीय आंदोलन पर विचार करें तो महात्मा गांधी ने पहचान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत लोक चेतना में होता है। उन्होंने जनता को जनार्दन कहा था। कहा ही नहीं था, हृदय से स्वीकार किया था। यह विश्वास उनके चिंतन का और सत्याग्रह आंदोलन का आधार था।

अभी हम लोकतंत्र के मार्ग पर चल रहे हैं, फिर भी लोकतंत्र की मंजिल अभी बहुत दूर है। रास्ते में अनेकानेक रुकावटें और बाधाएं आ रही हैं और हमारा संघर्ष उन बाधाओं से चल रहा है, लेकिन हम लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। ये बाधाएं और रुकावटें बहुत ही शक्तिशाली हैं। सामंती मानसिकता हो या व्यक्ति और वर्ग के स्वार्थ हों। कदम-कदम पर कांटों की तरह चुभते हैं। कोई दल ऐसा नहीं, जहां जनता के प्रति निष्ठा का महत्व हो। कहने को तो सभी यही कहते हैं कि हम जनता के सेवक हैं और जनता के लिए प्राण न्यौछावर कर देंगे, किंतु वास्तविकता यह है कि प्रत्येक दल में नेता या सुप्रीमो के प्रति व्यक्तिगतनिष्ठा का महत्व है। नेता के जयजयकार और यश-गायन से ही मेवा मिलती है तो कोई जनता की सेवा भला क्यों करेगा?

हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी समस्या है, लोक से अपरिचय। लोक के प्रति हमारे शासकों का अंग्रेजों के जमाने से चला आया नजरिया। महात्मा गांधी ने भारत की पैदल यात्राएं भी कीं, लोक को जगाया और लोकमानस में जगह बनाई, लेकिन उनके बाद लोक संपर्क के सरकारी विभाग बन गए। चुनाव के समय जनता में गए जरूर पर लोकजागरण के लिए नहीं, भ्रमित करके वोट पाने के लिए। अनेक देशों में लोकतंत्र का विस्तार और उसकी प्रकृति को समझने के लिए विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग हैं। भारत के अधिकांश विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग नहीं हैं।

हमारे लोकतंत्र की समस्याओं के समाधान का रास्ता विदेशों से होकर आता है। विशेषज्ञों के दल विदेशों में जाते रहे हैं, अभी भी जाते हैं। वे कुछ शब्द विदेशों से आयात कर के ले आए, लोकतंत्र के प्रतिनिधियों ने कमर कस ली कि भारत के लोकतंत्र को इन शब्दों के चौखटे में जड़ के ही मानेंगे। हथौड़ा चला रहे हैं, परेशान हैं कि भारत का लोकतंत्र इन शब्दों के चौखटे में क्यों नहीं आता? दूसरों को देखकर हम चलना सीख सकते हैं, दूसरों के पैरों से नहीं चल सकते। चलने के लिए पैर भी अपने होंगे और रास्ता भी अपना होगा। ग्लोबल युग है तो संसार के देशों से मेलजोल, आदान-प्रदान जरूरी है, होगा। विशेषज्ञों के दल आएंगे और जाएंगे, ठीक है, सवाल यह है कि क्या किसी एक विशेषज्ञों के दल ने भी इस विशाल देश के लोगों के जीवन में गहरे स्तरों पर पंहुचकर लोकमानस की विषमताओं, विडंबनाओं, संगतियों, विसंगतियों, आस्थाओं, कल्पनाओं, सपनों को समझने का कोई एक भी सच्चा और योजनाबद्ध प्रयास किया?

राष्ट्रीय आंदोलन पर विचार करें तो महात्मा गांधी ने पहचान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत लोक चेतना में होता है। उन्होंने जनता को जनार्दन कहा था। कहा ही नहीं था, हृदय से स्वीकार किया था। यह विश्वास उनके चिंतन का और सत्याग्रह आंदोलन का आधार था। उन्होंने जान लिया था कि जनता उनको शासक मान रही है, तभी तक वे शासक हैं, जिस क्षण जनता उनको अस्वीकार कर देगी, उसके बाद वे शासक नहीं रह जाएंगे। इसलिए उन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाया। नमक कानून को तोड़ना तो एक प्रतीक भर था, लेकिन यह साम्राज्य को एक चुनौती थी। हम तुमको और तुम्हारे कानून को अस्वीकार करते हैं, तुम्हारी अवज्ञा करते हैं, हम तुमसे अब नहीं डरते। लोगों का मन बदल गया, लोग निर्भय हो गए। शासक भय दिखाकर शासन करता है, किंतु जब उसके सामने यह चुनौती आ गई कि सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है। भय समाप्त, शासन समाप्त। भारत छोड़ो आंदोलन वाले दिन गांधीजी ने बतला दिया कि संप्रभुता के स्रोत तुम स्वयं हो। तय कर लो कि अब अंग्रेज तुम्हारे शासक नहीं हैं।

भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता-परिवर्तन का आंदोलन नहीं था, वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक-सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाहकर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया और मान लिया कि संप्रभुता का स्रोत जनता है, लोक जीवन है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और आंदोलन शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया था और मान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत जनता है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और जनतंत्रात्मक शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय जीवन की सामजिक-राजनैतिक, सांस्कृतिक-आर्थिक-साहित्यिक समस्त गतियों का केन्द्र लोकजीवन है। विचार कीजिए कि क्या यह लोकतंत्र किसी राजा-बादशाह अथवा सम्राट ने कृपा पूर्वक दे दिया था। क्या यह लोकतंत्र एक दिन आसमान से बरस पड़ा था। क्या संविधान सभा ने किसी सनक या उत्तेजना में लोकतंत्र के मार्ग का वरण कर लिया था। वास्तव में लोकतंत्र लोक जीवन के युगयुगीन संघर्ष का प्रतिफल है। संप्रभुता राज सिंहासन या राजमुकुट में से नहीं निकलती, संप्रभुता का स्रोत तो लोकचेतना ही है। लोकमानस की स्वीकार्यता। लोकमानस अस्वीकार कर दे तो सम्राटों के सिंहासन भी हिल जाते हैं।

देशी हों या विदेशीः क्रूर राजाओं आक्रांताओं, दस्युओं, बादशाहों, सामंतों, जमींदारों ने क्या-कुछ कम जुल्म ढाए थे? लोक जीवन-लोक संस्कृति, लोक आस्था एवं लोकविश्वास को कुचलने में कोई कसर छोड़ी थी क्या? बार-बार निर्मम प्रहार किया, परंतु वे प्रहार करने वाले इतिहास के मलबे में दबकर खाद बन गए और विजयिनी लोक संस्कृति का विटप महक रहा है। संप्रभुता का स्रोत अस्त्र-शस्त्रों में नहीं होता। अस्त्र-शस्त्रों या सैन्यबल से कुछ समय के लिए जनता को दबाया तो जा सकता है, किंतु जैसे ही जनता अपनी एकता की शक्ति को पहचान कर खड़ी हो जाती है, तब वह सैन्य बल बिखर जाता है। संप्रभुता का स्रोत लोकचेतना में है। आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारी आधारभूत समस्याओं का मूल है, तंत्र की लोक से अनपहचान। तंत्र में वे सभी बुद्धिजीवी भी हैं, जो लोक को अभी भी रैयत या प्रजा समझ रहे हैं।

एक न्यायमूर्ति के मुंह से तंत्र के मन की बात रपट पढ़ी थी, जब उसने कहा था कि देश की 90 जनता ईडियट है और क्या सामंतवाद के सींग होते हैं? यही वृत्ति उन शिक्षाशास्त्रियों की है, जो अपने राजनैतिक आश्रयों के मत-वाद को परम-तत्व के समान मानकर उनका साहित्यिक भाष्य करते रहे हैं।

प्रसंगवश

उम्र के जालिम जाल-फरेब

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

लोगों की उम्र उनकी जन्मतिथि से निकाली जाती है। वैज्ञानिक दायरों में इसे समयबद्ध आयु (क्रोनोलॉजिकल एज) कहते हैं। इस नाप के साथ कुछ बुनियादी मुश्किलें जुड़ी हैं। पचास-पचपन साल का एक इंसान मजे से हाफ मैराथन दौड़ लेता है। जबकि उसी उम्र के दूसरे मनुष्य के लिए अक्सर बाजार से सब्जी लाना भी पहाड़ हो जाता है। इस फर्क को समझने के लिए जैविक उम्र (बायोलॉजिकल एज) की धारणा आई जिसका इस्तेमाल सेक्सोलॉजी, संतानोत्पत्ति और जीवनशैली से जुड़े चिकित्सा क्षेत्रों में किया जा रहा है, लेकिन इंसान की उम्र का खेल समझना उसकी शारीरिक बारीकियों में जाने से कहीं ज्यादा कठिन है।

क्या इस खेल में कुछ भूमिका उसके मन की भी होती है? यदि हां तो कितनी? इसे ठोस रूप में समझने के लिए आत्मगत आयु, सब्जेक्टिव एजिंग की शब्दावली चलन में आई जिसके दो पहलू हो सकते हैं। एक यह कि आप खुद को कितने साल का महसूस करते/करती हैं (फेल्ट एज) और दूसरा यह कि आप कितने साल के होना/दिखना चाहते/चाहती हैं (आइडियल एज)। इस बारे में कामकाजी आंकड़ें पूरी दुनिया में अभी केवल एक संस्था नॉर्वेजियन लाइफ कोर्स, एजिंग एंड जेनरेशन स्टडी (नोरलाग) के पास हैं जिसने सन् 2001 में 40 से 80 साल की उम्र वाले विविध संस्कृतियों और शैक्षिक स्थिति के कुल 6292 स्त्री-पुरुषों से फोन पर फॉर्म भराकर उनकी राय लेना शुरू किया और इस क्रम में 2002, 2007 और 2017 में यानी पहले एक, फिर पांच और दस साल के अंतर पर उनके आयु संबंधी सारे वस्तुगत और मनोगत ब्यौरे इकट्ठा किए।

दुनिया की कई नामी शोध संस्थाएं फिलहाल इन आंकड़ों पर काम करके महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाल रही हैं जिनमें सन् 2020 में आई कैंब्रिज यूनिवर्सिटी की एक स्टडी बहुत खास है। उम्र के उत्तरार्ध में पैदा होने वाली समस्याओं पर केंद्रित इसके विशद निष्कर्षों में एक यह है कि हर इंसान खुद को अपनी वास्तविक उम्र से छोटा महसूस करता है और उससे भी छोटा होना/दिखना चाहता है, लेकिन कमसिन होने की यह इच्छा जीवन को लेकर उसका असंतोष बढ़ा देती है। नतीजा यह कि उसके जीवन की गुणवत्ता और कम हो जाती है।

विलुप्ति की कगार पर कई वन्यजीव प्रजातियां

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> हिमालय की ऊंची पहाड़ियों में भूरा भालू और लाल लोमड़ी भी देखी गई थी, पर आज शायद ही कभी किसी को ये दिखलाई देते हों।

पहाड़ी क्षेत्रों के संदर्भ में विकास के कथित मॉडल को पहाड़ के लोगों के उत्थान से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन स्थानीय जैव विविधता से खेलकर बनाई जा रही सड़कें, बांध व कंक्रीट के बढ़ते जंगल दरअसल विकास की दोषपूर्ण अवधारणा की उपज है। हिमालय ने देश के उत्तरी भाग में जीवन और सभ्यता के विकास के लिए आवश्यक जलतंत्र की रचना सहित वन और जैव संपदा के विशाल भंडार से हमें नवाजा है, लेकिन बीते कुछ दशकों में हमने अपने हितों के लिए जिस बेरहमी से हिमालय और उसकी उपत्यकाओं से अंधाधुंध छेड़छाड़ की, उसी का परिणाम है कि आज कई वन्य जीवों की प्रजातियां या तो पूरी तरह से लुप्त हो गई हैं या फिर विलुप्ति की कगार पर हैं।

उत्तराखंड के संदर्भ में जिन पशु-पक्षियों के जीवन पर वन व वनस्पतियों के विनाश, मौसम परिवर्तन, जंगल की आग, हिम रेखा के सिकुड़ने, भोजन की कमी तथा वन तस्करों की बढ़ती सक्रियता के कारण संकट उत्पन्न हुआ है, उनमें हिमबाघ, गुलदार, कस्तुरी मृग, भालू, जंगली सुअर, काकड़, घुरड़, जंगली मुर्गी, मोनाल, चितराल, जंगली बिल्ली, खरगोश, चकोर, बटेर, मछलियों में महासीर आदि शामिल हैं। वन पक्षी एवं पशु संरक्षण अधिनियम, भारतीय वन अधिनियम, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम आदि कई कानून जंगल के जानवरों की सुरक्षा के लिए बने हैं, परंतु कथित विकास के सामने ये तमाम कानून बेअसर हैं।

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रहे सड़क व बांध निर्माण तथा पर्यटन विकास के नाम पर हो रहे कार्यों से जहां पहले से ही अस्थिर भू-क्षेत्र में अनेक खतरे पैदा हो रहे हैं, वहीं कभी हजारों की संख्या में पाई जाने वाली विशिष्ट हिमालयी प्राणियों की नस्लें लुप्त होने को अभिशप्त हैं। हिमालय में मौसम परिवर्तन तथा वन्य क्षेत्र में मानव की बढ़ती दखलंदाजी की सर्वाधिक मार हिमबाघ पर पड़ी है। ऊपरी हिम आच्छादित क्षेत्र में हिमबाघ अब दिखाई नहीं देते। अस्सी के दशक में उत्तराखंड में छह हिमबाघ पाए जाने की सूचना वन विभाग के पास थी।

इसी तरह भागीरथी, मंदाकिनी व अलकनंदा के जल ग्रहण क्षेत्र में पाई जाने वाली जंगली बिल्ली व पैंथर भी अब दिखलाई नहीं देते। घटते वन क्षेत्र, नदियों से छेड़छाड़, अवैध अतिक्रमण तथा मानव प्रभाव से भयभीत ये वन्य जीव लुप्त होने को बाध्य हैं। यदि सरकार ने समय रहते गंभीरता से इनके संरक्षण के प्रयास किए होते तो ये जीव आज हिमालय के अपने प्राकृतिक आवासों पर विचरण रह होते। अनेक सुंदर हिमालयी जीव अपने को जीवित रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन्हीं में से एक है, उत्तराखंड का राज्य पशु कस्तुरी मृग। इसकी नाभि में मौजूद सुगंधित कस्तुरी के कारण इसका बहुत महत्व है, पर यह कस्तुरी ही इस खुबसूरत जीव के विनाश का कारण बन रही है। एक कस्तुरी मृग से एक समय में 25 से 30 ग्राम कस्तुरी प्राप्त होती हैं जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लाखों में है। यही कारण है कि यह खुबसूरत मृग शिकारियों द्वारा मारे जा रहे हैं। कभी पहाड़ में इनकी अच्छी खासी संख्या थी, पर आज ये अंगुलियों में गिनने लायक रह गए हैं। जाड़ों में भारी हिमपात के कारण मृग निचले इलाकों में चले आते हैं और आसानी से मारे जाते हैं।

हिमालय की ऊंची पहाड़ियों में भूरा भालू और लाल लोमड़ी भी देखी गई थी, पर आज शायद ही कभी किसी को ये दिखलाई देते हों। सड़क निर्माण के लिए हो रहे विस्फोटकों की भयावह आवाज से भयभीत वन्य जीव पलायन को विवश है। प्रतिकूल परिस्थितियों को सहनकर जो विजयी है, वही जीवित भी है। जंगली बकरा भी विलुप्त होने के कगार पर है। यह बुरांस तथा बेतुला के वृक्षों से आच्छादित जंगल में रहना पसंद करता है, पर मानवीय हस्तक्षेप और हर साल जंगलों में आग लगने से कई वन्यजीवों की तरह यह जीव भी जल कर मरने को शापित है। अगर गुलदार और बाघ की बात करें तो ये नरभक्षी हो चले हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि जंगल में न तो इनके लिए सघन वन क्षेत्र रह गया है और न ही शिकार के लिए पर्याप्त जानवर। कहीं संसाधनों की कमी है तो कहीं मैनपावर की। एक अन्य रक्षित प्रजाति का जीव हिमालयी थार भी अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। 90 से 100 सेमी ऊंचे इस जीव का वजन सौ किलो से अधिक होता है। यह भी अब विलुप्त हो रही प्रजातियों की सूची में है। अधिकांश वन्यजीव अब राष्ट्रीय अभयारण्यों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। इनकी संख्या कम होती देखकर लगता है कि उजड़ना और खत्म होना ही वन्य जीवों की नियति बनकर रह गई है। यह क्रम जारी रहा तो एक दिन हिमालय की घाटियों में पशु-पक्षियों के कलरव व चहचहाट के स्थान पर केवल सन्नाटा ही सुनाई देगा।

सोशल फोरम

अब तो कहानी हो गई गौरैया

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

गौरैया! हां, जानी-पहचानी चिड़िया। एक जमाना था जब ढेर दिखती थीं। बिजली और टेलीफोन की लाइव लाइनों पर दूर तक एक लाइन से बैठीं दिखती थीं। मुंडेरों पर, खिड़कियों पर और आंगन में कपड़े सुखाने के लिए बंधी रस्सी पर भी।

घर से स्कूल जाने के रास्ते और फिर स्कूल में ढेर चिड़ियां इधर-उधर बैठी दिखतीं। कभी-कभी ऐसा भी होता कि मास्साब पढ़ा रहे होते और मैं ऊपर रोशनदानों में बैठी चिड़ियों के कार्यकलाप देख रहा होता था। मास्साब जाने कब आकर कान उमेठ कर डपट देते-ये चिड़ियां इम्तिहान पास कराने नहीं आएंगी।

दुमंजिले पर घर में एक स्टोर। उसकी खिड़की बाहर की ओर खुलती है। ये कभी-कभार ही खुलती। खिड़की के ऊपर के हिस्से में कांच था। एक दिन कांच थोड़ा सा टूट गया। यानी चिड़ियों के आने जाने के लिए पर्याप्त रास्ता बन गया। किताबों से भरे घर में और किताबें रखने की जगह कम पड़ गई तो पिताजी ने स्टोर में दो रैक टांगकर पुस्तकें भर दीं। चिड़ियों को मौका मिल गया। पुस्तकों के पीछे एक जोड़े ने तिनका-तिनका जोड़कर घौंसला बनाया। थोड़ी मदद मैंने भी कर दी। थोड़ी सूखी घास-फूस लाकर खिड़की पर रख दी। ताकि चिड़िया को तिनका बीनने दूर न जाना पड़े। फिर वो दिन भी आया कि चिड़िया का घोंसला पूर्ण हुआ। उसने अंडे दिए। कुछ दिन बाद उसमें से तीन बच्चे निकले। चिड़िया कहीं से दाना-दुनका चुग कर लाती। बच्चे मां की आहट पाते ही चीं-चीं करके शोर मचाना शुरू कर देते।

बच्चे थोड़ा बड़े हुए। चिड़िया मां ने उन्हें उड़ना सिखाया। चिड़िया का चिड़ा कुछ नहीं करता था। बस बैठा देखा करता था। एक दिन मैंने देखा तीन की जगह दो ही बच्चे हैं। एक पता नहीं कहां चला गया। मां ने आशंका जताई बिल्ली इधर-उधर घूमती रहती है। स्टोर बंद रखा करो। फिर वो दिन आया, बच्चे बड़े हो गए। उन्होंने अपना जोड़ा बना लिया। पुराना जोड़ा जाने कहां फुर्र हो गया। वक्त आगे बढ़ता रहा और उधर पेड़ों के साथ-साथ चिड़ियों की संख्या भी कम होती रही। आज मुझे दूर-दूर चिड़ियां नहीं दिखाई देती हैं। पेड़ भी कट गए हैं।

-फेसबुक वॉल से

पशु पालना स्वास्थ्य संबंधी मुसीबत को निमंत्रण

डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

> पालतू पशुओं से विभिन्न रोगों के मानव तक फैलने के रास्ते अलग-अलग हैं। इनमें से चार प्रमुख मार्ग हैं, श्वासनली, आहारनाल, त्वचा और कीट।

आजकल जानवर पालने का फैशन सा चल पड़ा है। गांवों में रोजी-रोटी के लिए तो शहरों में आधुनिकता की आड़ में अभी यह फैशन चलन में बहुत है। सिर्फ कुत्ता या बिल्ली पालने का शौक होता तो गनीमत भी थी, लोग तो खरगोश, सफेद चूहा, कबूतर, तोता, गिरगिट तक पालने लगे हैं। इनके पालने से जानलेवा बीमारियों का खतरा बना रहता है। पालतू पशुओं से विभिन्न रोगों के मानव तक फैलने के रास्ते अलग-अलग हैं। इनमें से चार प्रमुख मार्ग हैं, श्वास नली, आहारनाल, त्वचा और कीट।

पक्षियों का निमोनिया श्वांस नली के जरिए ही पक्षी से मानव तक फैलता है। किसी भी पक्षी से इस रोग का फैलाव होने की संभावना रहती है। बत्तख और हंस के जरिए तक यह रोग फैल सकता है। आहारनाल के जरिए टाइफाइड रोग फैल सकता है। अगर कोई आदमी अक्सर पशुओं को चूमता है तो उसे इस रोग का खतरा हो सकता है। श्लेषमा के जरिए पागल कुत्ते का रोग होने का खतरा होता है। पागल कुत्ते के काटने या बिल्ली के पंजे से चोट लगने के बाद मनुष्य के शरीर में रोग के विषाणु पहुंचते हैं। कुछ वैज्ञानिक शोध की माने तो कुत्ते-बिल्ली जैसे जानवर पालने वाले ज्यादातर लोग किसी न किसी उन बीमारीयों का शिकार/ ग्रसित हुए रहते हैं, जो पालतू जानवरों से आती है। पालतू बिल्लियों से एक बीमारी फैलती है जिसे वैज्ञानिक भाषा में "कैट स्क्रैच डिसीज" कहा जाता है, जो बिल्लियों की खरोंच से फैलती है, जरूरी नहीं है कि बिल्ली गुस्से में ही खरोंचे, वह आप से खेलते और प्यार जताते हुए भी खरोंच सकती है और इस बीमारी को फैला सकती है। पालतू जानवरों से इंसानों में "रिंगवर्म" जैसी बीमारी का खतरा कुछ ज्यादा ही होता है। यह बीमारी आम तौर पर कुत्तों के द्वारा फैलती है। घरों में कुत्तों के साथ सोने बैठने वाले लोगों में त्वचा संबंधित इस बीमारी का खतरा ज्यादा होता है। यह एक प्रकार के फंगस की बीमारी है। त्वचा पर चकते, दाने और लगातार खुजली इसके प्रमुख लक्षण है। घरेलू पक्षी जैसे तोता, कबूतर, मैना पालने वाले लोगों को आम तौर पर "सिटाकोसिस" नामक बीमारी का खतरा बना रहता है। इसे पैरट फीवर भी कहते हैं, ये बीमारी संक्रमित पक्षी के शरीर से हवा के जरिए फैलती है और अगर हम भी उसी हवा में सांस ले रहे हैं तो बीमारी के वायरस नाक के जरिए हमारे फेफड़ों में पहुंच जाते हैं। बीमारी के लक्षणों में बुखार, डायरिया, सूखी खांसी और शरीर में ठिठुरन शामिल है। इस के लिए एंटीबायोटिक की खुराक लेनी पड़ती है वरना इसे नजर अंदाज करने पर लेने के देने पड़ सकते है।

भारत में दूध, दही के लिए गाय और मांस के लिए बकरी व ऊन के लिए भेड़ का पालन किया जाता है। एक बीमारी है, ब्रुसेलोसिस जो बीमार गाय, बकरी और भेड़ से होती है। आमतौर पर संक्रमित गायों या बकरियों का दूध पीने पर ये बीमारी हो सकती है, लेकिन अगर आप इन पशुओं को पालने के शौकीन हैं तो शरीर पर हुए हल्के-फुल्के जख्मों के जरिए भी इस बीमारी के बैक्टीरिया भीतर पहुंच जाते हैं। इसके लक्षण मौसमी फ्लू से मिलते-जुलते होते हैं। बूढ़े-बुजुर्ग लोगों को इससे सबसे ज्यादा खतरा होता है, क्योंकि इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कमजोर होती है। साल 2015 से 2018 में दक्षिण, उत्तर और यूरोप में "मैड काऊ डिजीज" फैली थी। तब मनुष्य ने अपनी जान बचाने के लिए ही लाखों गायों को बेवक्त ही गला काट दिया था। यह बेहद खतरनाक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जो मरीज की जान भी ले सकती है। पूरी दुनिया को दहशत जदाकर तब इस बीमारी नें सैकड़ों जानें ली थीं। रेबीज पालतू जानवरों से होने वाली सबसे खतरनाक बीमारियों में गिनी जाती है। वायरस से फैलने वाली ये बीमारी पालतू जानवरों में आसपास रहने वाले जंगली जानवरों से आती है और जानवरों की सफाई के दौरान इंसानी शरीर में इसके वायरस प्रवेश कर जाते हैं। याद रखें असावधान होकर पशु पालना जहरीला सांप पालने के बराबर है। सांप काटेगा तो जहर ही निकलना है और जहर जानलेवा होता है।

व्यंग्य

सीटें आईं हैं

मृदुल पांडेय
सहायक अध्यापक

चुनाव की घोषणा हो गई है। छल-दंभ, द्वेष-पाखंड, झूठ-अन्याय से निस दिन लिप्त रहने वाला गाना प्रत्येक बोलेरो में सुनने को मिलेगा। सीटों का सवाल। हर पांच साल में सीट मिलती हैं। कहीं न कहीं कोई उस पर बैठता है। पंचवर्षीय सीटें पंचकोसी परिक्रमा के बाद प्राप्त हो जाती हैं। दूर से दिखने में कठिन लगता है, पर सीटें मिलना आसान है। जनता है किसी न किसी को सीट दे ही देती है। खुद हमेशा अपने पैरों पर खड़ी रहती है। पैरों पर खड़े रहना काफी अच्छा बताया गया है। खासकर अगर पैर खुद के हों, जो अपने पैरों पर खड़ा है, वो होनहार है।

कहावतें कितनी झूठी बना दी गई हैं। होनहार वो है, जो खुद बैठा रहे और दूसरों को खड़ा रखे। शायद इसीलिए बड़े-बड़े ऑफिसों में साहब के आगे सिर्फ दो कुर्सी होती हैं। खैर अब सीटों का बंटवारा होगा। कुछ सीटें इधर जाएंगी, कुछ उधर जाएंगी। सीटों के पैर होते हैं। हर पांच साल में कहीं न कहीं भागदौड़ लगाती रहती हैं, लेकिन कुछ सीटें हैं, जो जल्दी नहीं मिलती। सत्तर सालों में तो नहीं मिली। इनको पाने में बहुत मशक्कत है। पहले प्रधान के घर जाना पड़ता है, प्रधान ब्लॉक भेजता है, ब्लॉक जिले पर भेजता है और जिला फिर वापस स्कूल। हां, ये प्राथमिक विद्यालय की सीटें हैं जिसको पाना सांसद की सीट पाने से मुश्किल काम है। क्योंकि इस पर विधायक नहीं बैठते, सांसद नहीं बैठते, अधिकारी नहीं बैठते। खेत मे हाड़-तोड़ मेहनत करने वाले हल्कू का लड़का बैठता है, शहर जाकर 500 रुपये की दिहाड़ी करने वाले आत्माराम की बिटिया बैठती है। बप्पा को खेत में काम पर सीट नहीं मिली और उनके संतानों को स्कूल में। यही बप्पा-अम्मा हर पांच साल में सबको एक-एक करके सीट देते हुए आएं हैं और इनका खुद का भविष्य जाड़ा-गर्मी बरसात में चटाई पर बैठ सरस्वती की उपासना कर रहा है। क्या किसी को कभी खाक मतलब रहा है? भारत जहां चुनाव को पर्व माना जाता है, वहां सीटें प्रसाद हैं, जो गिन-गिन कर लोगों को दी जाती है। ऐरे गैरे बच्चों को बैठने के लिए नहीं। ऊपर बैठे लोग भी जानते हैं, अगर इनको बचपन में ही सीटें दे दी गईं तो शायद ये हर जगह सीट की ही मांग करेंगे। फिर उनको विश्वविद्यालय में भी सीट चाहिए होगी, नौकरी की भी सीट चाहिए होगी, चुनाव में भी सीट चाहिए होगी। सीट की आदत ही ऐसी है कि अगर लग जाए तो आदमी बिना सीट के नहीं रह पाता। फिर क्यों न उसे कुछ भी करना पड़ जाए। इसलिए इनको सीट नहीं देना है, पर सीटें आई हैं सत्तर साल बाद ही सही सीटें आई हैं। लड़-झगड़कर ही सही। बच्चे खुश हैं। अपनी सीटें ढो रहे हैं। रिक्शे से क्लास तक ले जा रहे हैं। ललचाई आंखो से देख रहें हैं। साफ कर रहे हैं। बंटवारा कर रहे हैं। इनका बंटवारा चुनाव की सीटों से ज्यादा कठिन है, क्योंकि ये पूरा ख्याल रखा गया है कि सीटें पर्याप्त न हों, सबको सीट न मिल सके, कुछ न कुछ कमी जरूर रखनी है। देश के बच्चों में एडजस्ट करने की आदत बचपन से ही डालना है। इसलिए सीट सिर्फ इतनी हों कि लटक-लटक कर एक पर चार-पांच बैठ सकें। किसी स्कूल में सिर्फ कुछ क्लास के बच्चे ही बैठ सकें। ताकि उनको अपने कर्तव्यों का अहसास हमेशा बना रहे कि उनको बस एडजस्ट करना है। आधे में लटकना है और दिखावा करना है कि उनके पास भी सीट हैं। भारत सीटों का देश है और सीटें आईं हैं।

एक नजर

सबलपुर बीतरा गांव की आबादी के नजदीक बारहसिंघा का शव मिला

बिजनौर, अमृत विचार : नांगल सोती थाना क्षेत्र के ग्राम सबलपुर बीतरा में आबादी के निकट बारहसिंघा का शव मिला है। सूचना पर विभाग की टीम ने शव को कब्जे में ले लिया है। सबलपुर बीतरा ग्राम प्रधान के पति मोहम्मद हक ने थानाध्यक्ष अशोक कुमार बताया कि कुमा की बस्ती के निकट हिरण का शव पड़ा है। पहले थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और वन विभाग को इस बात की जानकारी दी गईख् वहां पहुंचे वन विभाग के दरोगा विकास कुमार, वनकर्मी अनुज शुक्ला, अमित कुमार, मोहम्मद उमर ने ग्रामीणों से पूछताछ की। दरोगा विकास कुमार का कहना है कि ऐसा लग रहा है कि कुत्तों ने हिरण को मौत के घाट उतारा है।

हत्या के मामले में समझौते का दबाव बनाने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

नहटौर, अमृत विचार : महिला ने पुत्र की हत्या के आरोपियों पर मुकदमें में समझौता करने का दबाव बनाने, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के आरोप में मामला दर्ज कराया है। खजूरा जट निवासी शकुंतला देवी ने रिपोर्ट में कहा है कि 30 अक्टूबर को उसके पुत्र जबर सिंह की गांव के ही अमरपाल, विजयपाल, प्रताप तथा राजेश आदि ने जंगल में हत्या कर दी थी। जिसके आरोप में तीनों जेल गए थे। अब जेल से छूटकर आए विजयपाल और प्रताप मुकदमें में फैसला का दबाव बना रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

उपचार के बाद वन में छोड़ा जायेगा राष्ट्रीय पक्षी मोर

नगीना, अमृत विचार : राष्ट्रीय पक्षी मोर उपचार के बाद वन क्षेत्र में छोड़ा जायेगा। बुधवार को सामाजिक-आर्थिक वानिकी वन प्रभाग के क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा पे बताया कि दो माह पहले क्षेत्र के गांव नियमानुसार के जंगल में लगभग दो वर्ष की मोरनी (मादा मोर) घायलावस्था में मिली थी। मोर का बायां पैर जख्मी था। मामले की सूचना विभाग के उच्चाधिकारियों को देकर उपचार के लिए उसे वन कार्यालय ले आया गया था, जिसका उपचार पशु चिकित्सालय के चिकित्सक की देख-रेख में कराया जा रहा है। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि समुचित उपचार के बाद पूर्ण रूप से स्वस्थ होने पर इसे वन क्षेत्र में छोड़ दिया जायेगा।

एकादशी जुलूस में हुरियारों ने रंग-गुलाल उड़ाया

सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस और अन्य विभागों के जिम्मेदार रहे चौकन्ना, निर्धारित मार्ग से निकला

संवाददाता, किरतपुर

अमृत विचार: नगर में ऐतिहासिक एकादशी का जुलूस निकला। हुलियारों ने जमकर रंग और गुलाल उड़ाया। जुलूस नगर के मुख्य मार्गो से गुजरा। उधर, सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस मे सीआरपीएफ महिला बटालियन व थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे। बुधवार की सुबह श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर से श्री आदर्श होली रंग कमेटी के तत्वावधान में जुलूस निकला।

सर्व प्रथम गुलाल का जुलूस आंबेडकर मूर्ति, जैन चौराहा के बाद निर्धारित मुख्य मार्गों से होता वापस श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर आ गया, उसके बाद रंग का जुलूस प्रारंभ किया गया। बच्चों और युवाओं ने जमकर गुलाल-रंग उड़ाया। लोग ढोल और बैंडबाजा की थाप पर नाचते जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे। गुलाल जुलूस को नगरवासियों ने पुष्प होली में बदल दिया। थाना प्रभारी उदय प्रताप पुलिस बल के साथ जुलूस में मौजूद रहे। अग्नि शमन विभाग वाहन व स्वास्थ्य विभाग से डॉ.प्रमोद देशवाल टीम के साथ मुस्तैद रहे।

किरतपुर में रंग के जलूस का आरंभ करते कमेटी के कार्यकर्त्ता। ● अमृत विचार

परंपरागत मार्गों से गुजरा एकादशी का जुलूस

नूरपुर, अमृत विचार : जुलूस होली समिति की ओर से बुधवार को होली एकादशी का निकाल गया। इस दौरान होरियारों ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया। एकादशी का जुलूस बैंड बाजा के साथ शिव मंदिर से प्रात: 10 बजे प्रारंभ हुआ। जुलूस परंपरागत मार्गो से गुजरा, जहां पर नगरवासियों ने स्थान-स्थान पर स्वागत किया। ढोल, बाजा, डीजे पर युवाओं ने जमकर डांस किया। जुलूस में समिति के अध्यक्ष उमेश त्यागी, संगठन महामंत्री संजीव जोशी, महामंत्री सरदार रविंद्र सिंह, संरक्षक धर्मेंद्र जोशी, अशोक चौधरी, वीर सिंह, राजीव अग्रवाल, प्रणव मनु गुप्ता, चौधरी जयवीर सिंह, मनोज बंसल, संदीप जोशी, अंकित जोशी, सचिन जोशी, अरुण जोशी, सरदार हरभजन सिंह, अमन, सरदार गुरविंदर सिंह आदि शामिल रहे।

नूरपुर में होली खेलते लोग। ● अमृत विचार

रंग एकादशी जुलूस का जगह-जगह स्वागत

नहटौर, अमृत विचार : श्री आदर्श होली हवन समिति की ओर से बुधवार को रंग एकादशी का जुलूस धूमधाम के साथ निकाला गया। हुरियारे एक दूसरे पर रंग डालते हुए चल रहे थे। कई स्थानों पर जुलूस का स्वागत किया गया। श्री पंचायती मंदिर में पूजा के बाद एकादशी रंग का जुलूस शुरू हुआ, जिसमें विभिन्न प्रकार की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। हुलियारे एक दूसरे पर रंग- गुलाल डालकर बैडबाजों की धुनों पर थिरकते चल रहे थे। मोहल्ला जोशियान में पत्रकार डॉ. सुशील शर्मा एवं अमरकांत शर्मा, सुभाष चंद्र भार्गव, बलवीर दत्त शर्मा की टीम ने जुलूस का स्वागत किया। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी व कस्बा इंचार्ज को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। श्री आदर्श होली हवन समिति के अध्यक्ष शरद जैन, महामंत्री शगुन वर्मा, मुकेश गुप्ता ने जुलूस का नेतृत्व किया।

उत्तराखंड की बसों के डिपो में न आने पर पुलिस करेगी चालान

संवाददाता, नजीबाबाद

▸▸ आरटीआई कार्यकर्ता ने यूपी रोडवेज के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखा था

अमृत विचार: उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों के अतिक्रमण को बढ़ावा देने तथा रोडवेज डिपो में न आने पर पुलिस उनका चालान करेगी। आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने यूपी रोडवेज के प्रबंध निदेशक को इस बात को लेकर पत्र लिखा था। तर्क दिया था कि उत्तराखंड राज्य की बसें मात्र एक रसीद काटे जाने के कारण बाहर से बाहर निकल जाती हैं, इस कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

सूत्रों का कहना है कि कुछ बसें बस स्टैंड के सामने अतिक्रमण को बढ़ावा दे रही हैं। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश जारी किए हैं। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक को पत्र लिखकर ऐसी बसों के खिलाफ चालान की कारवाई को कहा है। उधर, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश सिंह ने क्षेत्रीय प्रबंधक को लिखे पत्र में कहा था कि अगर उत्तराखंड की

रोडवेज बस स्टैंड के बाहर खड़ी बस।

बसें नजीबाबाद रोडवेज डिपो के अंदर आना प्रारंभ कर दें तो डिपो को लगभग 25 से 30 हजार रुपए की प्रतिदिन अतिरिक्त आय होगी। उत्तराखंड राज्य परिवहन निगम के मंडलीय प्रबंधक (संचालन) संजय गुप्ता ने भी सहायक महाप्रबंधकों को पत्र लिखकर चालक परिचालकों को नजीबावाद बस स्टेशन के भीतर वाहनों को ले जाने की कार्रवाई सुनिश्चित कराये जाने तथा निर्देशों की अवहेलना में चालक परिचालकों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के आदेश जारी किए थे।

पकड़े गए आबकारी और आयुध अधिनियम के आरोपी

संवाददाता, नहटौर/ हल्दौर

अमृत विचार: पुलिस ने अलग-अलग स्थान से दो लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि राहुल यादव व विक्रांत राणा क्षेत्र के गांव कादीपुरा में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें बिजलीघर के पास एक युवक कट्टे में कुछ ले जाता दिखाई दिया, जिसे रुकने का इशारा किया गया तो वह भागने लगा। पकड़कर तलाशी लेने के दौरान उसके पास से शराब के 60 पव्वे बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम मगन सिंह निवासी कादीपुरा बताया। कोतवाली मार्ग स्थित पंप के पास कट्टे में शराब भरकर ले जा रहे 22 पव्वे के साथ सुनील कुमार निवासी हमीरपुर को पकड़ा है। हल्दौर पुलिस ने बुधवार को राशिद निवासी अथांई जमरूदीन को एक देशी तमंचा 315 बोर एवं एक कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। इस मामले को पुलिस ने आर्म्स एक्ट में पंजीकृत किया है। उधर, पुलिस ने अंशुल निवासी मोहल्ला को 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल प्रभात कुमार, होमगार्ड लाखन सिंह शामिल रहे।

टीम ने पकड़ी 1000 लीटर देसी शराब

बढ़ापुर, अमृत विचार : थाना पुलिस एवं आबकारी विभाग की टीम ने क्षेत्र से करीब एक हजार लीटर देसी शराब, उपकरण, शराब भट्ठी पकड़कर 10,000 लीटर लाहन नष्ट कर दिया। निक्कू उर्फ कुलविंदर, सुरजीत उर्फ काका निवासी ग्राम मधपुरी जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, रिपोर्ट

कोतवाली देहात, अमृत विचार: पुरानी रंजिश के चलते युवक ने नमाज पढ़कर वापस घर आ रहे युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम महेश्वरी जट निवासी इरफान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की उसका भाई फरमान व शादाब में किसी बात को लेकर पिछले छळ माह से रंजिश चल रही है। रात्रि के 9 बजे उसके भाई फरमान मस्जिद से नमाज पढ़कर वापस अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह मुख्तार के घर के पास पहुंचा तो शादाब ने चाकू से फरमान पर जान लेवा हमला कर दिया। घायल अवस्था में फरमान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर शादाब के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

चोरी के बाद बिखरा बिस्तर। ● अमृत विचार

दिन में बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी, जेवर चोरी

संवाददाता, नहटौर

अमृत विचार: मोहल्ला जोशियान पश्चिम में दिन के समय बंद मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व 22,000 रुपये की नगदी, बर्तन, रसोई गैस सिलेंडर सहित कीमती सामान चोरी कर लिया गया। यहां के अंशुल जोशी के परिवार के सदस्य रंग एकादशी का जुलूस देखने के लिए घर से बाहर था। बताया गया कि बंद मकान का ताला तोड़कर चोर अंदर घुस गए। कमरों के ताले तोड़कर पांच सोने के व तीन चांदी के जेवरात, रसोई गैस सिलेंडर, बर्तन, कीमती सामान और 22,000 रुपये की नगदी चुरा ले गये। जुलूस समाप्त होने के बाद परिवार व पड़ोस के लोग घर वापस लौटने पर चोरी होने का पता चला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

कोर्ट मैरिज के झांसे में फंसी महिला ने दी तहरीर

नहटौर, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव का युवक उत्तराखंड के मेहदूद से कोर्ट मैरिज का झांसा देकर एक महिला को अपने साथ ले आया। घर लाने के बाद अब उसे रखने से मना कर रहा है। इस मामले में महिला ने थाना पहुंचकर पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी। बबीता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बल्लाशेरपुर निवासी हरि सिंह आठ दिन पूर्व उसे कोर्ट मैरिज करने का झांसा देकर उत्तराखंड के महदूद से अपने साथ ले आया। अब वह उसे खाना-खर्चा नहीं दे रहा है। घर में रखने से साफ मना कर रहा है। उसने मेरे पास के 20,000 रुपये भी निकाल लिए हैं। अब जान से मारने की धमकी दे रहा है।

सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकाला

धामपुर, अमृत विचार : बुधवार को रंग की एकादशी पर रंग-गुलाल का नजारा पूरे नगर में देखा गया। जिसके मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा बल को साथ लेकर फ्लैग मार्च निकाला। क्राइम इंस्पेक्टर अता मोहम्मद ने बताया कि होली पर शरारती तत्व पर नजर रखने के लिए सुबह सुरक्षा बल को साथ लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। अगर किसी ने भी होली त्यौहार के दौरान रंग में भंग करने की कोशिश की या कोई असामाजिक गतिविधि में पाया गया तो उसे पुलिस का दंड भुगतना पड़ेगा।

कच्ची शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार किए गए

कोतवाली देहात, अमृत विचार : गश्त के दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को कच्ची शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के ग्राम हाजीपर निवासी रामलाल व अंकित निवासी सिकेडा थाना कोतवाली देहात को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

पेड़ों पर लटके आम के बौर। ● अमृत विचार

आम के पेड़ों पर बौर देखकर गदगद हैं बागवान और स्वामी

कांठ, अमृत विचार : बसंत के मौसम में आम के पेड़ बौर से लदे दिख रहे हैं, जिससे अबकी बार आम की फसल अच्छी होने की उम्मीद जताई जा रही है। बौर को देखकर बाग स्वामी और आम के कारोबारी गदगद दिखाई दे रहे हैं। एक ओर सरसों के खेत पीले रंग की चादर ओढ़े हुए हैं, तो दूसरी ओर गुलाब की खुश्बू भी चारों ओर है। आम के बागों में पेड़ बौर से लदे हुए हैं। बागवान और बाग के स्वामियों का कहना है कि आम के पेड़ों पर लदे बौर देखकर पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष आम की फसल अच्छी रहने के आसार नजर आ रहे हैं। इस बार बौर भी समय से आ गया है। फिलहाल आम की फसल के लिहाज से मौसम भी साथ दे रहा है। आम का उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद जताई जा रही है। बागवानों और पौधों की निगरानी करने वालों का कहना है कि मौसम ने थोड़ा सा भी साथ दिया, तो इस बार आम की फसल अच्छी हो सकती है। तेज हवा और बारिश के चलते आम के पेड़ों का बौर गिर जाता है, जिससे भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर में दो घायल, रेफर

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ई-रिक्शा की टक्कर में दो बाइक सवार घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को गंभीर बताते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव बालापुर निवासी नमित गांव के आंचल (बिजनौर) के साथ वादीगढ़ के गांव भरपुरा से बुधवार की दोपहर बाइक से घर वापस लौट रहे थे। उनकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के बहापुर गांव के पास पहुंची तो बाइक अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा में जा घुसी। दुर्घटना में नमित गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अचल कुमार भी घायल हो गया।

पानी पीने के विवाद में उलझे, शांति भंग में चालान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : हैंडपंप पर पानी पीने के बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस ने नगर के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड के रंजीत पुत्र प्रेम सिंह व जगदीश सिंह पुत्र रामलाल को बच्चों के नल पर पानी पीने को लेकर हुए विवाद के चलते झगड़े पर उतारू होने की शिकायत पर शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

मूकबधिर महिला को पुलिस को सौंपा

पाकबड़ा, अमृत विचार : नागरिकों को घूमते हुए एक मूकबधिर महिला मिली। जिससे लोगों ने उसके बारे में पूछा मगर वह कुछ नहीं बता पाई। बाद में लोगों ने उसे पुलिस के सौंप दिया। मोहल्ला धारीवाल नगर के सामने हाईवे की सर्विस रोड पर एक महिला घूम रही थी। जिसके साथ कोई भी नहीं था। मोहल्लेवासी दीपक राठौर, तनवीर अहमद, राजकुमार राघव, अंकुर सिंह, हाजी गजनफर पाशा, विशाल, विक्रम चंद्रा, आकाश चंद्रा आदि ने महिला से जानकारी करने का प्रयास किया। मगर वह कुछ नहीं बता पाई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। बाद में महिला को पुलिस को सौंप दिया गया।

अवैध शस्त्र रखने वाले पकड़े गए, पुलिस ने की कार्रवाई

किरतपुर, अमृत विचार : अवैध शस्त्र रखने वालों की गिरफ्तारी व ऐसे शस्त्रों की बरामदगी के अभियान में पुलिस ने बुधवार को अभियुक्त को गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज किया। ग्राम हादीपुर उर्फ सरफुद्दीन निवासी दीपक पुत्र चेतराम को पुलिस ने 12 बोर का तमंचा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त का अन्य थाना में भी आपराधिक इतिहास बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट कायम किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में भनेड़ा चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक जय प्रकाश, आरक्षी अमित कुमार, गौरव कुमार व परवेंदर रहे।

तीन पिंजरों में मिले 315 तोते, दो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, स्वार (रामपुर)

▸▸ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों तस्करों को भेजा जेल

अमृत विचार: पुलिस ने कार में तीन पिंजरों में तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 315 तोते बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा है।

बुधवार को कोतवाल संदीप त्यागी को मुखबिर ने सूचना दी कि क्षेत्र से तोतों को पकड़कर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। कोतवाल ने उपनिरीक्षक रामनरेश, अमित कुमार, कांस्टेबल सोमवीर सिंह, विकास कुमार की टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। टीम गांव शेखूपुरा की पुलिया पर पहुंच गई। यहां कार को रुकने इशारा किया तो चालक घबरा गया। कार की गति बढ़ा दी। पुलिस ने पीछा कर कार को रोक लिया। पुलिस दो तस्करों को गिरफ्तार कर कार में रखे तीन पिंजरों में 315 तोतों को कोतवाली ले आई। पूछताछ करने पर तस्करों ने अपना नाम जिला मुरादाबाद के थाना मझोला ई-ब्लॉक काशीनगर निवासी रघुवीर व हिमांशु बताया है। पुलिस ने कार को सीज कर दोनों तस्करों का चालान कर दिया। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि तस्करी के लिए कार में तीन पिंजरों में 315 तोते भरे थे। तोते बरामद कर आरोपियों को जेल भेजा है।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

▸▸ मिलक थाना क्षेत्र का मामला, परिजनों में मचा कोहराम

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव कूप में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने उसके ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

जिला बरेली में थाना सीबीगंज के बादशाह नगर निवासी प्रेम शंकर ने चार साल पहले अपनी पुत्री बबली (24) का विवाह गांव कूप के रहने वाले दुगनपाल के साथ किया था। बुधवार सुबह 11 बजे बबली के पिता घर पहुंचे तो घर के सामने भीड़ जमा थी। पूछने पर बताया कि बबली की तबीयत खराब है। इलाज के लिए उसे मिलक के अस्पताल ले जाया गया है। यह बात सुनते ही प्रेमशंकर मिलक की ओर जाने लगे। दामाद से फोन पर संपर्क किया तो वह टाल मटोल करने लगा। कहा कि वह गांव आ रहा है, लेकिन पिता का दिल नहीं माना और बेटी को देखने की जिद की। इस बीच सूचना मिली कि उसकी बेटी क्योरार रेलवे फाटक पर है तब वह वहां पहुंचा। यहां वह बेटी को देखने की गुहार लगाता रहा, लेकिन दुगनपाल व उसके परिजनों ने बबली को नहीं दिखाया। आरोपी प्रेमशंकर को फाटक पर ही छोड़कर कूप आ गए। घर पहुंचकर दुगनपाल ने अपनी ससुराल में फोन किया और कहा कि बबली की मृत्यु हो गई है। यह बात सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। सभी लोग एकत्रित होकर दोपहर बाद गांव कूप पहुंचे। यहां महिला का शव देख परिजन चीख पुकार मचाने लगे। इस दौरान दुगनपाल से घटना की जानकारी ली तो वह फफक-फफक कर रोने लगा। पुलिस को बुलाने पर वह घर से फरार हो गया। परिजनों ने घटना की सूचना 112 पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ देर बाद कोतवाल धनंजय सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और ग्रामीणों से जानकारी ली। बाद में पुलिस क्षेत्राधिकारी भी पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मजिस्ट्रेट के सामने शव का पंचायतनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। कोतवाली प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि संदिग्ध हालात में महिला की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

अवैध संबंधों के चलते हत्या का आरोप

मृतका के भाई हरिशंकर ने बताया कि शादी के बाद से ही उसका बहनोई दुगनपाल बबली को पीटता था। मारपीट का कारण दुगनपाल का एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग है। उसकी बहन विरोध करती थी। आरोप है कि कई बार फोन पर बात करते हुए पकड़ा गया, उसकी बहन ने समझाया, लेकिन वह नहीं माना। आरोप है कि बुधवार को गला घोंटकर उसकी बहन की हत्या कर दी।

डूंगरपुर के एक और मामले में आज आ सकता है न्यायालय का फैसला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच सपा नेता आजम खां की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। इससे समाजवादी पार्टी को अपने ही गढ़ रामपुर जिले में नुकसान हो रहा है। अब डूंगरपुर के एक और मामले में गुरुवार को फैसला आ सकता है। इससे सपा को एक और बड़ा झटका लग सकता है। अभी तीन चार दिन पहले ही एक मामले में आजम खां को सात साल की सजा हुई है।

मोहल्ला घेर मियां खां निवासी शफीक बानो ने गंज थाने में 19 जुलाई 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें महिला ने बताया था कि उसने 2012 में 283 वर्ग मीटर जमीन खरीदी थी। इसकी रजिस्ट्री के दस्तावेज उसके पास थे। तीन फरवरी 2016 की रात आठ बजकर 15 मिनट पर नगर पालिका के पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, रिटायर्ड सीओ सिटी आले हसन खां, रानू खां, ओमेंद्र सिंह चौहान, सपा नेता फिरोज खां, जिबरान खां, ठेकेदार बरकत अली घर में घुस आए थे। इसके बाद सभी लोगों ने जबरन घर से निकालकर मकान पर बुलडोजर चलवा दिया था। घर में रखे नौ हजार रुपये भी लूट कर ले गए थे। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। बाद में विवेचना के दौरान आजम खां का नाम भी इसमें शामिल कर लिया गया। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट में हो रही है।

शत्रु संपत्ति मामले में नहीं हुई सुनवाई, नौ अप्रैल को होगी

रामपुर, अमृत विचार : शत्रु संपत्ति कब्जा कर उसे जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल करने के मामले में सपा नेता आजम खां, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम, पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और चमरौआ के विधायक नसीर अहमद खां समेत 14 लोगों के खिलाफ कोर्ट में आरोप तय हो चुके हैं। इस मामले में बुधवार को वादी कोर्ट पहुंचे, लेकिन बीमार होने का स्थगन पत्र दिया। इसके चलते कोर्ट में सुनवाई नहीं हुई। अब इस मामले में नौ अप्रैल को सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां के खिलाफ वर्ष 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें शत्रु संपत्ति कब्जाने का भी मामला शामिल है। यह मामला सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अल्लामा जमीर रिजवी ने अजीमनगर थाने में दर्ज कराया था। इसमें शत्रु संपत्ति को जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल करने का आरोप है। जौहर यूनिवर्सिटी का संचालन जौहर ट्रस्ट करता है। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जौहर ट्रस्ट के चेयरमैन आजम खां समेत अन्य सदस्यों को नामजद किया था। पुलिस ने जांच कर कोर्ट में आजम खां, उनके बड़े बेटे अदीब आजम, छोटे बेटे अब्दुल्ला आजम, पत्नी डॉ. तजीन फात्मा, विधायक नसीर अहमद खां, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन सलीम कासिम, मुख्ताक अहमद सिद्दीकी, निकहत अखलाक, जेडआर सिद्दीकी, फसी जैदी, सैयद गुलाम रिजवी, रहमत हुसैन जैदी, वसीम रिजवी, उबैद उल हक, मसूद खां गुड्डू के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। इस मामले की सुनवाई एमपीए-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में हो रही है। बुधवार को कोर्ट में वादी पेश हुए, लेकिन बीमारी के चलते उनके अधिवक्ता की ओर से स्थगन पत्र दिया गया। इसके अलावा शत्रु सह फाइल में कैमरा मैन ने अपने बयान दर्ज कराए।

ट्रैक्टर में दबकर युवक की मौत, तीन अन्य घायल

शेरकोट, अमृत विचार : ट्रैक्टर पलटने से उस पर सवार एक किशोर की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। क्षेत्र के ग्राम नंदगांव निवासी त्रिलोक सिंह अपने पुत्र मन, भतीजे युगांक चौहान और शौर्य के साथ मंगलवार की शाम जंगल से खेत की जोताई करके लौट रहे थे। रास्ते में चकरोड पर अचानक अनियंत्रित होकर टैक्टर पलट गया, जिससे उस पर सवार युगांक नीचे दब गया और अन्य तीनों टैक्टर सवार भी घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोग द्वारा दबे युगांक को टैक्टर के नीचे से निकाला गया। सभी को उपचार हेतु तत्काल धामपुर ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने युगांक को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। युवक की मौत के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

सड़क दुर्घटना में मां -बेटा घायल, मां की हो गयी मौत

धामपुर, अमृत विचार : ट्रैक्टर व बाइक में टक्कर में बाइक सवार मां-बेटा गंभीर घायल हो गये। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मां को मृत घोषित कर दिया। बक्शनपुर निवासी विनीत अपनी मां सुमन देवी को बाइक से लेकर मनकुआ से अपने घर आ था। अचानक ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सुमन देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं थी।

अफजलगढ़ में ऐतिहासिक रंगोत्सव, हुरियारों की मस्ती

संवाददाता, अफजलगढ़

▸▸ जुलूस का आरंभ मोहल्ला चिरंजीलाल से हुआ

▸▸ सुरक्षा के मद्देनजर सीओ, थानाध्यक्ष और पुलिस बल रहा अलर्ट

अमृत विचार: नगर में रंग एकादशी का जुलूस ढोल- नगाड़े की धुन और होली के हुड़दंग से शुरू हुआ। जुलूस में हुरियारों ने जमकर सूखे रंग से सराबोर कर दिया। जुलूस का आरंभ मोहल्ला चिरंजीलाल से प्रारंभ हुआ, जिसमें हुरियारे सूखा रंग भरकर निकले। होली के गानों और ढोल की थाप ने पूरे नगर के माहौल में रंग भर दिया। हुरियार हवन यज्ञ में आहुति भी देते चल रहे थे।

चेयरपर्सन के पति जावेद विकार ने लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। अफजलगढ़ के ऐतिहासिक रंगोत्सव बुधवार को एकादशी से प्रारंभ हो गया। जुलूस होली चौक, मेन बाजार, ढाली बाजार, पीएनबी रोड, बड़ा शिव मंदिर, मोहल्ला गौहर अली खां होते हुये चिरंजीलाल पहुंचकर रुका। आरंभ नारियल फोड़कर तथा रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर किया गया। बच्चों व युवाओं ने जमकर होली खेली। हुरियारों ने एक दूसरे पर जमकर गुलाल उड़ाया। डीजे की गीत पर जमकर ठुमके लगे।

जुलूस में भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, अतुल अग्रवाल, हरिश्चंद्र कर्णवाल, संदीप महेश्वरी, अतुल कुमार जैन, होली समिति के नीरव रस्तोगी, निर्मल चिलवाल, ठाकुर विजयेश सिंह, नितिन विश्नोई, मंयक लोहिया, गौरव गुप्ता, सुमित तेनगुरिया, लव अग्रवाल, रोबिन अग्रवाल, गगन रस्तोगी, हर्ष रस्तोगी, अमित गुप्ता, सतीश काम्बोज, भीम सिंह रावत, सौरभ रूहेला, शरद कर्णवाल आदि काफी संख्या में हुरियार शामिल रहे।

सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अर्चना सिंह, थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा, कस्बा इंचार्ज सुमित राठी, कांस्टेबल राहुल कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे।

चुनाव कमाल का...

- 1971 में विपक्ष के 'इंदिरा हटाओ' नारे पर इंदिरा गांधी का 'गरीबी हटाओ' नारा भारी पड़ा। उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस ने लोकसभा की 545 सीटों में से 352 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस (ओ) के खाते में सिर्फ 16 सीटें ही आई। भारतीय जनसंघ ने चुनाव में 22 सीटें जीतीं। सीपीआई ने चुनाव में 23 सीटें जीतीं। जबकि सीपीआईएम के खाते में 25 सीटें आईं।
- 1977 जनवरी 23 ही वो दिन था जब अचानक इंदिरा गांधी ने आकाशवाणी के जरिए देश में आम चुनाव की घोषणा की। देश में तीन दिन में ही चुनाव संपन्न हो गए। चुनाव 16 से लेकर 19 मार्च 1977 के बीच हुए।
- 22 मार्च 1977 को आए चुनाव नतीजे ने कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया। चुनाव में कांग्रेस गठबंधन को मात्र 153 सीटें ही मिली थीं। इस चुनाव में पूरा विपक्ष समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में गोलबंद हुआ था। जनता पार्टी को चुनाव चिन्ह नहीं मिल पाया था, जिसकी वजह से पार्टी ने 'भारतीय लोक दल' के चिन्ह "हलधर किसान" पर चुनाव लड़ा और 298 सीटें जीतीं।

चुनावी तीर

मध्यप्रदेश में 29 लोकसभा सीट हैं, लेकिन कांग्रेस के बड़े से बड़े नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। कांग्रेस ने पद यात्रा निकाली, जहां-जहां से यात्रा निकली, लोग कहते हैं कांग्रेस छोड़ो यात्रा थी और वो जहां-जहां गए लोग कांग्रेस छोड़ते चले गये।

-डॉ मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

भाजपा ने जे.पी. पटेल को खूब सम्मान दिया और सचेतक भी बनाया। भाजपा में उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल था। लेकिन, जब वह अपने राजनीतिक करियर को डुबोने के लिए डूबते जहाज पर सवार होना चाहते हैं तो हम क्या कर सकते हैं? उनके कांग्रेस में शामिल होने से चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

-प्रतुल शाहदेव, भाजपा प्रवक्ता

आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन स्वार्थ पर आधारित है और इसका उनकी पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा और वह राजधानी की सातों लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी। हम बहुत सकारात्मक अभियान चला रहे हैं और 10 साल के रिपोर्ट कार्ड के साथ लोगों के बीच जा रहे हैं। अबकी बार 400 पार केवल नारा नहीं है बल्कि एक संकल्प है जिसे वास्तविकता में बदला जाएगा।

- बांसुरी स्वराज, भाजपा प्रत्याशी दिल्ली

सल्तनत समाजवादियों की, अब भाजपा के पक्ष में

सियासी समीकरण

- मनोज त्रिपाठी, कानपुर

7 बार जसवंतनगर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए मुलायम सिंह

1989 में बसपा के संस्थापक कांशीराम को इसी सीट से मिली थी एकलौती जीत और पहुंचे थे संसद में

पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2022 विस	41.6	37.0	17.3	1.10
2019 लोस	51.1	44.8	----	----
2017 विस	40.7	28.8	25.3	----
2014 लोस	46.8	28.4	20.5	1.4

विधानसभा	भाजपा	सपा
इटावा सदर	1,21,783	89,704
भरथना सु.	1,07,551	1,20,940
दिबियापुर	90,461	88,849
औरैया सु.	95,564	84,239
सिकंदरा	1,04,315	72,225

अमृत विचार। लोकसभा की सूबे में हॉट सीट इटावा में चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। कानपुर मंडल का यह जिला कभी प्रदेश की राजनीति की धुरी था। नेताजी मुलायम सिंह यादव और वर्तमान में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की जन्म और कर्मस्थली के रूप में पहचान वाले इस जिले को यादव लैंड भी कहा जाता है। मुलायम सिंह जिले की जसवंतनगर विधान सभा सीट से सात बार विधायक चुने गए, जबकि उनके भाई शिवपाल सिंह यादव चार बार इसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। हालांकि जसवंत नगर विधानसभा क्षेत्र इटावा लोकसभा में नहीं आता है और मैनपुरी संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है।

इटावा सुरक्षित लोकसभा सीट है। इसमें तीन ज़िलों की पांच विधानसभा सीटें शामिल है। कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा, औरैया जिले की औरैया और दिबियापुर तथा इटावा जिले की भरथना और सदर विधान सभा सीट को मिलाकर इटावा लोकसभा क्षेत्र का गठन किया गया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इनमें से तीन सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। दो सीटों पर सपा ने कब्जा जमाया था। 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा के डॉ राम शंकर कठेरिया विजयी रहे थे। उन्होंने सपा के कमलेश कठेरिया को 64,359 वोटों से हराया था।

इटावा लोकसभा सीट कांग्रेस के एकाधिकार वाले जमाने में भी समाजवादियों के गढ़ जैसी रही है। 1957 में यहां से सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया ने जीत हासिल की थी। हालांकि 1962 में कांग्रेस के गोपीनाथ दीक्षित ने सोशलिस्ट पार्टी को मात दी, लेकिन 1967 में अर्जुन सिंह भदौरिया ने वापस सीट कांग्रेस से छीन ली। 1971 में कांग्रेस के श्रीशंकर तिवारी विजयी रहे पर 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर एक बार फिर अर्जुन सिंह भदौरिया ने जीत का परचम लहरा दिया। इसके बाद 1980 में जनता पार्टी के राम सिंह शाक्य फिर 1984 में कांग्रेस के चौ. रघुराज सिंह जीते। 1989 के चुनाव में जनता दल से दोबारा राम सिंह शाक्य के बाद इटावा ही वह एकलौती लोकसभा सीट रही जहां से 1989 में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम को जीत मिली और वह संसद में पहुंचे। 1996 में यहां से सपा के टिकट पर तीसरी बार राम सिंह शाक्य सांसद बने। लेकिन 1998 में भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरीं सुखदा मिश्रा ने जीत के साथ पहली बार यहां भाजपा का झंडा फहरा दिया। लेकिन 1999 और 2004 के चुनाव में सपा के रघुराज सिंह तो 2009 में प्रेमदास कठेरिया सफल रहे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने पुनः इस सीट पर कब्जा किया और उसके प्रत्याशी अशोक दोहरे विजयी रहे। 2019 में भाजपा ने आगरा से दो बार सांसद रहे डॉ राम शंकर कठेरिया को इटावा से टिकट दिया तो उन्होने पार्टी का कब्जा इस सीट पर बरकरार रखा। इस बार फिर भाजपा ने भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है। सपा ने इस बार यहां से जितेंद्र दोहरे को टिकट दिया है।

दलित बाहुल्य पर यादव-मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में

इटावा लोकसभा सीट पर 18 लाख से ज्यादा कुल मतदाताओं में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या लगभग पांच लाख है। ब्राह्मण मतदाता दो लाख से कुछ ज्यादा तो यादव वोटर लगभग दो लाख और मुस्लिम मतदाता डेढ़ लाख तक हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इटावा में 58 फीसदी से अधिक मतदान हुआ था। सपा के कमलेश कठेरिया को 4 लाख 57 हजार 454 वोट प्राप्त हुए थे। भाजपा के डॉ रामशंकर कठेरिया को 5 लाख 21 हजार 815 वोट मिले थे। भाजपा ने सांसद अशोक कुमार दोहरे का टिकट काटकर डॉ. राम शंकर कठेरिया को मैदान में उतारा था। कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए अशोक कुमार दोहरे को टिकट थमा दियाथा। 2014 के लोकसभा चुनाव में इटावा सीट पर 55.04 फीसदी मतदान हुआ था। भाजपा के अशोक कुमार दोहरे ने सपा के प्रेमदास कठेरिया को एक लाख 72 हजार 946 वोटों से मात देकर जीत हासिल की थी। अशोक कुमार दोहरे को 4,39,646 वोट मिले थे, जबकि प्रेमदास कठेरिया ने 2,66,700 वोट पाए थे। बसपा के अजय पाल सिंह जाटव को 1,92,804 वोट हासिल हुए थे। कांग्रेस उम्मीदवार हंस मुखी कोरी 13397 वोटों के साथ चौथे नंबर पर रहे थे।



2019 में भरथना विधानसभा पिछड़ गई थी भाजपा

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भरथना सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र में सपा ने बढ़त बनाई थी, हालांकि अन्य चार विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा आगे रही थी। विधानसभा वार दोनों दलों के प्रत्याशियों को मिले मत इस प्रकार थे।

नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों से हारे थे धर्मेंद्र यादव

- प्रदीप सक्सेना, बदायूं

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। जिले में तीसरे चरण 7 मई को मतदान होना है। सपा ने धर्मेंद्र की जगह शिवपाल यादव प्रत्याशी घोषित किया है। अभी भाजपा और बसपा के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होना शेष है। बदायूं लोकसभा सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। हालांकि 2019 में सपा उम्मीदवार को 18 हजार से कुछ अधिक मतों से हार का सामना करना पड़ा था। तब करीब 19 हजार वोट नोटा और निर्दलीय उम्मीदवारों को तिले थे। वहीं राजनीतिक पंडित सपा बसपा के बीच गठबंधन होने से लोगों की नाराजगी को भी सपा उम्मीदवार की होने की वजह बता रहे हैं। बहरहाल शिवपाल के आने से मुकाबला दिलचस्प होगा।

1951 से 2014 तक हुए लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी ने सबसे अधिक छह बार जीत दर्ज की है। 2014 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव एक लाख 40 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने 28 वर्षों से चले आ रहे सूखे को खत्म करते हुए जीत दर्ज की थी। सपा के धर्मेंद्र यादव की हार में नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों को बजह माना जा सकता है। उस समय चार निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। उन्हें 10621 वोट मिले थे। वहीं 8606 लोगों ने नोटा का बटन दबाया था। निर्दलीय और नोटा को कुल 19,227 वोट पड़े थे। जबकि भाजपा प्रत्याशी संघमित्रा मौर्य की जीत 18,454 वोटों से हुई थी।

2019 के चुनाव में 18000 से अधिक मतों से सपा प्रत्याशी की हुई थी हार

19,000 से अधिक मिले थे वोट नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों को

2019 के चुनाव में यह रहा था परिणाम

भाजपा	5,11,352
समाजवादी पार्टी	4,92,898
कांग्रेस	51,947
ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लाक	4,347
निर्दलीय उम्मीदवार	10,621
कल्याणकारी जनता पार्टी	1,336

कैराना से चार बार महिलाएं बनी सांसद

सहारनपुर

- किसी भी प्रमुख पार्टी ने इस बार महिला को नहीं बनाया है अपना उम्मीदवार
- सहारनपुर सीट कभी भी कोई महिला सांसद नहीं हुई निर्वाचित

पहले नंबर की लोकसभा सीट सहारनपुर को इस बात के लिए भी जाना जाता है कि आजादी के बाद से हुए लोकसभा चुनावों में कभी भी यहां से कोई महिला सांसद निर्वाचित नहीं हुई है। दूसरी ओर इसी मंडल की कैराना सीट इस मामले में सौभाग्यशाली है कि वहां से चार बार महिलाएं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। इनमें सबसे पहले 1980 में प्रधानमंत्री रहे चौधरी चरणसिंह की पत्नी गायत्री देवी, रालोद से अनुराधा चौधरी और दो बार तबस्सुम हसन लोकसभा चुनाव जीती।

तबस्सुम हसन एक बार समाजवादी पार्टी से और दूसरी बार राष्ट्रीय लोकदल से सांसद बनीं। महत्वपूर्ण है कि इस बार भी कैराना सीट पर प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी से इकरा हसन मैदान में हैं। आजादी के बाद से सहारनपुर लोकसभा सीट से कभी भी कोई महिला सांसद लोकसभा में नहीं पहुंची है। इस बार भी किसी प्रमुख पार्टी ने महिला को अपना उम्मीदवार नहीं बनाया है। छह बार कांग्रेस, तीन बार बसपा, तीन बार भाजपा के सांसद बने जबकि पांच बार रसीद मसूद सांसद निर्वाचित हुए। इस चुनाव में रसीद मसूद के भतीजे इमरान मसूद कांग्रेस-सपा गठबंधन से प्रत्याशी हो सकते हैं। दोनों दलों का शीर्ष नेतृत्व उनके नाम पर मोहर लगा चुका है।

सहारनपुर लोकसभा में महिला सांसद भेजने में तो नाकाम रहा है लेकिन जहां तक विधानसभा का सवाल है तो कई महिलाएं जैसे दलित समाज की शकुंतला देवी, विमला राकेश, राजपूत समाज से शशिबाला पुंडीर, रानी देवलता, बसपा प्रमुख मायावती और सत्तो देवी विधायक रही हैं। शकुंतला देवी कांग्रेस की दिग्गज महिला नेत्री रही हैं। वह चार बार विधायक बनीं। विमला देवी विपक्ष में रहीं और छह बार विधायक चुनी गईं। सहारनपुर मंडल के मुजफ्फरनगर से बहन मालती शर्मा भाजपा की ओर से राज्यसभा सदस्य रही हैं। वहां से भी कभी कोई महिला लोकसभा में नहीं गई है। पड़ौस की बिजनौर लोकसभा सीट से मुख्यमंत्री मायावती, लोकसभा अध्यक्ष कांग्रेस की मीरा कुमार और ओमवती तीनों दलित समुदाय से सांसद चुनी गईं और बिजनौर की प्रतिष्ठा बढ़ाई।

18वीं लोकसभा के चुनाव में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और बिजनौर से कोई भी महिला उम्मीदवार नहीं है। केंद्र सरकार ने आगामी चुनावों के लिए महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण का कानून बना दिया है। लेकिन वर्तमान स्थिति बेहद दयनीय है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों की तुलना में थोड़ी-बहुत ही कम है लेकिन उनकी मतदान में भागीदारी पुरूषों से कहीं भी पीछे नहीं है।

युवा व महिला के हाथ सियासी घमासान की बागडोर

- बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

- दोनों वर्गों को साधने के लिए राष्ट्रीय दलों का गणित हुआ तेज
- छह विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों से महिला मतदाता अधिक

महिला मतदाताओं की संख्या में कितना हुआ इजाफा

जिला	2019	2024	कुल वृद्धि
अल्मोड़ा	2,57,573	2,60,529	2,956
पिथौरागढ़	1,84,143	1,85,292	951
बागेश्वर	1,02,701	1,06,647	3,946
चंपावत	91,090	98,209	7,119
कुल	6,35,705	6,50,677	14,972

चारों जिलों में युवा मतदाताओं की स्थिति

18 से 19 साल	21,000 से अधिक
20 से 29 साल	2,60,000 के पार
30 से 39 साल	3,37,000 के ऊपर

लोकसभा चुनावों की तिथि और मुख्य राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों की घोषणा के बाद अब सियासी दलों ने भी अपने राजनीतिक दावपेच चलने शुरू कर दिए हैं। कुमाऊं के चार पहाड़ी जिलों वाली अल्मोड़ा लोकसभा सीट की बात करें तो यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही रहा है। इसलिए इस बार भी दोनों राष्ट्रीय दल एक दूसरे को पटखनी देने के लिए तैयार बैठे हैं। अगर बात सत्ता की बागड़ोर की करें तो इस सीट पर इसका फैसला यहां की महिला और युवा मतदाता करेंगे। क्योंकि चार इस सीट पर सबसे अधिक संख्या महिला और युवा मतदाताओं की है।

हिमालयन रीजन की अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर इस बार कुल 13,59,815 मतदाता हैं। जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 6,50,677 है। जो करीब कुल मतदाताओं का 48 फीसद के आसपास है। चौदह विधानसभाओं वाली इस सीट में से छह विधानसभाएं ऐसी हैं, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से काफी अधिक है। इससे भी मजबूत स्थिति इस सीट पर अलग-अलग आयु वर्ग के युवा मतदाताओं की भी है। ऐसे में इन दो वर्गों का रुझान जिस दल की तरफ सबसे अधिक होगा। जीत का परचम लहराने में उसी दल को कामयाबी मिलेगी। इसलिए सियासी दलों की नजर महिला और युवा मतदाताओं पर सबसे अधिक है। सियासी दल इन चुनावों के प्रति महिलाओं और युवाओं में उत्साह जगाने के लिए कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते हैं।

इस चुनाव में बढ़ गई 15 हजार के करीब महिला मतदाता

अल्मोड़ा सीट पर इस बार कुल 6 लाख 50 हजार से अधिक महिला वोटर्स हैं। यह आंकड़ा बीते लोकसभा चुनावों को देखते हुए तकरीबन 15 हजार अधिक है। अल्मोड़ा जिले में 2,60,529 महिला मतदाता हैं। पिथौरागढ़ जिले में 1,85,292, बागेश्वर जिले में 106647 और चंपावत जिले में 98209 महिला मतदाता हैं। सबसे कम महिला मतदाता वाले जिले चंपावत में पिछली बार के बजाय इस बार सबसे अधिक 7119 महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है।

चार दशक पहले बदली राजनीति फिर पटरी पर नहीं लौटी

- राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- अयोध्या के इर्द गिर्द घूमती रही सूबे की सियासत
- आंदोलन के समांनांतर चला जातीय सियासत का दौर
- भगवा संग विकास ने बदल दी सियासी तस्वीर

अमृत विचार: चार दशक पहले प्रदेश की राजनीति बदली तो फिर पटरी पर नहीं लौटी। सत्ता और सियासत, अयोध्या के इर्द-गिर्द घूमती रही। कई उतार-चढ़ाव आए। राम मंदिर आंदोलन के समांनांतर जातीय सियासत का दौर चला तो सत्ता आती-जाती रही। तीन दशक तक प्रदेश की सियासत में पहले जैसी स्थिरता नहीं रही। भगवा संग विकास ने एक बार फिर प्रदेश को सियासत की नई दिशा दी है।

सियासी उथल-पथल का यह दौर अयोध्या से ही शुरू होता है। राम मंदिर निर्माण को लेकर साल 1984 में अयोध्या से दिल्ली के लिए रथयात्रा निकली। उस दौरान प्रदेश में प्रचंड बहुमत वाली कांग्रेस की सरकार थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के चलते यात्रा रोकनी पड़ी, लेकिन आंदोलन की तासीर गर्म ही रही। उन दिनों कांग्रेस के साथ जनता दल की रस्साकशी शुरू हो गई थी। 1989 में प्रदेश के चुनाव में मंदिर आंदोलन और मंडल कमीशन की सियासत कुछ इस तरह गरमाई की विधानसभा चुनाव में जनता दल 208 सीटों तक पहुंच गई। कांग्रेस को झटका लगा। वह 54 पर ठहर गई। बीजेपी का 57 सीटों के साथ उदय हुआ। मंदिर आंदोलन परवान चढ़ा। अयोध्या छावनी बनी। 30 अक्टूबर व 2 नवंबर 1990 की घटनाओं ने कई मायनों में नया इतिहास रच दिया। जनमानस को झकझोरा।

वर्ष 1991 के चुनाव में रामलहर ने भाजपा को 425 में से 221 सीटों तक पहुंचा दिया। जनता दल जेडी 92 पर सिमट गई। यह दौर आंदोलन के चरम का था। राजनीति के महारथियों ने आंदोलन से उपजी सहानुभूति को रोकने की कोशिश शुरू कर दी। जातीय सियासत के चलते बसपा और सपा का प्रभाव बढ़ा। 1996 के विधानसभा चुनाव में इसका असर दिखा। आंदोलन के बावजूद भाजपा 174 पर ठहर गई। सपा के 110 के साथ बसपा ने 67 सीटें हथिया लीं। साझा सरकारों का दौर शुरू हुआ। सत्ता की चासनी में सियासत करवट लेने लगी। अयोध्या के मंदिर आंदोलन से शुरू हुए दो ध्रुव भाजपा और सपा के साथ बसपा कदमताल करने लगी। 2002 का चुनाव आते-आते जातीय समीकरणों ने भगवा ब्रिगेड को 88 सीटों पर समेट दिया। आमने-सामने सपा और बसपा आ गईं। सपा के 143 के सामने बसपा 98 सीटों के साथ खड़ी हो गई। वोटों के आंकड़ें बताते है कि अंतरधारा में अयोध्या आंदोलन का प्रभाव बरकरार रहा, लेकिन बसपा की जातीय सियासत ने पांच साल में सपा को भी पीछे छोड़ दिया। नए ध्रुव के रूप में 2007 में बसपा 206 सीटों के साथ सत्ता में पहुंच गई। राम मंदिर आंदोलन के साथ खड़ी भाजपा 51 पर और विरोध करने वाली सपा 97 पर ठहर गई, लेकिन राजनीति की अंतरधारा में इन दोनों के टकराव ने अयोध्या को केंद्र में बनाए रखा। जातीय समीकरण के साथ आंदोलन पर सपा के रुख का प्रभाव बढ़ गया। 2012 में सपा सत्ता की शीर्ष पर फिर एक बार पहुंच गई। उसे 224 सीटों का स्पष्ट बहुमत मिला गया। 80 सीटों के साथ बसपा सत्ता से फिसल गई। 1991 में 221 सीटें हथियाने वाली भाजपा 47 पर आ गई।

क्रिकेट के खेल और राजनीति में कुछ भी संभव है। यह 2017 के विधानसभा चुनाव में दिखा। राम मंदिर आंदोलन की पृष्टभूमि और विकास के नए नारे ने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्तासीन कर दिया। असर यह हुआ कि 2017 में एक बार फिर भाजपा को प्रदेश में सत्ता शीर्ष तक पहुंच गई। ऊफान पर चढ़ी जातीय सियासत जमीन की ओर लुढ़कने लगी। सत्ता में रहने वाली सपा 47 सीटों पर सिमटी तो बसपा का हाल इससे भी खराब रहा, वह 19 पर अटक गई। विकास और भगवा का चटख रंग न केवल केंद्र बल्कि प्रदेश में बरकरार रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव के साथ 2022 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भगवा बिग्रेड 255 सीटों के साथ सत्ता पर काबिज रह गई। सपा 111 तक पहुंच पाई। बसपा परिदृश्य से ओझल होने की स्थिति में पहुंचने लगी। 90 के दशक के पहले राजनीति के एक ध्रुव पर कांग्रेस और दूसरे ध्रुव पर विपक्षी हुआ करते थे लेकिन अयोध्या की सियासी ऊर्जा ने कांग्रेस और विपक्ष के बीच होने वाली सियासी जंग को अतीत की बात तक सीमित कर दिया। 40 साल बाद भी उत्तर प्रदेश की राजनीति उस दौर में नहीं लौट पाई।

लोस चुनाव के लिए आयकर विभाग का नियंत्रण कक्ष

नई दिल्ली

चुनाव आयोग को चुनाव में काले धन के उपयोग को रोकने के लिए सहायता करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत आयकर विभाग निवासियों को लोकसभा आम चुनाव, 2024 में स्वच्छ और निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए राजधानी दिल्ली में सातों दिन और चौबीस घंटे काम करने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है और टॉल फ्री नंबर जारी किया जिसके माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार आयकर निदेशालय (अन्वेषण), दिल्ली ने आदर्श आचार संहिता के दौरान चुनावी उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाने वाली संभावित / संदिग्ध बेहिसाब नकदी, सर्राफा और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए एनसीटी दिल्ली में कई व्यवस्थाएं की हैं। लोकसभा आम चुनाव, 2024 के संबंध में, अन्य उपायों में, निदेशालय ने सिविक सेन्टर, नई दिल्ली में नियंत्रण कक्ष खोला है एवं एक टोल-फ्री नंबर 1800112300, लैंडलाइन नंबर 011-23232312/31/67/76 और मोबाईल नंबर 9868168682 भी जारी किया है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति एनसीटी दिल्ली में बेहिसाब नकदी, बूलियन और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की संदिग्ध आवाजाही/वितरण के संबंध में आयकर विभाग से बातचीत कर सकता है और जानकारी भी दे सकता है। निवासी टोल-फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं, और फोन करने वाले को नियंत्रण कक्ष के समक्ष किसी भी व्यक्तिगत विवरण, जैसे नाम या पहचान के अन्य विवरण, का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि प्राप्त जानकारी विश्वसनीय और कार्रवाई योग्य हो।

नियंत्रण कक्ष आदर्श आचार संहिता की संपूर्ण अवधि के दौरान दिल्ली में क्रियाशील रहेगा यानी आम चुनाव, 2024 की घोषणा की तारीख से, जब तक दिल्ली में ये खत्म नहीं हो जाते। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की भावना के साथ नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे दिल्ली एनसीटी के संबंध में, प्रासंगिक जानकारी उपर्युक्त नंबरों के माध्यम से निदेशालय से साझा करके, अपनी सहायता प्रदान करे। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। (एजेंसी)

संविधान में नहीं है आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लेख

- आदर्श चुनाव आचार संहिता राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के लिये बनायी गयी एकनियमावलीहै जिसका पालन चुनाव के समय आवश्यक है। चुनाव आचार संहिता चुनाव की तिथि की घोषणा से लागू होता है और यह मतदान के परिणाम आने पर समाप्त हो जाता है। इसका भारतीय संविधान में कोई उल्लेख नहीं है।
- सरकार लोक लुभावन घोषणाएँ नहीं करेगी।
- सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग की पाबंदी।
- जाति, धर्म व क्षेत्र से संबंधित मुद्दे नही उठा सकेंगे राजनीतिक दल
- चुनाव के दौरान धन-बल व बाहु-बल के प्रयोग पर रोक।
- आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी व्यक्ति को धन का लोभ न देना।
- आचार संहिता लागू हो जाने के बाद किसी भी योजनाओ को लागू नहीं कर सकते।

विकास के मुद्दे पर करेंगे वोट

लोकतंत्र के महासमर में पहली बार मतदान को लेकर उत्साहित हूं। मुझे पहली ही बार में केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिल रहा है। पहला वोट विकास के मुद्दे पर करुंगा। जिले में रोजगार के अवसर सृजित करने वाला सांसद और केन्द्र में शिक्षा, समानता, सुरक्षा व रोजगार दे सकने सक्षम सरकार चुनने के लिए मतदान करुंगा।

– आशीष श्रीवास्तव, बरेली

बसपा को लोकसभा में चमत्कार की उम्मीद

टिमटिमा रही है दलित चेतना की लौ, बसपा की रणनीति पर टिकी राजनीतिक दलों की निगाहें

● लखनऊ कार्यालय

अमृत विचार : तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने जिस बहुजन समाज पार्टी के प्रदर्शन को लोकतंत्र के चमत्कार की संज्ञा दी थी। वह चमत्कार 2022 के विधानसभा चुनाव में नहीं दिखा। कारण काशीराम ने दलित चेतना की जो मशाल जलाई थी। वह अब दीपक बनकर टिमटिमा रहा है। बावजूद इसके सभी राजनीतिक दलों की निगाहें बसपा की रणनीति पर टिकी हुई हैं।

तीन बार उत्तर प्रदेश में सरकार बना चुकी बसपा 2022 के विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट पर सिमट गई थी। उसके समक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में 2019 का प्रदर्शन दोहराने के लिए चमत्कार करने जैसी चुनौती होगी। आंकड़े बताते हैं कि बसपा की दलित वोट बैंक पर वह पकड़ नहीं रही जो 2009 के लोकसभा चुनाव तक थी।

2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि उसे 19.43 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब उसने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया तो जरूर उसके सीटों की संख्या 10 तक पहुंच गई। चुनाव खत्म होते ही या गठबंधन टूट गया। जिसका खामियाजा बसपा को विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ा। 2024 का लोकसभा चुनाव आते-आते बसपा की टिकट पर चुनाव जीतने वाले सांसद दूसरे दलों में भागने लगे। कोई भाजपा में गया तो कोई कांग्रेस में तो किसी ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। जो बचे हैं वह भी जाने की जुगत लगा रहे हैं। अब ऐसे सांसदों को चुनाव मैदान में शिकस्त देने के लिए बसपा चुनावी बिसात हर दांव आजमा रही है। यह चुनाव सिर्फ़ मायावती के लिए ही नहीं बल्कि उनके भतीजे जिसे उन्होंने अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है के लिए भी अग्नि परीक्षा साबित होने जा रहा है। प्रत्याशी में घोषणा में सबसे आगे रहने वाली बसपा इस चुनाव में अभी तक चंद सीटों पर ही अपना उम्मीदवार उतार सकी है।2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने अंबेडकर नगर, अमरोहा, बिजनौर, गाजीपुर, घोसी, जौनपुर लालगंज, सहारनपुर, श्रावस्ती तथा नगीना सीट जीती थी। इन सीटों पर फिर से काबिज होने के लिए बसपा की जद्दोजहद जातीय समीकरणों पर ही टिकी हुई है। बसपा इस बात के लिए पूरा प्रयास कर रही है कि जो सांसद पार्टी छोड़कर गए वह किसी तरह भी दोबारा सदन में न पहुंच सकें। फिलहाल बहुजन समाज पार्टी इस बार पूरे उत्तर प्रदेश में अकेले दम पर चुनाव लड़ने जा रही हैं। इसका मूल कारण यह है कि समाजवादी पार्टी के समर्थन से चुनाव लड़ने के दौरान उनके कई नेता और कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के ही होकर रह गए। पार्टी एक बार फिर से नए सिरे से पूरे प्रदेश में संगठन खड़ा करना चाहती है। ताकि अगले विधानसभा चुनाव में वह पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतर सके।

बसपा का प्रदर्शन एक नजर में

1996	6 सीट	20.6
1998	4 सीट	20.9
1999	14 सीट	22.08
2004	19 सीट	24.67
2009	20 सीट	27.42
2014	00 सीट	19.77
2019	10 सीट	19.43

2019 में बसपा से जीते सांसद

अंबेडकर नगर	रितेश पांडे
अमरोहा	कुंवर दानिश अली
बिजनौर	चौधरी बृजेंद्र सिंह
गाजीपुर	अफजाल अंसारी
घोसी	अतुल कुमार सिंह
जौनपुर	श्याम सिंह यादव
लालगंज	संगीता आजाद
सहारनपुर	हाजी फजलुर रहमान
श्रावस्ती	राम शिरोमणि
नगीना	गिरीश चंद्र

कमलकांत उपमन्यु होंगे बसपा से लोकसभा प्रत्याशी

मथुरा। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने मथुरा में पंडित कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट को लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। पंडित कमलकांत उपमन्यु वर्ष 1999 में बसपा से लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। वे छावनी परिषद मथुरा के पूर्व पार्षद पूर्व वाइस चेयरमैन एवं सिविल एरिया और फाइनेंस कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं तथा अधिवक्ता भी है। उनके बसपा से मथुरा का प्रत्याशी बनने के बाद रोचक राजनीतिक मुकाबला होगा। भाजपा ने इस सीट पर दो बार की सांसद सिने तारिका स्टार प्रचारक हेमामालिनी को चुनाव मैदान में उतारा है।

अन्नाद्रमुक ने लोकसभा चुनाव के लिये डीएमडीके से समझौता किया

चेन्नई। तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक ने बुधवार को डीएमडीके के साथ लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया। डीएमडीके की स्थापना अभिनेता-राजनेता 'कैप्टन' विजयकांत ने की थी, जिनका हाल ही में निधन हो गया। यहां पार्टी मुख्यालय में चुनावी समझौते की घोषणा करते हुए, अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने कहा कि डीएमडीके तिरुवल्लूर (एससी), मध्य चेन्नई, कुड्डालोर, तंजावुर और विरुधुनगर लोकसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ेगी। डीएमडीके महासचिव प्रेमलता विजयकांत ने अन्नाद्रमुक को स्वाभाविक सहयोगी बताया। उन्होंने कहा कि 2011 के विधानसभा चुनाव की तरह एक बार फिर बड़ी जीत वाला गठबंधन बन गया है। उन्होंने कहा, यह विजयी गठबंधन 2026 के विधानसभा चुनाव में भी जारी रहेगा।

साइकिल से वोट मांगते थे रामप्रकाश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। किसी भी चुनाव में अब प्रत्याशी के साथ कारों का काफिला होता है और सैकड़ों लोग उसके आगे-पीछे होते हैं। हाईटेक प्रचार होता है तो सोशल मीडिया पर मनुहार होती है। पहले ऐसा नहीं होता था। प्रत्याशी अपने कुछ समर्थकों के साथ गांव जाते थे और पैदल घर-घर जाकर और खेत-खलिहानों में वोट मांगते थे। कन्नौज से सांसद रहे रामप्रकाश त्रिपाठी तो साइकिल से वोट मांगने जाते थे और जहां रात हो जाती थी, उसी गांव में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाते थे।

बात 1977 के लोकसभा चुनाव की है। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से लोकदल से रामप्रकाश त्रिपाठी उम्मीदवार थे। क्षेत्र के बुजुर्ग बताते थे कि रामप्रकाश त्रिपाठी ने नामांकन करने के बाद घर का मुंह नहीं देखा था और साइकिल से ही क्षेत्र का भ्रमण करते थे। वह साइकिल से कुछ कार्यकर्ताओं के साथ सुबह निकलते थे। उस समय अधिकतर लोग खेतों और खलिहानों में रहते थे तो वोट मांगने के लिए वहां जाना पड़ता था। जिस गांव में रात हो जाती उनका डेरा वहीं जम जाता था। रात में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर चुनावी चर्चा करते थे। यही वजह थी कि उस चुनाव में वह सबसे अधिक वोटों से जीते थे।


पूर्व मंत्री रामप्रकाश त्रिपाठी।

गुड़ व सत्तू साथ लेकर चलते थे

भारतीय जनसंघ के पूर्व कार्यकर्ता 88 वर्षीय मन्नीलाल द्विवेदी बताते हैं कि रामप्रकाश त्रिपाठी हमेशा अपने साथ देसी गुड़ और सत्तू लेकर चलते थे। प्रचार के दौरान भूख लगने पर किसी कुएं या रहट के पास सत्तू बनाकर खाते थे। उनके साथ कार्यकर्ता भी सत्तू खाकर अपनी भूख मिटाते थे।

पेट्रोमेक्स की रोशनी में लगती थी चौपाल

राजकिशोर द्विवेदी बताते हैं कि पहले गांवों में बिजली नहीं थी। ऐसे में रात के समय किसी सार्वजनिक स्थान पर चौपाल लगती थी, जिसमें रोशनी के इंतजाम के लिए गांव के लोग मिट्टी के तेल से जलने वाली पेट्रोमेक्स जलाते थे, जिसमें रेशम के धागों से बना मेंटल बर्नर लगता था और पंप से हवा भरी जाती थी। गांव के मुखिया इसका इंतजाम करते थे।

विरोधियों में दिखता था राजनीतिक शिष्टाचार

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवप्रकाश पालीवाल बताते हैं कि उस दौर में विरोधियों में राजनीतिक शिष्टाचार प्रबल था। लोकदल प्रत्याशी रामप्रकाश त्रिपाठी और जनता दल के प्रत्याशी छोटे सिंह यादव जब प्रचार के दौरान आमने-सामने आ जाते थे, तो छोटे सिंह उनके पैर छूकर जीत का आशीर्वाद मांगते थे और सहृदय रामप्रकाश त्रिपाठी उन्हें खुले मन से आशीर्वाद दे देते थे।

55 साल से मचल रही रियासत की सियासत

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार : लोकसभा के 72 साल के चुनावी सफर में बाहर से लेकर अंदर तक के कई सूरमा आए और जीत कर इतिहास रचा, लेकिन इस 72 साल के इतिहास में 55 साल पहले मनकापुर रियासत की राजनीति में इंट्री हुई तो आज तक जारी है। पहले चार कार्यकाल मनकापुर के कुंवर आनंद सिंह फिर उनके पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह सियासत के मैदान में उतरे। पिता के बराबर कीर्तिवर्धन सिंह भी चार बार सांसदी का चुनाव जीत चुके हैं। 1998 में राजनीतिक सफर शुरू करने वाले कीर्तिवर्धन सिंह को दो बार हार का भी सामना करना पड़ा। अब 2024 में सातवीं बार भाजपा के टिकट पर फिर मैदान में हैं। इस बार हैट्रिक लगेगी या नहीं यह मतदाताओं के मूड पर है।1951-52 में जब पहला चुनाव हुआ तो वैरिस्टर हैदर हुसैन, 1957 में दिनेश प्रताप सिंह, 1962 में रामरतन गुप्ता, 1967 में सुचेता कृपलानी ने जीत हासिल की। ये सभी लोग गोंडा जिले के बाहर के थे। लेकिन मनकापुर रियासत के राजा कुंवर आनंद सिंह का चुनाव में प्रवेश हुआ और 1971 में कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने जीत हासिल की। आनंद सिंह भारतीय जनता दल के प्रत्याशी रहे देवेंद्र प्रताप सिंह से मात्र 631 मत से जीते और राजनीति में अपनी भागीदार तय कर दी। लेकिन 1977 में बीएलडी से प्रत्याशी रहे सत्यदेव सिंह से चुनाव हार गए। सत्यदेव सिंह ने आनंद सिंह को 71 हजार के करीब वोटों से शिकस्त दी। लेकिन राजनीति के इस उतार चढ़ाव में आनंद सिंह ने हौसला नहीं छोड़ा और 1980 में गोंडा सीट पर फिर काबिज हो गए। इस बार उन्होंने जेएनपी से कौशलेंद्र दत्त को भारी मतों से शिकस्त दी। इसके बाद 1984 तथा 1989 में भी हैट्रिक लगाकर चुनाव जीत गए। 1984 में एलकेडी से लड़ रहे दीप नरायन को चुनाव हराया और 89 में जनता दल से फजलुलबारी उर्फ बन्ने भाई को शिकस्त दी। 1991 भारतीय जनता पार्टी का पूरी तरह से उदय हो गया और राम जन्मभूमि आंदोलन में शिरकत करने वाले बृजभूषण शरण सिंह की राजनीति में इंट्री हुई। इसमें बृजभूषण शरण सिंह ने आनंद सिंह से कुर्सी छीन ली। इसके बाद कुंवर आनंद सिंह कांग्रेस छोड़ समाजवादी पार्टी में चले गए और 1996 में सपा के टिकट पर चुनाव लड़े। इस बार भी उन्हें बृजभूषण शरण सिंह की पत्नी केतकी सिंह के हाथ से शिकस्त मिली। इसे देख राजनीति के पितामह कहे जाने वाले आनंद सिंह के पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह ने राजनीति में प्रवेश किया। और 1998 में कीर्तिवर्धन सिंह ने बृजभूषण शरण सिंह को हराकर अपने पिता की हार का बदला ले लिया। कीर्तिवर्धन सिंह ने सपा से चुनाव लड़ा था। लेकिन एक साल बाद 1999 में फिर हुए चुनाव में कीर्तिवर्धन सिंह को बृजभूषण सिंह ने फिर चुनाव हरा दिया। 2004 के आते ही भाजपा ने बृजभूषण सिंह को बलरामपुर सीट से चुनाव लड़ाया और गोंडा से घनश्याम शुक्ला भाजपा से चुनाव लड़े लेकिन इसमें कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए। 2009 में हुए परिसीमन से गोंडा लोकसभा का परिदृश्य बदल गया। इसमें बेनी मात्र 23 हजार वोट से जीत गए। इसके बाद रियासत खानदान को बसपा रास नहीं आई और वह 2014 में पलटी मारते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। 2014, 2019 में वह भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते और भाजपा के टिकट पर तीसरी बार मैदान में हैं। जिनका मुकाबला इस बार इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा से होगा।

पिता पुत्र के हाथ में रही आठ बार सांसद की कुर्सी

कुंवर आनंद सिंह।

रियासत की इमारत।

कीर्तिवर्धन सिंह।

भगवा प्रेम में गंवानी पड़ी थी राजा को कुर्सी

2014 में समाजवादी पार्टी की सूबे में सपा की सरकार थी। इसमें कुंवर आनंद सिंह कृषि मंत्री रहे और सपा में उनकी कद्दावर नेताओं में गिनती थी। लेकिन पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह के भगवा प्रेम के कारण आनंद सिंह को कृषि मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद आनंद सिंह ने राजनीति से सन्यास ही ले लिया।

वर्ष	सांसद	दल
1951	चौधरी हैदर हुसैन	कांग्रेस
1957	दिनेश प्रताप सिंह	कांग्रेस
1962	राम रतन गुप्ता	कांग्रेस
1967	सुचेता कृपलानी	कांग्रेस
1971	आनंद सिंह	कांग्रेस
1977	सत्यदेव सिंह	बीएलडी
1980	आनंद सिंह	कांग्रेस
1984	आनंद सिंह	कांग्रेस
1989	आनंद सिंह	कांग्रेस
1991	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
1996	केतकी सिंह	भाजपा
1998	कीर्तिवर्धन सिंह	सपा
1999	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
2004	कीर्तिवर्धन सिंह	सपा
2009	बेनी प्रसाद वर्मा	कांग्रेस
2014	कीर्तिवर्धन सिंह	भाजपा
2019	कीर्तिवर्धन सिंह	भाजपा

85 साल, 17 लोकसभा चुनाव, संसद पहुंचीं मात्र दो महिलाएं

गंगादेवी पहली तो प्रियंका रावत चुनीं गईं थी दूसरी महिला सांसद

आधा आबादी का प्रतिनिधित्व करने का पार्टियों में नहीं रहा विश्वास

आधी आबादी को पूरी भागीदारी का वादा भले ही सभी राजनीतिक दल कर रहे हों। लेकिन आजादी के बाद हुए सत्रह चुनाओं में सिर्फ दो बार महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। उनमें भी जीतकर सदन में पहुंची महिला सांसद को दोबारा चुनाव लड़ने का अवसर ही नहीं दिया गया। प्रस्तुत है बाराबंकी से **रीतेश श्रीवास्तव की रिपोर्ट...**

गंगा देवी

प्रियंका सिंह रावत

बाराबंकी लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। इस समय यह सीट भारतीय जनता पार्टी के कब्जे में है। पहले इस सीट को कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता था। इस आम चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी एल पुनिया की साख दांव पर लगी हुई है।

प्रमुख दलों की बात करें तो इसमें से पांच बार कांग्रेस ने इस सीट पर विजय पताका फहरायी है। दो बार समाजवादी पार्टी ने जीत हासिल की है जबकि दो बार भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। एक बार बसपा प्रत्याशी भी यहां से जीतने में कामयाब रहा है। अब तक सिर्फ दो बार महिलाएं सांसद के रुप में चुनकर संसद पहुंची हैं।

बाराबंकी लोकसभा सीट पर सबसे पहले 1952 में गंगा देवी चुनाव जीत कर संसद पहुंचने वाली पहली महिला बनीं थी। 62 साल के इंतजार के बाद 2014 में भाजपा के टिकट पर प्रियंका रावत ने जीत हासिल कर इस सूखे को खत्म किया था। 1989, 1991 और 1996 में रामसागर रावत ने इस सीट पर जीत दर्ज करके जीत की हैट्रिक लगाई थी। वर्ष 1998 में पहली बार भाजपा का इस सीट पर खाता खुला था। तब बैजनाथ रावत ने भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी।

अगले चुनाव में राम सागर रावत ने सपा प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की थी। 2004 में बसपा के कमला प्रसाद को जीत मिली थी लेकिन 2009 में कांग्रेस के पीएल पुनिया 25 साल बाद इस सीट से जीत दर्ज करके सांसद निर्वाचित हुए। लेकिन 2014 में भाजपा की प्रियंका रावत ने जीत दर्ज की।

53 लोकसभा सीट बाराबंकी से अब तक चुने गए सांसद

वर्ष	प्रत्याशी का नाम	पार्टी	वोट
2019	उपेद्र सिंह रावत	भाजपा	5,35,917
2014	प्रियंका सिंह रावत	भाजपा	4,54,214
2009	डॉ.पीएल पुनिया	कांग्रेस	328418
2004	कमला प्रसाद	बीएसपी	1,96,370
1999	राम सागर	समाजवादी	2,10,958
1998	बैजनाथ रावत	भाजपा	2,28,368
1996	राम सागर	समाजवादी	1,80,912
1991	राम सागर	जेपी	1,21,803
1989	राम सागर	जेडी	1,99,180
1984	कमला प्रसाद	कांग्रेस	2,02,790
1980	राम किंकर	जेएनपी(एस)	1,35,481
1977	राम किंकर	बीएलडी	2,06,061
1971	कुंवर रुद्र प्रताप सिंह	कांग्रेस	1,52,477
1967	आर एस यादव	एसएसपी	1,18,233
1962	राम सेवक यादव	एसओसी	76,545
1957	स्वामी रामानंद	कांग्रेस	1,58,270
1952	गंगा देवी	कांग्रेस	1,23,427

चुनाव को रोचक बनाते थे नारे...

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● **दमदार नारों से हमेशा चुनावी मैदान में ताल ठोकते रहे हैं धुरंधर**

अमृत विचार: किसी भी पार्टी के प्रत्याशी को जीत हासिल करने में नारों की भी अहम भूमिका रही है। हर बार नारे बदलते रहे। पक्ष और विपक्ष कटाक्ष करते हुए नारे तैयार करता था और शहर से लेकर गांव तक पहुंच कर इन नारों के माध्यम से चुनाव में वैतरणी पार की जाती थी, लेकिन अब नारों की अहमियत कम हो रही है।

एक नारा ऐसा था जो हर प्रत्याशी के समर्थन में लगाया जाता था 'कोई नहीं टक्कर में क्यों पड़े हो चक्कर में।' लेकिन जैसे-जैसे चुनाव का परिदृश्य बदला नारों की अहमियत भी कम होने लगी और इसकी जगह नोट और बाहुबल ज्यादा दिखने लगा। आजादी के बाद 1952 में जनसंघ की स्थापना हुई। जनसंघ का चुनाव निशान था दीपक। उस दौरान नारा दिया गया 'हर हाथ को काम हर खेत को पानी, घर-घर दीपक जनसंघ की निशानी।' 1967 के चुनाव में जनसंघ का नारा था 'उज्ज्वल भविष्य की है तैयारी, बच्चा-बच्चा अटल बिहारी'। वर्ष 1974 में इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं और महंगाई चरम पर थी। उस दौरान हुए चुनाव में इंदिरा और महंगाई को लेकर विपक्ष ने नारा दिया 'ये देखो इंदिरा का खेल, खा गईं राशन पी गई तेल।' वर्ष 1980 में ऐसा दौर भी आया जब कई नेताओं ने कांग्रेस को छोड़कर दूसरी पार्टी ज्वाइंट कर ली। इसे लेकर भी नारा बना 'दलबदलू फंसा शिकंजे में मुहर लगेगी पंजे में।' 1985 में कांग्रेस शासन के दौरान चीनी की कीमत सात रुपये किलो तक पहुंच गई थी, जबकि उसके पहले की सरकार में चीनी तीन रुपये किलो थी। विधानसभा चुनाव में विपक्षी पार्टियों ने नारा दिया 'चीनी मिलेगी सात पर जल्दी पहुंचोगे खाट पर, इंदिरा जी की बात पर पहुंच जाओगे घाट पर। वर्ष 1985 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का नारा था 'तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार।' वर्ष 1996 के विधानसभा चुनाव में बसपा का नारा था 'चढ़ गुंडन की छाती पर, बटन दबाओ हाथी पर'। इसके जवाब में विपक्ष ने नारा दिया 'चढ़ बहुजन के हाथी पर, गोली मारो छाती पर। बुजुर्ग एवं राजनीति में सक्रिय रहने वाले 80 वर्षीय हरिश्चंद्र सिंह बताते हैं कि पहले नारों की बहुत अहमियत थी। अब तो लोभ और लालच दे दिया जाता है। नारे लगते थे रैलियां निकलती थीं और जोश के साथ लोग नारे लगाते हुए आगे बढ़ते थे। इन्हीं नारों से चुनाव की नैया पार लगती थी।

भाजपा प्रत्याशी पर टिकीं सबकी निगाहें

हाईप्रोफाइल सीट सुलतानपुर में मेनका या फिर कोई और ...

गठबंधन से सपा ने भीम निषाद को बनाया है उम्मीदवार, भाजपा की जारी दो सूची में मेनका गांधी का नाम न होने से मिल रही हवा

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है। सभी राजनीतिक दलों में प्रत्याशियों के नाम पर मंथन तकरीबन अंतिम चरण में है। भाजपा की दो सूची में सांसद मेनका गांधी का नाम नहीं होने से सुलतानपुर लोकसभा सीट सर्वाधिक चर्चित सीटों में शुमार हो गई है। भाजपा के दावेदारों से लेकर अन्य दलों तक की निगाह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के रुख पर टिकी है। सब पर पल-पल भारी पड़ रहा है। चर्चाओं का बाजार गर्म है।

पूर्व में अमेठी का जिला मुख्यालय होने के कारण गांधी-नेहरू फैमिली की आमद-रफ्त यहां होती रही है। संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी से लेकर राहुल गांधी तक नामांकन के लिए यहां आते रहे हैं। अमेठी से बिल्कुल सटी होने के कारण इसका खास रुतबा रहा। रायबरेली, अमेठी के साथ ही इस सीट के प्रत्याशी पर भी गांधी नेहरू परिवार ही अंतिम मुहर लगाता था। वरुण गांधी और मेनका गांधी के यहां से चुनाव लड़ने के बाद सियासी लिहाज से यह सीट और अहम हो गयी। वर्तमान में मेनका संजय गांधी यहां से सांसद हैं, लेकिन मौजूदा चुनाव में उनकी उम्मीदवारी चर्चा का विषय बनी है। नेपथ्य में इसकी वजह उनके पुत्र वरुण गांधी को माना जा रहा है। पिछले पांच सालों में उन्होंने कई बार अपनी ही सरकार के खिलाफ बोलकर पार्टी को असहज किया है। वरुण के रुख से भाजपा में ही मेनका गांधी के विरोधियों के साथ ही नए दावेदार भी टिकट के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं। यहां से भाजपा प्रत्याशी के रूप में सरोजनीनगर लखनऊ के विधायक राजेश्वर सिंह, पिछली बार गठबंधन से बसपा उम्मीदवार रहे पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, रायबरेली के ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज पांडेय, लंभुआ के पूर्व भाजपा विधायक देवमणि द्विवेदी, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व जिले के मूल निवासी प्रेम शुक्ला, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व विधान परिषद सदस्य डा. वीणा पांडेय समेत कुछ अन्य नाम चर्चा में हैं। फिलहाल भाजपा यहां से अगर फिर जीतती है तो उसकी हैट्रिक के साथ ही एक नया रिकॉर्ड भी बनेगा।

मां मेनका गांधी के साथ वरुण गांधी।

दो बार भाजपा ने दर्ज की जीत

2014	
वरुण फिरोज गांधी भाजपा	4,10,348
पवन पांडेय बसपा	2,31446
शकील अहमद सपा	2,28144
अमिता सिंह कांग्रेस	41,983
2019	
मेनका संजय गांधी भाजपा	4,58,196
चंद्रभद्र सिंह सोनू बसपा	4,44,670
डॉक्टर संजय सिंह कांग्रेस	41,681

कब कौन बना सांसद

सन	विजयी प्रत्याशी	पार्टी
1952	काजिम अली	कांग्रेस
1957	गोविंद मालवीय	कांग्रेस
1961	गनपत सहाय (उप चुनाव)	निर्दलीय
1962	कुंवर कृष्ण वर्मा	कांग्रेस
1967	गनपत सहाय	निर्दलीय
1969	श्रीपति मिश्र (उप चुनाव)	बीकेडी
1971	केदारनाथ सिंह	कांग्रेस
1977	जुल्फिकार उल्ला	जनता पार्टी
1980	गिरिराज सिंह	कांग्रेस
1984	राज करन सिंह	कांग्रेस
1989	रामसिंह	जनता दल
1991	विश्वनाथ दास शास्त्री	भाजपा
1996	देवेंद्र बहादुर राय	भाजपा
1998	देवेन्द्र बहादुर राय	भाजपा
1999	जयभद्र सिंह	बसपा
2004	मो. ताहिर खान	बसपा
2009	संजय सिंह	कांग्रेस
2014	वरुण गांधी	भाजपा
2019	मेनका गांधी	भाजपा

एक नजर

बीएड, बीयूएमएस का भी परीक्षा कार्यक्रम बदला

बरेली, अमृत विचार : चुनाव की वजह से रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएड, एमएड समेत अन्य पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम भी बदल दिया है। नए परीक्षा कार्यक्रम के तहत बीएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षा 5 अप्रैल से 9 मई, बीएलएड प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की परीक्षा 8 से 29 अप्रैल, बीपीएड की 8 अप्रैल से 4 मई, एमएड की 5 से 30 अप्रैल, बीडीएस की 5 से 15 अप्रैल, बीयूएमएस की 6 अप्रैल से 5 मई तक परीक्षा होगी।

दामाद और उसके साथी को आजीवन कारावास

बदायूं, अमृत विचार : जमीन नाम न करने पर दामाद ने साथी के साथ मिलकर सास की हत्या कर दी थी। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अखिलेश कुमार ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास समेत 12-12 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

घटना के बाद मौके से भाग गया था हत्यारोपी जावेद

दो बच्चों की हत्या का मामला: लोगों ने पुलिस को सौंपा था साजिद, जब वह भागा तो पुलिस से हुई मुठभेड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : दो बच्चों की हत्या मामले में पिता ने दो आरोपी भाइयों के खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला और जबरन घर में घुसने की रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने एक हत्यारोपी को मुठभेड़ में मार गिराया जबकि दूसरा हत्यारोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

शहर के बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी विनोद कुमार के बेटे आयुष और आहान प्रताप उर्फ हन्नू की पास में सैलून चलाने वाले युवक ने गला रेतकर निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी थी। मृतक बच्चों के पिता ने कस्बा सखानू निवासी दो सगे साजिद व जावेद उर्फ बाबू के खिलाफ तहरीर दी। इसमें उन्होंने बताया कि दोनों बाइक से उनके घर पर आए थे। बाइक गेट के बाहर खड़ी करने के बाद साजिद घर में घुसा और जावेद बाहर खड़ा रहा। घर पर विनोद की पत्नी संगीता, मां होमगार्ड मुन्नी देवी, तीन बेटे आयुष, पीयूष और आहान प्रताप थे। साजिद ने संगीता से कहा कि उसकी पत्नी की डिलीवरी होनी है। उसे पांच हजार रुपये चाहिए। चिकित्सक ने रात 11 बजे का समय दिया है। संगीता ने कहा रुको अभी लेकर आती हूं। उसने पीयूष को गुटखा लेने भेज दिया। जिसके बाद साजिद ने संगीता से कहा कि उसका मन घबरा रहा है। छत पर घूम लेता हूं। छोटे बेटे आहान प्रताप के साथ छत पर चला गया। जहां से आयुष को पानी लाने को कहा। अपने भाई जावेद को भी बुला लिया। कुछ देर में साजिद, जावेद और उनके बेटे आयुष व आहान प्रताप छत पर एक साथ थे। संगीता रुपये निकालकर बाहर आई तो साजिद और जावेद जीने से उतर रहे थे। उनके कपड़े खून से लथपथ थे। उनके हाथ में खून से सनी छुरी थी। संगीता को देखते ही कहा कि आज उन्होंने अपना काम पूरा कर दिया है। उनके हाथों में छुरी देखकर संगीता चिल्लाने लगीं। मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए।

जावेद भाग गया और भीड़ ने साजिद को पकड़ लिया। संगीता ने छत पर जाकर देखा तो उनके दो बेटे खून से लथपथ थे। उनकी मौत हो चुकी थी। इसी दौरान पीयूष गुटखा लेकर बाहर से आया तो जावेद ने जान से मारने की नीयत से उस पर भी छुरे से वार किया। छुरा उसके हाथ में लगा। सूचना पर पुलिस पहुंची। साजिद को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उसे पकड़कर ले जा रही थी लेकिन भीड़ और अंधेरे का फायदा उठाकर वह भाग निकला।

हत्यारोपी की मां बोलीं - गलत करने का सही हुआ अंजाम

बदायूं, अमृत विचार : सिविल लाइन क्षेत्र की बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी विनोद कुमार के दो बेटों की निर्मम हत्या के तीन घंटों के बाद ही पुलिस ने एक हत्यारोपी को मुठभेड़ में मार कराया जबकि दूसरा हत्यारोपी उसका भाई फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। हत्यारोपियों की मां नाजरीन ने कहा कि पता नहीं किसी के दिमाग में क्या चल रहा है। दोनों बेटे साजिद और जावेद सुबह खाना खाकर जाते थे और रात को लौटते थे। किसी से भी कोई रंजिश नहीं थी। दोनों बच्चों की मौत पर बहुत दर्द है। मुठभेड़ में बेटा साजिद की मौत पर उन्होंने कहा कि हां, जो भी हुआ है सही हुआ है। जब गलत करोगे तो अंजाम भी ऐसा ही होगा।

हत्यारोपी के पिता और चाचा से चल रही पूछताछ

दोहरे हत्याकांड का एक आरोपी जावेद अभी फरार चल रहा है। पुलिस ने कई जगह दबिश दी लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। जिसके चलते पुलिस ने कस्बा सखानू से जावेद के पिता बाबू और चाचा को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

आईवीआरआई जल्द शुरू करेगा ऑनलाइन डिप्लोमा पाठ्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) जल्द ही एजुकेशन हब के रूप में विकास करेगा। इसके लिए संस्थान केन्द्रीय भैंस अनुसंधान और राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान संस्थान का सहयोग लेगा। इसके साथ ही नए सत्र से ऑनलाइन डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी शुरू किया जाएगा। ये निर्णय बुधवार को हुई शैक्षणिक परिषद की 69वीं बैठक में लिया गया। बैठक में नई शिक्षा नीति को लागू करने सहित विभिन्न प्रस्ताव रखे गए। संस्थान के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि वर्ष 2023-24 में 368 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है और बीवीएससी-एएच की सीटों को बढ़ाया है। वहीं, मानव संसाधन विकास-कौशल निर्माण के तहत 1061 प्रशिक्षणार्थियों को कई वोकेशनल और सर्टिफिकेट कोर्स का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 और यूजीसी के दिशा निर्देशों को लागू करना संस्थान की प्राथमिकता है। इसके लिए दो एकेडमिक हब बैंगलुरू और हैदराबाद में बनाए गए हैं, जहां एमवीएसी के 31 और पीएचडी के 14 छात्रों ने प्रवेश लिया है। बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व सहायक महानिदेशक डॉ. ओपी ढांडा, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. अमरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

विवेचना में साक्ष्य शामिल न करने पर भड़के

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : मुकदमें की विवेचना में पुलिस द्वारा साक्ष्य शामिल नहीं करने पर भाजपाई भड़क गए। कोतवाली में भाजपा नेताओं की अपर पुलिस अधीक्षक से नोक-झोंक हुई। साक्ष्यों को विवेचना में शामिल करने का आश्वासन मिलने पर भाजपाई शांत हुए। करीब 15 मिनट तक कोतवाली में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

भाजपा नेता डॉ. अमित कुमार वार्ष्णेय की पत्नी मंजू वार्ष्णेय ने 10 नवंबर 2023 को गाजियाबाद के शिवम भल्ला पर 420 व 406 का मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसकी विवेचना कोतवाली में तैनात एसएसआई सदाकत अली कर रहे हैं। इस प्रकरण में यूपी प्रथमा ग्रामीण बैंक शाखा बनियाठेर के मैनेजर की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। पीड़ित अमित कुमार ने बताया कि वह 29 फरवरी को बैंक में वाद से संबंधित कुछ ई-मेल लेने गए, तो वर्तमान मैनेजर ने कुछ ई-मेल को पूर्व शाखा प्रबंधक द्वारा डिलीट करने की बात कही। जबकि फर्जी ई-मेल आरोपी द्वारा प्रार्थनी को भेजे गए थे। आरोप है कि पीड़ित दंपती ने मुकदमे से संबंधित साक्ष्य विवेचना अधिकारी को उपलब्ध कराए। मगर उन्हें जांच में शामिल नहीं किया गया। बुधवार को पीड़ित पक्ष के साथ कई भाजपा नेता कोतवाली पहुंचे और अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद से साक्ष्य को विवेचना में शामिल नहीं करने की बात कही। इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। जिससे कुछ देर के लिए माहौल गरमा गया। इसके बाद एएसपी ने भाजपाइयों को साक्ष्यों को विवेचना में शामिल कराने का आश्वासन दिया। इस पर भाजपाई शांत हुए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह, भाजपा नेता में पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, डॉ. विशाल चौहान, उमेश सक्सेना, प्रवीण कुमार, शिवम शर्मा आदि मौजूद रहे।

चन्दौसी कोतवाली में एएसपी से वार्ता करते भाजपाई। ● अमृत विचार

किशोरी के अपहरण में दो दोषियों को सात सात साल की सजा

बदायूं, अमृत विचार : विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपक यादव ने किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण करने के दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए सात-सात साल की सजा और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जबकि तीसरा आरोपी नाबालिग होने की वजह से मामला संभल जिले के किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने जिला संभल के थाना गुन्नौर पुलिस को 15 फरवरी 2016 को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि 12 फरवरी 2016 को उनकी बेटी रात 9 बजे घर से बाहर गई थी। करण सिंह पुत्र राजू और रोहताश पुत्र कल्लू और एक नाबालिग फुसलाकर उसका अपहरण करके ले गए। पूरी रात तलाशने के बाद भी बेटी का कहीं पता नहीं चला।

दो बच्चों की हत्या को लेकर सरकार पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता,संभल/धनारी

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व बदायूं लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव ने बदायूं में दो बच्चों की नृशंस हत्या की घटना को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह घटना कानून व्यवस्था की नाकामी का सबूत है।

धनारी थाना क्षेत्र में भ्रमण कार्यक्रम पर आये शिवपाल सिंह यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बदायूं की घटना बेहद दुखद है लेकिन इस घटना से उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का क्या हाल है यह भी साफ हो जाता है। पुलिस प्रशासन को इस बात का खुलासा करना चाहिए कि यह घटना आखिर क्यों घटी।

गुन्नौर क्षेत्र के पीपलवाला, कृतिया, कल्हा ,सुरपुर मुरैना दिनौरा लोहामाई, खलीलपुर आदि गांव में सभाओं को संबोधित करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं व व्यापारियों की विरोधी सरकार है। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि हम जनता के साथ हैं कोई भी उत्पीड़न नहीं होने देंगे।

कहा कि भाजपा अत्याचारी सरकार है। आजम खान को झूठे मुकदमे लगाकर जेल डलवा दिया है। इस मौके पर विधायक राम खिलाड़ी सिंह, पूर्व विधायक प्रदीप यादव, पूर्व विधायक राजेश यादव,जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, अमित यादव अखिलेश यादव, रूप किशोर यादव, सर्वेश यादव आदि मौजूद रहे।

धनारी के निकट गांव में सभा को संबोधित करते सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव। ● अमृत विचार

- **शिवपाल बोले, बदायूं की घटना से साफ है कि प्रदेश सरकार का ला एंड आर्डर फेल है**
- **बदायूं का जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन भी फेल, पर्दाफाश हो कि क्यों हुई यह घटना**

होली मिलन में वार्ष्णेय समाज की महिलाओं ने मचाया धमाल

संवाददाता,धनारी

अमृत विचार: धनारी थाना क्षेत्र के कस्बा भकरौली में वार्ष्णेय समाज की महिलाओं के संगठन की ओर से बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में महिलाओं के नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह में महिलाओं ने उत्सव का आनंद लेते हुए फूलों की होली खेली। इसके बाद एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सीमा गुप्ता ,मीरा गुप्ता, गीता गुप्ता , अंजू गुप्ता, रीना गुप्ता ,अनीता गुप्ता, मंजू शर्मा, अनीता गुप्ता, संजू यादव, मिथिलेश रानी, पुष्पा देवी ,प्रभात शर्मा आदि मौजूद रहे।

होली मिलन समारोह में मौजूद वार्ष्णेय समाज की महिलाएं व अन्य।

सुपरवाइजर पर साथी कर्मचारियों का चाकू से हमला, गंभीर घायल

रुद्रपुर, अमृत विचार : सिडकुल की एक कंपनी में सुपरवाइजर को वर्कर को काम करने का आदेश देना उस वक्त भारी पड़ गया, जब गुस्साए कर्मचारियों ने सुपरवाइजर पर चाकुओं से हमला कर अधमरा कर दिया। आनन-फानन में सुपरवाइजर को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित ने सिडकुल चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जेपी नगर फेज-दो फुलसुंगा निवासी रोहित यादव ने बताया कि वह सिडकुल की ठेकेदारी कंपनी का सुपरवाइजर है, बुधवार की सुबह रोजमर्रा की भांति कंपनी गया और कर्मचारियों के कार्यों को देखने लगा। इस दौरान देखा कि एक वर्कर कार्य छोड़कर खाली बैठा हुआ है। जब इसकी शिकायत उसके दूसरे सुपरवाइजर से की तो वर्कर बौखला गया। आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर उस पर हमला बोल दिया और चाकुओं से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

मां नयना देवी मंदिर में खड़ी होली गायन करते पुरुष और महिला होरियार। ● अमृत विचार

तुम जै नयना कल्याण करो माई...

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सांस्कृतिक संस्था युगमंच की ओर से आयोजित 28वें नैनीताल होली महोत्सव में पहली बार महिलाओं और पुरुषों की संयुक्त खड़ी होली का आयोजन किया गया। जिसमें चम्पावत और धौलादेवी (अल्मोड़ा) की टीमों ने होली के गीतों का गायन किया।

मां नयना देवी मंदिर प्रांगण से शुरू हुए कार्यक्रम में पहली बार मतदाता बने 35 युवाओं की टीम ने भी सुर-ताल मिलाकर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत अबीर-गुलाल के टीके से की गई। इस दौरान लड़ीधुरा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मंच बाराकोट चम्पावत की 35 सदस्यीय टीम ने मुखिया नागेंद्र कुमार जोशी के नेतृत्व में होली गायन शुरू किया।

उन्होंने तुम जै नयना कल्याण करो माई... लागी-लागी पिरत कैसे तोड़ी, मुख बोले क्यों ना सुंदर गोरी..., झनकारो झनकारो झनकारो... समेत अन्य होली का गायन किया। वहीं बबियाड़ धौलादेवी, भनोली अल्मोड़ा से पहुंची 21 सदस्यीय टीम ने मुखिया रूप सिंह गैड़ा के नेतृत्व में शिव तेरे मंदिर भीड़ बढ़ी भारी..., हां-हां पियो तुमने कुछ न कियो है..., ढोलकी बजा-बजा द्योनो आशीष... आदि गीतों में खड़ी होली का मनमोहक प्रदर्शन किया। इसके बाद होली की टीमों ने श्री राम सेवक सभा प्रांगण में भी प्रस्तुतियां दीं।

- **नैनीताल में चम्पावत व धौलादेवी के होरियारों ने खड़ी होली से मोहा मन**

दोस्त ने 15 लाख लेकर ऑस्ट्रेलिया का नकली वीजा थमा दिया

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : वर्षों पुराने दोस्त ने बेटे को विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख हड़पकर नकली वीजा थमा दिया। बाद में मांग करने पर तीन लाख लौटाए और बकाया 12 लाख मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

पूर्णापुर निवासी गुरदीप सिंह ने न्यायालय में सौंपे प्रार्थना पत्र में कहा कि 2019 में उसने अपने बेटे तजिंदर सिंह को उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने की बात 25 वर्ष पुराने दोस्त परमजीत सिंह निवासी सरवर नगर बिलासपुर रामपुर को बताई। जिस पर उसने कहा कि उसकी पुत्री अनंतदीप कौर युवकों को विदेश भेजने का काम करती है। जिसका रुद्रपुर भूरारानी में खालसा ओवरसीज कंसलटेंसी के नाम से ऑफिस है। यह भी कहा कि वह अपनी पुत्री को लेकर घर आकर बात कर लेगा, 15 दिसंबर 2019 को यह दोनों घर पर आए और उन्होंने कहा कि इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया का कुल खर्च 15 लाख रुपए आएगा। जिसमें 10 लाख रुपए एडवांस देने होंगे जबकि पांच लाख वीजा बनने के बाद। पुराना दोस्त होने के कारण उस पर विश्वास करते हुए दो लाख उसके खाते में डाल दिए। 23 दिसंबर 2019 को फोन आया कि छह लाख 70 हजार रुपए खाते में डाल दो और बकाया एक लाख 30 हजार रुद्रपुर कार्यालय में पहुंचा दो। बाद में 5 फरवरी 2020 को बताया कि इंग्लैंड का वीजा नहीं लगा है अब दोबारा लगाया जा रहा है। बाद में उन्होंने फोन कर बताया कि वीजा तैयार हो गया है है पांच लाख घर ले आओ। वह पैसे देकर वीजा ले आए। पीड़ित ने यह भी कहा है कि जब उनका पुत्र टिकट बुक कराने गया तो उसे बताया गया कि यह वीजा नकली है। उसने कई अन्य जगह भी जांच कराई तो पता चला कि वह नकली है। बाद में वह वीजा लेकर दिल्ली के ऑस्ट्रेलिया दूतावास पर पहुंचा तो उन्होंने वीजा को नकली बताते हुए उसे पुलिस के हवाले करने की बात कही लेकिन वह बमुश्किल वहां से जान बचाकर आया। जब उसने यह बात अपने पुराने दोस्त को बताई तो उसने कहा कि समय दो एक-एक पैसा लौटा देगा।

- **तीन लाख लौटाए, शेष 12 लाख मांगने पर धमकी का आरोप, न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज किया गया**

कार में तमंचे के साथ दो युवकों का वीडियो वायरल

बरेली, अमृत विचार : म्हारी बात मान ले छोरी गाने पर दो युवकों का कार में तमंचे के साथ वीडियो वायरल हो रहा है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने एक्स पर पोस्ट के बाद इज्जतनगर थाना पुलिस को कार्रवाई का आदेश दिया है। 24 सेकेंड के वीडियो में कार में एक युवक दूसरे के सिर पर बार-बार तमंचा लगा रहा है। जबकि दूसरा युवक कैमरे के सामने तमंचा दिखा रहा है। एक्स पर पोस्ट कर शिकायत करने वाले ने इसे परतापुर का बताया है। उसने वीडियो बनाने वाले का नाम भी बताया है। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि वीडियो की जांच कर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

महिला अधिवक्ता का लुटेरों ने मोबाइल छीना

बरेली, अमृत विचार : किला में कटघर के पास मंगलवार सुबह दो बदमाशों ने पैदल जा रहीं अधिवक्ता का मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने धक्का दे दिया। किला पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हुसैन बाग निवासी अधिवक्ता शबाना परवीन ने बताया कि वह मंगलवार सुबह 10 .30 बजे कचहरी जा रहीं थी।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो क्लीनिक सील किए

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम की टीम ने लक्ष्मीपुर पट्टी में छापा मारा। जहां टीम ने बिना वैध डिग्री पित्त की थैली से पथरी निकालने का इलाज कर रहे एक क्लीनिक को सीज कर दिया। साथ ही क्लीनिक पर टीम को कई अनियमितताएं भी मिली। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सरवरखेड़ा में भी बिना डिग्री संचालित हो रहे एक क्लीनिक को सील किया है।

बुधवार को जन शिकायत पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत साहनी के नेतृत्व में नगर निगम व तहसील प्रशासन की टीम ने मजरा रोड स्थित लक्ष्मीपुर पट्टी में देहली हेल्थ केअर के नाम से संचालित हो रहे एक क्लीनिक पर छापा मारा। जहां टीम ने संचालक चिकित्सक से उसकी डिग्री से संबंधित दस्तावेज मांगे, वही टीम को मौके पर कई अनियमितताएं भी मिली। जिसके बाद टीम ने अपनी कार्यवाही करते हुए क्लीनिक को सीज कर दिया। डॉ. अमरजीत साहनी ने बताया कि एक महीने पूर्व मोहल्लेवासियों ने डीएम, सीएमओ एक शिकायती पत्र भेजा था। जिसमें क्लीनिक संचालक पर पित्त की पथरी का इलाज करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि इलाज के बाद भी किसी को कोई फायदा नहीं हुआ। जिसका निरीक्षण किया जाए। जन शिकायत पर कार्यवाही करते हुए बुधवार को क्लीनिक पर छापा मारा गया है। बताया कि क्लीनिक संचालक के पास इलेक्ट्रो होम्योपैथी की डिग्री है, जोकि उत्तराखंड सरकार द्वारा पंजीकृत नहीं है। वही क्लीनिक पर पॉल्यूशन विभाग की एनओसी भी प्राप्त नहीं हुई है।

- **बिना वैध डिग्री हो रहा था पित्त की थैली से पथरी निकालने का इलाज**

लधिया नदी में डूबने से किशोर की मौत

टनकपुर, अमृत विचार : टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे चल्थी की लधिया नदी में किशोर की डूबने से मौत हो गई। गुजरात के एक होटल में काम करने वाला किशोर एक सप्ताह पूर्व ही घर आया था। उसकी मौत से परिवार में मातम पसर गया। चम्पावत के सिन्याड़ी गांव का रहने वाला 17 वर्षीय दीपक सिंह बोहरा अपने भाई और कुछ साथियों के साथ बुधवार को चम्पावत से 39 किलोमीटर दूर चल्थी की लधिया नदी में नहा रहा था। नहाते समय दीपक अनियंत्रित होकर नदी में बह गया। भाई और अन्य साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाये। सूचना पर पहुंची चल्थी पुलिस के जवानों ने दीपक को नदी से निकाल कर तुरंत टनकपुर उप जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉ. मोहम्मद उमर ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही दीपक की मौत हो गई थी।

छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : श्री अक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला चिकित्सालय के डॉ. प्रेमपाल रहे।

कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक की 30 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। चिकित्सक द्वारा छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई। वहीं छात्राओं से समस्याओं के बारे में पूछा। जिसमें छात्राओं ने अपनी-अपनी जिज्ञासाओं के आधार पर प्रश्न किए, जिनका जवाब चिकित्सक द्वारा दिया गया।

इसके बाद डॉ. ममता चौधरी ने भी छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जानकारी दी। कहा कि अगर किसी को दिमागी रूप से कोई परेशानी होती है, तो वह छात्राएं तुरंत अपने परिजनों को बताएं। अभिभावकों को भी देरी न करते हुए मानसिक रोगों का उपचार करते हुए चिकित्सक से परामर्श लेकर अपनी पुत्र व पुत्री का उपचार कराना चाहिए। जिससे बीमारी को तुरंत रोका जा सके।

कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की नीरू देवी, ऋचा वर्मा, शिवानी, निशा यादव आदि मौजूद रहे।

कॉलेज में छात्राओं को स्वस्थ रहने की सलाह देते चिकित्सक। ● अमृत विचार

- **श्री अक्रूरजी कन्या पाठशाला में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम पर हुई कार्यशाला**

सिपाही भर्ती परीक्षा: पांच आरोपियों की रिमांड मंजूर, खुलेंगे कई राज

आरोपियों को लेकर रिजॉर्ट और अहमदाबाद जाएगी एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले मे पांच आरोपियों की कोर्ट ने रिमांड स्वीकार कर ली है। गुरुवार सुबह एसटीएफ पांचों को रिमांड पर ले लेगी। इसके बाद एसटीएफ आरोपियों को गुरुग्राम के रिजॉर्ट और अहमदाबाद की टीसीआई कम्पनी ली जाएगी। आरोपियों से सवालों की सूची मेरठ एसटीएफ ने तैयार कर ली है। आरोपियों से रवि अत्री और राजीव नयन के बारे में जानकारी की जाएगी। माना जा था है कि इस रिमांड से कई और चेहरे बेनकाब होंगे।

एसटीएफ मेरठ इकाई के एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि जिन पांच आरोपियों का रिमांड मिली है, उनमें टीसीआई ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारी मिर्जापुर के शिवम गिरि, भदोही निवासी रोहित पांडेय, प्रयागराज निवासी अभिषेक शुक्ला, बिहार निवासी डॉ. शुभम मंडल और

मोनू हैं। कोर्ट ने पांच दिन की रिमांड दी है। एसटीएफ गुरुवार सुबह जिला जेल मेरठ से पांचों को अपनी कस्टडी में ले लेगी।

एसटीएफ पांचों आरोपियों को गाड़ी से सुरक्षा में अहमदाबाद ले जाया जाएगा। किस तरह से पेपर लीक किया गया, इसका क्राइम सीन दोहराने के समय वीडियोग्राफी की जाएगी। इसके अलावा गुरुग्राम के जिस रिजॉर्ट में एक हजार के करीब अभ्यर्थियों को पेपर लीक कराया गया था, उसका भी निरीक्षण किया जाएगा। एएसपी ने बताया कि कंकरखेड़ा थाने में दर्ज रिपोर्ट में जेल गए आरोपियों की संपत्ति भी खंगाली जा रही है। इन सभी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी।

ये है मामला

उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती की दो पाली की परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। इस मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी गई थी। जांच के बाद खुलासा हुआ कि अहमदाबाद स्थित टीसीआई ट्रांसपोर्ट कंपनी से पांच और आठ मार्च को पेपर लीक हुआ था। एसटीएफ इस मामले में 15 मुकदमे दर्ज कराकर 54 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। गिरोह के मुख्य आरोपी रवि अत्री और राजीव नयन मिश्रा अभी फरार चल रहे हैं।

आरोपियों का दूसरे राज्यों के लोगों से कनेक्शन भी खंगाला जा रहा है। माना जा रहा है कि आरोपी दूसरे राज्यों में भी पहले कई परीक्षाओं के पेपर लीक करा चुके हैं। एएसपी ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं ताकि उन्हें जल्द जमानत न मिल सके। उनका कहना है कि लीक कांड का मुख्य आरोपी रवि अत्री और राजीव नयन मिश्रा हैं।

अमरमणि त्रिपाठी के मामले में फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के एक मामले में पूर्व बसपा सांसद अमरमणि त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को फैसला सुरक्षित करते हुए कहा कि वर्तमान मामले में याची ने अपना आपराधिक इतिहास का उल्लेख नहीं किया है, जबकि उसका एक लंबा आपराधिक इतिहास है। कोर्ट ने पूर्व में पारित अपने आदेश में ट्रायल कोर्ट को पूरी आर्डर शीट एक सील बंद लिफाफे में भेजने का निर्देश दिया था। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में ट्रायल कोर्ट द्वारा भेजी गई 17 दिसंबर 2022 से 29 फरवरी 2024 तक चलने वाले पूरे मामले की आर्डर शीट को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, साथ ही सरकारी अधिवक्ता ने प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली बस्ती द्वारा याची के खिलाफ 36 आपराधिक मुकदमों की सूची प्रस्तुत की। यह मामला न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष चल रही है। याचिका में स्पेशल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। याची का कहना है कि वह मूल केस अपहरण मामले में जमानत पर है।

सुलतानपुर में दुष्कर्म के दोषी इमाम को 10 साल की कैद

- किशोरी को अरबी पढ़ाने के लिए बहला फुसलाकर रायबरेली ले गया

सुलतानपुर,एजेंसी : जिले की एक अदालत ने बुधवार को मस्जिद के इमाम को दुष्कर्म के मामले में दस साल कैद की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार इमाम एक किशोरी को अरबी पढ़ाने के लिए बहला फुसलाकर रायबरेली ले गया और वहां बंधक बनाकर कई दिनों तक दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में में पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा ने आरोपी इमाम पर तीस हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

मामले में विशेष लोक अभियोजक रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने 6 सितम्बर 2022 की रात में सुलतानपुर के नगर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसकी दो नाबालिग बेटियां एक बजे घर से मौसा के यहां जाने के लिए निकली। रास्ते में 17 वर्षीय बड़ी बेटी ने अमहट में इश्तेखार से मिलने जाने की बात कही और छोटी बहन को छोड़ चली गई। शाम तक जब बेटी नहीं आई तो परिजन घर के पास मस्जिद में नमाज पढ़ाने तथा बेटियों को अरबी पढ़ाने वाले इश्तेखार के घर बिबिया करनपुर चिलबिला प्रतापगढ़ गए। इश्तेखार के पिता व भाई ने बताया कि वह शादीशुदा है और तीन महीने से घर नहीं गया था। एफआईआर लिखने के बाद पुलिस ने तलाश शुरू की तो पांच दिन बाद वह किशोरी के साथ पकड़ा गया। किशोरी ने बताया कि जब वह इश्तेखार से अमहट में मिली तो वह उसे बाइक से रायबरेली ले गया। वहां एक कमरे में पांच दिन बंद रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मार डालने की धमकी देता था। फिर वापस लाया तो दोनों पकड़े गए। अभियोजन ने 6 व बचाव पक्ष ने न्यायालय में एक गवाह परीक्षित कराया। जज पवन कुमार शर्मा ने साक्ष्यों के आधार इश्तेखार को सजा काटने के लिए जेल भेज दिया व अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया हैं।

सार-संक्षेप

भरण पोषण मामले में पति को देने होंगे ठोस साक्ष्य

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण- पोषण से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि एक सक्षम युवा व्यक्ति को पर्याप्त पैसा कमाने और अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए सामर्थ्यवान माना जाना चाहिए। यह कथन स्वीकार्य नहीं है कि वह पारिवारिक मानक के अनुसार उतना नहीं कमा सकता है, जिससे उसके परिवार का भरण-पोषण हो सके। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि व्यक्ति को कोर्ट के समक्ष ऐसे ठोस आधार प्रस्तुत करने होंगे जिससे यह सिद्ध हो सके कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण के कानूनी दायित्व को पूरा करने के लिए पर्याप्त कमाई करने में असमर्थ है। वर्तमान याचिका प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, ललितपुर द्वारा पारित निर्णय से व्यथित होकर दाखिल की गई है। साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि याची को अतिरिक्त दहेज के लिए शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया था। इसके बाद वर्ष 2015 में उसने अपना वैवाहिक घर छोड़ दिया और घरेलू काम करके अल्प कमाई द्वारा अपना भरण-पोषण कर रही थी। कोर्ट ने आदेश में कहा कि पति की मासिक आय का एक तिहाई हिस्सा पत्नी और दो बेटियों को भरण-पोषण के रूप में प्रदान करना आवश्यक है, क्योंकि पति कुशल श्रमिक के रूप में लगभग 12000 से 14000 रुपए प्रति माह कमा लेता है। अंत में कोर्ट ने विपक्षी को याची को 2 हजार रुपए और दोनों बेटियों को 1-1 हजार रुपए प्रतिमाह देने का निर्देश दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की पीठ ने श्रीमती जमुना और दो अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

बहराइच में बाघ के हमले में युवक की मौत

बहराइच, एजेंसी : जिले के कतर्नियाघाट में बाघ के हमले में युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक युवक पिछले दो दिनों से लापता था जिसका शव बुधवार की दोपहर को जंगल के किनारे बेंत की झाड़ियों से बरामद हुआ है। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत सुजौली रेंज अंतर्गत जंगल में बेंत की झाड़ियों में बुधवार की दोपहर को ग्रामीणों ने युवक के शव को देखा जिसकी सूचना लोगों ने वन विभाग व पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस और वन विभाग की टीम ने जंगल के किनारे बेंत की झाड़ियों से युवक के शव को बरामद किया है। युवक की पहचान सुजौली गांव निवासी जुगुल (27) के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सौरभ सिंह व रेंजर सुजौली रोहित यादव ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। वहीं ग्रामीणों के मुताबिक शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि युवक पिछले दो दिनों से घर से लापता था।

कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे रामलला

लखनऊ, अमृत विचार : अवधपुरी के भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में विराज रहे श्रीरामलला इस बार कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे। विरासत को सम्मान देने के भाव के साथ सीएसआईआर-एनबीआरआई के वैज्ञानिकों ने कचनार के फूलों से बने गुलाल को खास तौर पर तैयार किया है। यही नहीं, वैज्ञानिकों ने गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर के चढ़ाए हुए फूलों से भी एक हर्बल गुलाल तैयार किया है। बुधवार को संस्थान के निदेशक ने दोनों खास गुलाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किए। मुख्यमंत्री ने इस विशेष पहल के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह निश्चित रूप से प्रदेश के साथ-साथ देश के कई स्टार्ट-अप और उद्यमियों के लिए अधिक अवसर एवं रोजगार प्रदान करेगा। निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अयोध्या में रामायणकालीन वृक्षों का संरक्षण किया जा रहा है। विरासत को सम्मान और परंपरा के संरक्षण देने के यह प्रयास हमारे वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणास्पद है।

कृष्ण कूप मामले में ईदगाह कमेटी से मांगी आपत्ति

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग वाले वाद की पोषणीयता को चुनौती देने के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई बुधवार को एक अप्रैल तक के लिए टाल दी। मूल वाद में दावा किया गया है कि शाही ईदगाह मस्जिद, कटरा केशव देव मंदिर की 13.37 एकड़ भूमि पर बनाई गई है। इस मामले में बुधवार को दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने अगली तिथि तक के लिए सुनवाई टाल दी।

मुस्लिम पक्ष ने बुधवार को सुनवाई के दौरान वादी आशुतोष पांडेय द्वारा दीवानी प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 151 के तहत किए गए आवेदन पर आपत्ति जताई। ईदगाह कमेटी से इसे लेकर आपत्तियां मांगी गई है। वादी आशुतोष पांडेय ने अपने आवेदन में कहा है कि हर साल विवादित संपत्ति परिसर में हिंदू भक्तों द्वारा बासोड़ा पूजा की जाती है। इस वर्ष यह पूजा एक अप्रैल 2024 को माता शीतला सप्तमी और दो अप्रैल 2024 को माता शीतला अष्टमी को पड़ेगी। इन तिथियों पर पूर्व की तरह बासोड़ा पूजा की जानी है, जबकि प्रतिवादी कृष्ण कूप में यह पूजा करने से वादकारियों को रोक रहे हैं। इस पर, मुस्लिम पक्ष ने कहा कि वाद की पोषणीयता को लेकर दाखिल आवेदन पर सुनवाई लंबित रहने के दौरान ऐसे आवेदन पर कोई आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है। वहीं दूसरी ओर, हिंदू पक्ष की ओर से दलील दी गई कि हिंदुत्व में आस्था रखने वाले लोगों को पूजा अर्चना करने की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए। ऐसा आवेदन हमेशा से ही पोषणीय है और इस पर आदेश पारित करना कोर्ट के विवेकाधिकार पर निर्भर है।

एआई तकनीक से बढ़ेगी दक्षता: मुख्य सचिव

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि एआई तकनीकि से विभागों की दक्षता बढ़ेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के लिए परिवर्तनकारी परिणाम सुनिश्चित करने के लिए एआई को दैनिक कार्यों में शामिल करें। वह बुधवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आयोजित उच्च स्तरीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने सरकारी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, और निष्पक्षता सुनिश्चित करने में एआई प्रशासन के महत्व पर भी जोर दिया। इसके पहले इनमोबी में वैश्विक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुख्य कॉर्पोरेट मामले और सार्वजनिक नीति अधिकारी डॉ. सुबी चतुर्वेदी के नेतृत्व में कार्यशाला ने नीति निर्माताओं और अधिकारियों को एआई शासन ढांचे और सरकारी कार्यों में जिम्मेदार एआई तैनाती के प्रथाओं की जानकारी दी।

बच्चों की हत्या और एनकाउंटर के बाद बदायूं में गर्मायी राजनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की चल रही प्रक्रिया के बीच उत्तर प्रदेश की राजनीति बदायूं में दो बच्चों की हत्या पर गरमा गई है। समाजवादी पार्टी ने बुधवार को जहां इस घटना का संज्ञान लेते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा सांप्रदायिक तनाव पैदा करवा रही है। भाजपा की तरफ से पलटवार करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री दानिश अली अंसारी ने सपा को ही कटघरे में खड़ा किया है।

भाजपा ने कहा कि सपा अपराधियों को संरक्षण देती है। पार्टी प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने बदायूं की घटना पर कहा कि योगी सरकार में अपराधियों के खिलाफ कठोरता से कार्रवाई हो रही है। बदायूं कांड में भी अपराधी के साथ पूरी कठोरता बरती गई है। इससे पहले बदायूं कांड पर सपा मीडिया सेल के अकाउंट से लिखा गया- भाजपा उप्र. में दंगा फसाद सांप्रदायिक तनाव खड़ा करके चुनाव जीतना चाहती है। इसी कारण से ऐसी घटनाओं को खुद अंजाम दिलवा रही। इसी मुद्दे पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा- सपा में नैतिकता नाम की कोई चीज़ बची है तो बदायूं मामले में राजनीति न करे। उधर सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने भी बदायूं घटना को दुखद बताते हुए पुलिस-प्रशासन से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। शिवपाल ने कहा कि इस सरकार में कानून व्यवस्था फेल हो गई है।

जितनी तरजीह हिंदुओं को उतनी मुसलमानों को भी

वहीं, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी बुधवार को बेगुसराय में रहते हुए बयान दिया कि, अब अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी समझ रहे हैं कि उनका जनाधार खिसक रहा है इसलिए अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। योगी की सरकार में जितनी तरजीह हिंदुओं को मिली उतनी ही मुसलमानों को भी मिली है। इसी बीच मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने घटना पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि प्रशासन से जो भी आवश्यक कार्रवाई होनी चाहिए वो की है।

करंसी चेस्ट में पहुंचे 5.91 लाख के जाली नोट

विनय शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार: जाली नोट बाजार में तो मिल ही रहे हैं। बाजार से होते हुए यह नोट आरबीआई के करंसी चेस्ट तक पहुंच गए हैं। जाली नोट की आपूर्ति करने वाले गिरोह देश को आर्थिक चोट पहुंचा रहे हैं। इसकी पुष्टि आरबीआई के करेंसी चेस्ट से मिले जाली नोटों के आंकड़े करते हैं। 14 माह में आरबीआई करेंसी चेस्ट से कुल 5.91 लाख रुपये के नकली नोट मिले हैं। नकली नोट मिलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

हर माह 49 हजार रुपये हो रहा आर्थिक नुकसान : औसतन, आरबीआई के करेंसी चेस्ट से हर माह 49 हजार रुपये के जाली नोट निकल रहे है। एक्सपर्ट की मानें तो, बैंकों के एटीएम करेंसी चेस्ट से जाली नोट निकलने के बाद ग्राहक इन्हें बैंक शाखा को वापस कर देता है, जिसे

बैंक शाखाओं की ओर से आरबीआई को भेजा जाता है। आरबीआई की ओर से इतनी ही रकम की जाली नोटों के बदले असली नोटों को संबंधित बैंक को अदा करना पड़ता है। यही वजह है बैंकों की लापरवाही के कारण आरबीआई को हर माह आर्थिक नुकसान हो रहा है।

हर माह एक एफआईआर : एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह ने बताया कि, हर माह आरबीआई के सहायक प्रबन्धक की तरफ से महानगर कोतवाली में जाली नोट मिलने की शिकायत दर्ज कराई जाती है। सभी मामलों की विवेचना की जा रही है, लेकिन अब तक पुलिस जाली करंसी का खेल करने वाले लोगों को चिन्हित नहीं कर सकती है। यही वजह है कि आरबीआई की तरफ से दर्ज कराए गए, जाली करेंसी के मामले लम्बित हैं।

- औसतन हर माह आरबीआई को 49 हजार रुपये का हो रहा आर्थिक नुकसान

कुछ मामलों में लगी अंतिम रिपोर्ट

एडीसीपी ने बताया कि पूर्व में भी आरबीआई की तरफ से जाली करेंसी में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में पुलिस ने कई पहलुओं में तफ्तीश की, लेकिन नतीजा शून्य रहा। मजबूरन पुलिस ने इन मामलों में एफआर (फाइनल रिपोर्ट) लगानी पड़ी। कहाकि, हांलाकि इस खेल के पीछे किसा हाथ है और जाली नोटों की सप्लाई कहां से हो रही है। पुलिस टीमें जांच में जुटी है।

सीएम डैशबोर्ड में बरेली को दूसरा स्थान, 11 जिले फिसड्डी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सीएम-डैशबोर्ड में विभागों की प्रदर्शित फ्लैगशिप यानी महत्वाकांक्षी योजनाएं, परियोजनाएं व सेवाओं की मॉनीटरिंग की गई तो फरवरी में बेहतरी पर जालौन प्रथम, बरेली द्वितीय व कन्नौज को तीसरा स्थान मिला है। जबकि लखनऊ, गोरखपुर, रायबरेली, कानपुर नगर, औरैया, हापुड़, मेरठ, गाजियाबाद, प्रतापगढ़, फतेहपुर व प्रयागराज का सबसे खराब प्रदर्शन होने पर बॉटम में रखा गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने 11 जिलों की खराब प्रगति पर संज्ञान लेकर असंतोष जताया है और प्रगति सुधार के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि सीएम-डैश बोर्ड से विभागों के पोर्टल एकीकृत किए गए हैं। इससे जो विभागों की प्रगति होती है वह सीएम-डैश बोर्ड पर दर्शाती है। इसी आधार पर मानीटरिंग कर रैंकिंग दी जाती है। इसमें फर्जी आंकड़े दर्शाये नहीं जा सकते हैं, बल्कि पारदर्शिता आने से प्रगति सुधरने लगी है।

तकनीकी समस्या का मुख्यमंत्री कमांड सेंटर करेगा समाधान : शासन से सभी जिलाधिकारी को रैंकिंग की रिपोर्ट भेजी गई है। यह भी दर्शाया कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर आईडी से जिले की मासिक रैंकिंग, योजना, परियोजना व सेवाओं को मिले अंक भी देख सकते हैं। पोर्टल में किसी तरह की कठिनाई होने पर मुख्यमंत्री कमांड सेंटर की प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट के अधिकारी से समाधान के लिए संपर्क किया जा सकता है।

वर्ग पहेली-16

बाएं से दाएं

2.1. वह सफ़ेद या हलका पीला तरल पदार्थ जो गाय भैंस से प्राप्त होता है
3.1. खुरखुर शब्द होना 2. छूने में ऊबड़-खाबड़ या खुरखुरा लगना।
4.1. गोश्तख़ोर, मांसाहारी 2. 'निरामिषभोजी' का विलोम।
8. दे. तलुवा।
10.1. पेंदी 2. हाथ और पैर का तल 3. तलवा 4. तलछट।
11.1. चिह्न लगाने वाला 2. हिसाब लिखने वाला, आंकने वाला, मूल्य निरूपक 3. गिनती करने वाला, गणक 4. चिह्न या निशान लगाने का यंत्र।

ऊपर से नीचे

1. गंगा, भागीरथी।
5.1. वधिक, ज़ल्लाद 2. बहेलिया, चिड़ीमार।
6.1. धनुष 2. रुई धुनने वाला यंत्र, धुनकी।
7.1. दोस्त, मित्र, साथी 2. प्रेमी 3. पति।
9.1. मिट्टी के बरतनों पर चमक लाने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला एक चमकीला रोगन या वार्निश 2. आग की लपट, लौ, ज्वाला, चिनगारी।



वर्ग पहेली -15 का हल

				1 सी	2 सा	
3 अ	4 भ	या		5 चं		र
	ड़		6 पं	च	को	सी
7 म	क	ड़	जा	ल		
	दा		बी			8 पु
9 फ़ि	र	क़ा				छा
			10 स	नी	च	र

सुडोकू-95

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8				2			6
		7				4		1
	6				5		9	
6			4					5
9								7
	3			7	9			
8			6				7	
		3				2		
4			9				8	

सुडोकू -94 का हल

1	6	5	9	4	2	7	3	8
4	3	7	8	6	5	1	2	9
9	2	8	1	3	7	5	4	6
6	5	2	4	8	9	3	7	1
8	7	1	5	2	3	9	6	4
3	9	4	6	7	1	8	5	2
5	8	6	7	1	4	2	9	3
7	4	3	2	9	8	6	1	5
2	1	9	3	5	6	4	8	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 22 मार्च 04.44 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 22 मार्च 01.27 तक तत्पश्चात मघा।

मेष — आज आपको बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। उच्च अधिकारी आपकी निष्ठा की सराहना करेंगे। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बितायेंगे। आपके विचारों को समाज में ख्याति मिलेगी। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करें।

वृष — आज धन-सम्मान और कीर्ति में वृद्धि होगी। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। आपके मन में एक साथ कई सारे विचार जन्म लेंगे। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती है।

मिथुन — आज अपनी जीवनशैली में बदलाव ला सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में आनंद बढ़ेगा। धन कमाने के नए स्रोत मिल सकते हैं। मित्रों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे। पैतृक व्यवसाय में अच्छी उन्नति होने के योग बन रहे हैं।

कर्क — आज आप एकांत में रहने का प्रयास करेंगे। व्यापार की परिस्थितियों में सुधार होगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। मांसपेशियों में जकड़न होने की संभावना है। प्रेम संबंधों को विवाह की सहमति मिल सकती है।

सिंह — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं रहेगी। निजी रिश्तों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। हिंसात्मक विचारों से आपको बचना चाहिए। जॉब में लक्ष्य को समय को तय समय पर पूर्ण कर लेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है।

कन्या — आज क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। वाहनों के प्रयोग में सावधानी रखें। परिवार के सदस्य आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। इसका दबाव भी आपके ऊपर काफी ज्यादा रहेगा। कारोबार को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

तुला — आज व्यापार में नए सौदे कर सकते हैं। जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेंगे। करियर में आप बदलाव का विचार बना सकते हैं। लोग आपकी प्रतिभा के कायल रहेंगे। आपको कोई प्रपोज कर सकता है।

वृश्चिक — आज पिता आपके प्रति गर्व का अनुभव करेंगे। परिजनों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। लव लाइफ का तनाव दूर होगा। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। बड़े अधिकारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

धनु — आज आपके मन में यह धारणा उत्पन्न हो सकती हैं कि लोग आपसे झूठ बोल रहे हैं। बेकार की बातों में अपना समय बर्बाद न करें। परिजनों से किसी कारण बहस हो सकती है। करियर में उतार-चढ़ाव की सम्भावना है।

मकर — आज आलस्य को अपने ऊपर हावी न होने दें। महत्वपूर्ण निर्णयों को लेकर दुविधा की स्थिति उभर सकती है। यदि आप कुछ नया सीखने के इच्छुक हैं तो समय बेहतरीन है। अप्रिय व्यक्तियों के कारण आपका मूड खराब हो सकता है।

कुंभ — आज कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। आपका आत्मविश्वास आपके लिए काफी सहयोगी रहेगा। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए दिन विशेष रूप से उत्तम है। आय के कई स्रोत बन सकते हैं।

मीन — आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने का अवसर प्राप्त होगा। आप किसी सहयोगी कर्मचारी के ऊपर कुपित हो सकते हैं। अहंकार के कारण आपसे मित्र एवं संबंधी दूर हो सकते हैं। अनुभवी व्यक्ति आपका सही मार्गदर्शन कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
आखरी गुलाम — दोपहर : 12.00
जख्मी सिपाही — रात : 07.00

SONY MAX
सूरमा — सुबह : 09.52
पीकू — रात : 07.00

SONY PIX
रश ऑवर 3 — सुबह : 09.21
द वॉटर हॉर्स — रात : 09.00

ZEE CINEMA
सरफरोश — सुबह : 09.15
घायल : वन्स अगैन — रात : 08.55

colors CINEPLEX
आरक्षण — सुबह : 11.25
देवदास — रात : 07.04

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक लड़का स्कूल से जल्दी घर आ गया।
दादा- क्या हुआ बेटा, तुम बहुत जल्दी घर आ गए।
लड़का- हां दादा, मैंने एक मच्छर को मारा तो टीचर ने भगा दिया।
दादा- तुम सच बोल रहे हो, एक मच्छर मारने के लिए स्कूल से भगा दिया।
लड़का- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा हुआ था।

टीचर- क्लास में लड़ाई क्यों नहीं करनी चाहिए?
मोटू- क्योंकि पता नहीं एग्जाम में कब किसके पीछे बैठना पड़ जाए।
मोटू की बात सुनकर टीचर की बोलती हो गई बंद।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1005 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1175, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 905।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 –106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल 94 लोबिया सफेद 98 रुपये।

एक नजर

सरकारी कामकाज के लिए 31 को शाखाएं खोलने का निर्देश

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को 31 मार्च को सरकारी कामकाज के लिए शाखाएं खोलने का निर्देश दिया है। 31 मार्च को रविवार है और यह चालू वित्त वर्ष का अंतिम दिन है। आरबीआई ने बयान में कहा–भारत सरकार ने सरकारी प्राप्तियों और भुगतान से संबंधित बैंकों की सभी शाखाओं को 31 मार्च, 2024 (रविवार) को लेनदेन के लिए खुला रखने का अनुरोध किया है।

भारत में 37 प्रतिशत महिलाएं रोजगार में

मुंबई। भारत में लगभग 69.2 करोड़ महिलाओं की कुल आबादी में से 37 प्रतिशत सक्रिय रूप से रोजगार में हैं। प्रतिभा समाधान प्रदाता करियरनेट की 'भारत में महिला रोजगार की स्थिति' रिपोर्ट के अनुसार, हैदराबाद, पुणे और चेन्नई जैसे शहर महिलाओं को रोजगार देने के मामले में शीर्ष पर हैं। इसमें कहा गया कि पिछले वर्ष की तुलना में दो से पांच प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

डायरेक्ट सेलिंग 21 हजार करोड़ रुपये के पार

आईडीएसए की सर्वेक्षण रिपोर्ट से हुआ खुलासा, भारत में कुल 86 लाख हैं विक्रेता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री (भारत में डायरेक्ट सेलिंग) उद्योग कोरोना महामारी के दौर की चुनौतियों से उबर कर फिर तेजी की राह पर है और इसका कारोबार वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 21282 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इंडियन डायरेक्ट सैलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) की सर्वेक्षण रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। यह रिपोर्ट बाजार अनुसंधान फर्म कंतार द्वारा संकलित की गई है।

आईडीएसए के एक आयोजन में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए इसके लिए आईडीएसए को बधाई दी। रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की कुल बिक्री में वर्ष 2021-22 के मुकाबले वर्ष 2022-23 में 2252 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है। आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने बताया कि इस उद्योग के कारोबार में वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक के चार वर्षों के दौरान वर्ष-दर-वर्ष औसतन 8.3 प्रतिशत की संचयी वार्षिक दर (सीएजीआर) से वृद्धि की है। आईडीएसए अध्यक्ष को विश्वास है कि भारत अनुमानों से पूर्व ही प्रत्यक्ष बिक्री में विश्व के पांच शीर्ष बाजारों में जल्द अपनी जगह बना लेगा। वर्ष 2022 में भारत का स्थान 11वां था। वहीं भारत में इस कारोबार में कुल 86 लाख विक्रेता शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार कुल बिक्री में उत्तरी क्षेत्र ने सर्वाधिक 30 प्रतिशत का योगदान किया। पूर्वी, पश्चमी, दक्षिणी तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र का योगदान क्रमशः 25, 22, 15 और नौ प्रतिशत है। राज्यों में महाराष्ट्र 12 प्रतिशत योगदान के साथ लगातार शीर्ष पर बना हुआ है जबकि उत्तर प्रदेश शानदार प्रदर्शन कर दस प्रतिशत की भागीदारी के साथ पश्चिम बंगाल के साथ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार प्रत्यक्ष बिक्री बाजार में वेलनेस और न्यूट्रास्युटिकल उत्पाद लगातार उपभोक्ताओं के पसंदीदा बने हुए हैं। सौंदर्य प्रसाधन और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद इस वर्ग में दूसरे स्थान पर है। दोनों वर्गों का कुल कारोबार में क्रमशः 73.5 और 11.3 प्रतिशत योगदान रहा है। इस दौरान लगभग दो लाख और प्रत्यक्ष विक्रेता इस कारोबार से जुड़े और यह संख्या वर्ष 2021-22 के 84 लाख के मुकाबले बढ़ कर लगभग 86 लाख पहुंच गई है। इनमें लगभग 63 प्रतिशत पुरुष और 37 प्रतिशत महिलाएं हैं।

वैश्विक रैंकिंग में भारत 11वें स्थान पर पहुंचा

आईडीएसए के अध्यक्ष कटोच ने कहा–मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि मजबूत वृद्धि दर के बलबूते भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग ने वैश्विक रैंकिंग में वर्ष 2022 में एक और पायदान का सुधार कर 11वां स्थान हासिल कर लिया है, जो 2019 में 15वां था।

गूगल के खिलाफ भारतीय ऐप कंपनियों की याचिका खारिज

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने ऐप के माध्यम से भुगतान पर 11 से 26 प्रतिशत शुल्क लगाने की गूगल की नई प्ले स्टोर बिलिंग नीति के खिलाफ दायर भारतीय ऐप कंपनियों की चार याचिकाओं को बुधवार को खारिज कर दिया। भारतीय ऐप कंपनियों ने आरोप लगाया कि गूगल की प्ले स्टोर नीतियां प्रतिस्पर्धा-रोधी हैं। हालांकि, सीसीआई ने स्पष्ट किया कि इस आदेश में कही गई कोई भी बात मामले के गुण-दोष पर राय की अंतिम अभिव्यक्ति के समान नहीं होगी और महानिदेशक यहां की गई टिप्पणियों से किसी भी तरह प्रभावित हुए बिना जांच करेंगे। सीसीआई ने अपने आदेश में कहा-आयोग का मानना है कि इस बारे में याचिका दायर करने वाले शीर्ष कोर्ट द्वारा प्रस्तावित अंतरिम राहत देने के लिए मानदंडों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

नौकरियों के सृजन के लिए 8% की वार्षिक वृद्धि दर रखने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक सुब्रमण्यम ने कही बात

भारत को गरीबी और असमानता को कम करने तथा पर्याप्त संख्या में नौकरियों के सृजन के लिए निरंतर आधार पर आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने की जरूरत है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम ने यह बात कही है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 की अंतिम तिमाही में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह पिछले डेढ़ साल में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

ओएमआई फाउंडेशन के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार सुब्रमण्यम ने कहा-भले ही हम सात प्रतिशत की दर से बढ़ें, हमें इससे संतुष्ट नहीं होना चाहिए। हमें आठ प्रतिशत और उससे अधिक की दर हासिल करने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि देश को बहुत सारा बुनियादी ढांचा बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आठ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने से हमारे पास बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा करने की क्षमता होगी। इससे गरीबी और असमानता घटेगी। एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर में वृद्धि दर पिछले तीन वर्षों की 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर से अधिक है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	75,100
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,400
गिन्नी (प्रति नग)	50,200–50,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	66,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,850
सोना जेवरात गिन्नी	64,850
चांदी पक्की	740 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,800
चांदी आभूषण	74,900।

भारत में सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी के पास 40 प्रतिशत संपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में 2000 के दशक की शुरुआत से आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.1 प्रतिशत हो गई है।

'भारत में आमदनी और संपदा में असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है। यह रिपोर्ट थॉमस पिकेटी (पेरिस स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स एंड वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब), लुकास चांसल (हार्वर्ड कैनेडी स्कूल एंड वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब) और नितिन कुमार भारती (न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी और वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब) द्वारा लिखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, "2022-23 तक सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों का आय और संपदा में हिस्सा ऐतिहासिक उच्चस्तर क्रमशः 22.6 प्रतिशत और 40.1 प्रतिशत पर था। भारत की शीर्ष एक प्रतिशत आमदनी हिस्सेदारी दुनिया में सबसे अधिक है।

खराब गुणवत्ता वाली चाय के आने से छोटे उत्पादक चिंतित

कोलकाता। छोटे चाय उत्पादकों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल टी ग्रोअर्स एसोसिएशन (सीआईएसटीए) ने बाजार में कथित तौर पर खराब गुणवत्ता वाली चाय की बाढ़ पर चिंता व्यक्त की है और इस संबंध में चाय बोर्ड के हस्तक्षेप का आग्रह किया है। चाय बोर्ड के चेयरमैन ए एस भाटिया को लिखे एक पत्र में सीआईएसटीए के अध्यक्ष बिजॉय गोपाल चक्रवर्ती ने कहा कि चाय पीने के स्वास्थ्य लाभों पर केंद्रित एक सामान्य अभियान उन युवाओं के बीच खपत को बढ़ावा देने के लिए जरूर चलाया जाना चाहिए।

4जी यूजरों के मुकाबले 5जी यूजरों का औसतन डाटा उपभोग 3.6 गुना अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

- दूरसंचार कंपनी नोकिया की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

भारत में 5जी सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले मोबाइल ग्राहक 4जी उपभोक्ताओं की तुलना में मोबाइल डेटा का इस्तेमाल 3.6 गुना अधिक कर रहे हैं। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

देश में 5जी सेवाओं की शुरुआत अक्टूबर, 2022 में हुई थी। नोकिया की बुधवार को जारी 'मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में कुल डेटा ट्रैफिक में 5जी का योगदान 15 प्रतिशत रहा है। रिपोर्ट कहती है, 5जी ग्राहक 4जी की तुलना में लगभग 3.6 गुना अधिक मोबाइल डेटा ट्रैफिक का उपयोग कर रहे हैं। 2023 में उपयोगकर्ताओं ने 17.4 एक्साबाइट प्रति माह की खपत की। पिछले पांच साल की तुलना में डेटा इस्तेमाल की सालाना वृद्धि 26 प्रतिशत रही है। एक एक्साबाइट एक अरब गीगाबाइट (जीबी) के बराबर होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में डेटा इस्तेमाल में बढ़ोतरी में 5जी ने उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। 2023 में कुल डेटा ट्रैफिक में 5जी का हिस्सा 15 प्रतिशत रहा।

नोकिया इंडिया के विपणन और कॉरपोरेट मामलों के प्रमुख अमित मारवाह ने कहा-भारत में डेटा की खपत साल-दर-साल आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 17.4 एक्साबाइट प्रतिमाह हो गई है।

राष्ट्रीय

पुलिसकर्मियों के साथ खेली लट्ठमार होली...

मथुरा में बुधवार को एक महिला ने पुलिसकर्मियों के साथ विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली खेली। होली खेलने के दौरान आसपास लोगों की भारी भीड़ लगी रही। ● एजेंसी

मोदी की गारंटी एक विश्वासघात है: खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लद्दाख में पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि इस केंद्रशासित प्रदेश को लेकर दी गई 'मोदी की गारंटी' एक विश्वासघात है तथा यह 'चीनी गारंटी' है। पर्यावरणविद सोनम वांगचुक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर पिछले दो सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मोदी की चीनी गारंटी! लद्दाख में संविधान की छठी अनुसूची के तहत जनजातीय समुदायों की सुरक्षा की मांग के पक्ष में समर्थन की एक मजबूत लहर है।

राजनीति में कुछ लोगों को बार-बार लॉन्च करने की पड़ती है जरूरत : नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में राहुल गांधी पर कसा तंज



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीति में कुछ लोगों को बार-बार लॉन्च करने की जरूरत पड़ती है जबकि स्टार्ट-अप की दुनिया में जब कोई एक असफल होता है तो इस स्थिति में दूसरा रास्ता अख्तियार कर लेता है। मोदी ने यहां स्टार्ट-अप महाकुंभ में किसी का नाम लिए बिना स्टार्ट-अप और राजनीति की तुलना करते हुए कहा, ''स्टार्ट-अप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ज्यादा... और बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर एक बार लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं।

मोदी ने लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने और एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए पूर्ण बजट पेश करने का विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि सामान्य स्थिति में कारोबारी चुनाव संपन्न होने तक बड़े आयोजनों को टाल देते हैं लेकिन आम चुनावों की घोषणा के कुछ दिन बाद तीन दिवसीय महाकुंभ में स्टार्ट-अप उद्यमियों और उस पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े लोगों का विशाल जमावड़ा आने वाली चीजों का संकेत है। उन्होंने 19 अप्रैल से चार जून तक होने वाले आम चुनावों के बाद भी शासन में बने रहने का विश्वास जताते हुए कहा-आप जानते हैं कि अगले पांच साल में क्या होने जा रहा है।

भारत एआई में दुनिया की अगुवाई करेगा: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को युवा उद्यमियों और स्टार्टअप से दुनियाभर में आ रही चुनौतियों पर 'वैश्विक अनुप्रयोगों के लिए भारतीय समाधान' पर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमता में दुनिया का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'स्टार्टअप महाकुंभ' को संबोधित करते हुए कहा कि एआई, सेमीकंडक्टर और क्वॉन्टम पर पहले शुरू किए गए तीन मिशन युवाओं के लिए रोजगार और वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा करेंगे। उन्होंने कहा–हम एआई प्रौद्योगिकी के एक नए युग में हैं और दुनिया मानती है कि एआई में भारत का पलड़ा भारी रहेगा। अब यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है कि हम इस अवसर को जाने न दें। उन्होंने कहा कि एआई युवा नवप्रवर्तकों और वैश्विक निवेशकों के लिए असीमित संभावनाएं प्रदान करता है। उन्होंने कहा–एआई क्षमताओं का नेतृत्व भारत के हाथों में रहेगा और रहना चाहिए।

एक नजर

मणिपुर के राहत शिविर में रह रहे चार बच्चे नदी में डूबे

चुराचांदपुर। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर में अपने परिवार के साथ रह रहे चार बच्चे नदी में डूब गए। पुलिस ने बताया कि बच्चों की उम्र चार से नौ वर्ष के बीच है जिनमें तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल है। वे राज्य में जातीय संघर्ष के कारण तुईबुओंग में 'ईसीए कनान' राहत शिविर में रह रहे थे। वे मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे अपने शिविर के पास तुइथा नदी में नहाने गये थे। जब वे काफी देर तक वापस नहीं लौटे तो उनके परिवार वालों ने शिविर में रह रहे अन्य लोगों के साथ मिलकर उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस को भी सूचित किया गया, जिसके बाद पुलिस भी उनकी खोजबीन में जुट गई और बुधवार सुबह करीब छह बजे बच्चों के शव नदी में मिले।

आबकारी नीति मामले में कारोबारी की जमानत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को हैदराबाद के कारोबारी अभिषेक बोइनपल्ली को पांच सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी जिन्हें कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति की पीठ ने बोइनपल्ली की पत्नी के स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें अंतरिम जमानत दे दी।

सियासी गर्मी बढ़ी, एबीवीपी के विरुद्ध वाम दलों ने बनाया संयुक्त मोर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

जेएनयू छात्र संघ चुनाव

- 22 मार्च होगा मतदान और मतगणना 24 मार्च को

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव में कई सियासी दिग्गज भी गहरी रुचि ले रहे हैं। भाजपा समर्थित छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सभी पदों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। उनके शक्ति प्रदर्शन को देखते हुए वामपंथी दलों ने इस बार संयुक्त मोर्चा गठित कर अपने उम्मीदवारों का प्रचार शुरू किया है। मतदान 22 मार्च एवं मतगणना 24 मार्च को होगी।

जेएनयू छात्र संघ में शुरू से ही वाम दलों के छात्र संगठनों का कब्जा रहा है। लेकिन 2019 के चुनाव में जिस तरह से एबीवीपी ने छात्रों के बीच घुसपैठ बनाई थी और इस बार सभी पदों पर उम्मीदवार उतारकर चुनाव अभियान छेड़ा है। उसका मुकाबला करने के लिए वाम दलों के प्रमुख छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), डेमोक्रेटिक स्टूडेंट फेडरेशन (डीएसएफ), एवं ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन (एआईएसएफ) ने संयुक्त मोर्चा का गठन कर छात्र संघ में कब्जा करने के लिए साझा मंच तैयार किया है।

एबीवीपी ने उमेश चंद्र अजमीरा-अध्यक्ष, दीपिका शर्मा-उपाध्यक्ष, अर्जुन आनंद-महासचिव एवं गोविंद दांगी को संयुक्त सचिव के पद पर उम्मीदवार बनाया है। एबीवीपी नेता विकास पटेल के मुताबिक छात्र संघ में काउंसलर के 42 पदों के लिए भी उम्मीदवार घोषित किए गए हैं।

वहीं वाम दलों के संयुक्त मोर्चा ने धनंजय को अध्यक्ष, अभिजीत घोष को उपाध्यक्ष, स्वाति सिंह को महासचिव एवं साजिद को संयुक्त सचिव पद का उम्मीदवार बनाया है। अभी तक चुनाव प्रचार के दौरान दोनों गुटों के बीच कई बार तीखी नोक-झोंक भी हो चुकी हैं और मामला पुलिस तक पहुंच चुका है। कुछ लोगों ने प्रत्याशियों की आयु सीमा बढ़ाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया था। दोनों गुटों ने जवाबी शक्ति प्रदर्शन करते हुए मसाल जुलूस भी निकला है। जिसमें भारी संख्या में छात्रों की भीड़ देखने को मिली।

राहुल गांधी को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली राहत

रांची, एजेंसी

मानहानि मामला

झारखंड में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी,एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी 2024 को जारी गैर जमानती वारंट को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई आज झारखंड उच्च न्यायालय में हुई। मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा की एमपी ,एमएलए कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट को एक माह के लिए शर्त के साथ स्थगित कर दिया। साथ ही गांधी को ट्रायल फेस करने के लिए कानून सम्मत उपयुक्त कदम उठाने का निर्देश दिया है।

इसके साथ ही न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को निष्पादित कर दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी को लेकर राहुल गांधी द्वारा एक आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया गया था।बाद में मामले को चाईबासा में एमपी,एमएलए कोर्ट में इसे ट्रांसफर कर दिया गया था।

कांग्रेस ने कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही के खिलाफ न्यायालय का किया रुख

नई दिल्ली। कांग्रेस ने उसके खिलाफ कर पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही किए जाने के विरोध में बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। इस मामले का उल्लेख राजनीतिक दल के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष किया, जो इसे बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमत हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोरा भी शामिल हैं। वकील ने कहा कि आयकर विभाग के अधिकारियों ने चार साल का मूल्यांकन फिर से खोला है। साथ ही उन्होंने अदालत से याचिकाओं को बृहस्पतिवार के लिए सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि तीन अलग-अलग वर्षों से संबंधित ऐसी तीन याचिकाएं आज सुनवाई के लिए पहले से ही सूचीबद्ध हैं।

बीआरएस नेता कविता को बेटों और मां से मिलने की मिली अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को अपने दो बेटों, मां और परिवार के सदस्यों से मुलाकात की अनुमति दे दी है। कविता फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में हैं। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने कविता की ओर से पेश अधिवक्ता नीतेश राणा द्वारा दायर आवेदन पर यह आदेश पारित किया। वकील ने अनुरोध किया था कि पिछले आदेश के अनुसार आरोपी से मिलने की अनुमति पाने वालों की सूची में परिवार या संबंधियों के सात और नाम जोड़े जाएं।

मुफ्त सौगात संबंधी याचिका पर सुनवाई करने को कोर्ट सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनहित याचिका में निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का किया गया अनुरोध

उच्चतम न्यायालय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त सौगातों और सुविधाओं का वादा करने के चलन के खिलाफ एक जनहित याचिका को बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। आगामी 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जनहित याचिका में निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह ऐसे राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद करने और चुनाव चिह्न जब्त करने के अपने अधिकारों का उपयोग करे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को कहा-यह महत्वपूर्ण है। हम इसे कल लेंगे।

शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया की दलीलों पर संज्ञान लिया कि याचिका पर लोकसभा चुनाव से पहले सुनवाई की जरूरत है। याचिका में कहा गया कि मतदाताओं से अनुचित राजनीतिक लाभ पाने के लिए लोक-लुभावन घोषणाओं पर पूरी तरह प्रतिबंध होना चाहिए क्योंकि ये संविधान की अवहेलना करते हैं और इस मामले में निर्वाचन आयोग को उचित कदम उठाने चाहिए। इसमें अदालत से यह घोषित करने का भी अनुरोध किया गया है कि चुनाव से पहले सार्वजनिक धन से अतार्किक तरीके से मुफ्त सौगातों का वादा मतदाताओं को अनुचित रूप से प्रभावित करता है, समान अवसर को अवरुद्ध करता है और चुनाव प्रक्रिया की शुचिता को नुकसान पहुंचाता है।

याचिका के अनुसार, याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुफ्त सुविधाएं देकर मतदाताओं को प्रभावित करने की राजनीतिक दलों की हालिया प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा है, बल्कि संविधान की भावना को भी चोट पहुंचाती है। उसने कहा-यह अनैतिक प्रवृत्ति सत्ता में बने रहने के लिए सरकारी खजाने से मतदाताओं को रिश्वत देने के समान ही है और लोकतांत्रिक सिद्धांतों तथा परंपराओं के संरक्षण के लिए इससे बचना चाहिए।

सूर्यकुमार आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार

अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे

दुबई, एजेंसी

पिछले तीन महीने से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहने के बावजूद सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे हैं। आईपीएल के आगामी सत्र में मुंबई इंडियंस के लिये वापसी करने जा रहे सूर्यकुमार के 861 अंक है जबकि दूसरे स्थान पर 802 अंक लेकर फिल साल्ट हैं। सूर्यकुमार ने दिसंबर में खेल हर्निया की सर्जरी के बाद से क्रिकेट नहीं खेला है।

वहीं आयरलैंड के खिलाफ 2-1 से मिली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले राशिद खान ने शीर्ष दस में वापसी की है । वह चार पायदान की छलांग लगाकर नौवें से चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने श्रृंखला में तीन मैचों में आठ विकेट लिये। अफगानिस्तान के नवीन उल हक दो पायदान चढकर 55वें स्थान पर है। आयरलैंड के जोश लिटिल सात पायदान चढकर 39वें, मार्क एडेयर दो पायदान चढकर 56वें और बैरी मैकार्थी 15 पायदान चढकर 77वें स्थान पर हैं। टी20 हरफनमौलाओं की रैंकिंग में बांग्लादेश के शाकिब अल हसन शीर्ष पर बने हुए हैं।

राहुल के आईपीएल में अच्छे खेल से टी20 विश्व कप टीम में जगह होगी पक्की

नयी दिल्ली। लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर केएल राहुल टीम को पहला आईपीएल खिताब दिला पाते हैं तो टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में उनकी जगह तय होनी चाहिये। जांघ की मांसपेशियों की चोट से उबरकर वापसी कर रहे राहुल शायद आईपीएल में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। उनका भारत की टी20 टीम में चयन तय नहीं है लिहाजा उन्हें आईपीएल में बल्लेबाजी में और विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। यह पूछने पर कि कप्तानी की निजी आकांक्षाओं और टीम के हितों में संतुलन कैसे बनायेंगे, लैंगर ने कहा कि यह मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा, ''अगर टीम अच्छा करती है तो हर किसी को ईनाम मिलता है। केएल अगर लखनऊ टीम को आईपीएल खिताब दिलाते हैं तो इसका मतलब होगा कि उन्होंने अच्छी कप्तानी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी विकेटकीपिंग की है।'' राहुल के अलावा लखनऊ के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी चयन की दौड़ में हैं। लैंगर ने कहा, ''केएल या बिश्नोई के लिये साफ संदेश है कि लखनऊ टीम के लिये अच्छा खेलने पर फोकस करें, टी20 विश्व कप टीम में जगह पाने के मौके बढेंगे।'' लखनऊ टीम के पूर्व मेंटोर गौतम गंभीर अब केकेआर से जुड़ गए हैं। यह पूछने पर कि क्या टूर्नामेंट के दौरान उनसे टक्कर देखने को मिल सकती है, लैंगर ने कहा कि वह टीम के लिये गंभीर के योगदान के प्रशंसक हैं।

भारतीय हॉकी टीमें एफआईएच हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

लुसाने। भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा पहली बार जारी हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। भारतीय पुरूष टीम ओमान और मलेशिया के साथ दूसरे स्थान पर है। तीनों टीमों के 1400 अंक है। भारत ने एशियाई चैम्पियनशिप जीती और मस्कट में जनवरी में हुए विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहा था। वहीं ओमान ने कांस्य पदक जीता था। नीदरलैंड 1750 अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने पहला हॉकी5 विश्व कप और यूरोपीय चैम्पियनशिप जीती थी। पोलैंड और मिस्र संयुक्त पांचवें स्थान पर है। त्रिनिदाद और टोबैगो और कीनिया संयुक्त सातवें स्थान पर है जबकि पाकिस्तान नौवे स्थान पर है। महिला रैंकिंग में नीदरलैंड शीर्ष पर है जिसने विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके साथ ही यूरोपीय चैम्पियनशिप भी अपने नाम की थी। रजत पदक विजेता भारत दूसरे स्थान पर है जबकि पोलैंड तीसरे स्थान पर है। उरूग्वे और दक्षिण अफ्रीका संयुक्त चौथे स्थान पर है ।

नया कलेवर बुधवार को चेन्नई में आईपीएल टीम की नई जर्सी के लांच के दौरान साथी खिलाड़ियों फाफ डु प्लेसिस, मोहम्मद सिराज, ग्लेन मैक्सवेल के साथ विराट कोहली। ● एजेंसी

गुजरात ने संदीप को टीम में रखा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी टूर्नामेंट के लिए चोटिल भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की जगह पर केरल के मध्यम गति के गेंदबाज संदीप वारियर को अपनी टीम में शामिल किया है। शमी ने हाल में अपने दाहिनी एड़ी का ऑपरेशन करवाया था। इस कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। जहां तक वारियर की बात है तो इस 32 वर्षीय खिलाड़ी में 2019 से लेकर अभी तक आईपीएल में पांच मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 7.88 के इकोनॉमी रेट से दो विकेट हासिल किए हैं। गुजरात ने उन्हें आधार मूल्य 50 लाख रुपए में अपनी टीम से जोड़ा है।

मुंबई इंडियंस ने क्वेना मफाका को टीम में शामिल किया

मुंबई। मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए बुधवार को श्रीलंका के चोटिल तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को टीम में शामिल किया। श्रीलंका का 23 वर्षीय तेज गेंदबाज बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुई वनडे श्रृंखला के दौरान चोटिल हो गया था। मुंबई इंडियंस ने उन्हें आईपीएल नीलामी में 4 .6 करोड रुपए में खरीदा था। दक्षिण अफ्रीका के मफाका ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है लेकिन इस 17 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अंडर 19 विश्व कप में 9 .71 की औसत से 21 विकेट लिए थे और उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

खेल डायरी

जारा को क्वीन सिरिकिट कप में संयुक्त बढ़त

क्राइस्टचर्च। भारतीय गोल्फर जारा आनंद ने कड़ाके की सर्दी के बीच यहां खेले जा रहे 44वें क्वीन सिरिकिट कप के पहले दौर में एक ओवर 73 का स्कोर करके संयुक्त बढत बना ली। पंद्रह वर्ष की जारा को 2023 विजेता अवनि प्रशांत के नाम वापिस लेने के बाद भारतीय गोल्फ यूनियन ने टूर्नामेंट में जगह दी। वह चीनी ताइपै की चुन वेइ वू और जापान की ऐना फुजिमोतो के साथ शीर्ष पर है। भारत की विधात्री उर्स संयुक्त 20वें और हीना कांग संयुक्त 32वें स्थान पर है। टीम वर्ग में भारत छठे स्थान पर है जबकि चीनी ताइपै शीर्ष पर है।

त्रिसा-गायत्री की जोड़ी स्विस ओपन के दूसरे दौर में

बासेल (स्विटजरलैंड)। भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी अमेरिका के एनी शू और कैरी शू को सीधे गेम में हराकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई। पिछले सप्ताह आल इंग्लैंड ओपन से पहले दौर में बाहर हुई भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट में 21-15, 21-12 से जीत दर्ज की। महिला युगल में तीन अन्य भारतीय जोड़ियों को पहले दौर में पराजय का सामना करना पड़ा।

डोपिंग प्रतिबंध के बाद लौटी हालेप पहले दौर में हारीं

मियामी गार्डन्स। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन सिमोना हालेप अपील के बाद डोपिंग प्रतिबंध वापिस लिये जाने के साथ टेनिस कोर्ट पर लौटी लेकिन मियामी ओपन के पहले दौर में पाउला बाडोसा से 6-1, 4-6, 3-6 से हार गई। रोमानिया की 32 वर्ष की हालेप 2017 में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। वह 2022 अमेरिकी ओपन में प्रतिबंधित दवा रोक्साडस्टेट के सेवन की दोषी पायी जाने के बाद से टूर पर नहीं खेली है। अमेरिकी ओपन के पहले दौर में उन्हें यूक्रेन की डारिया स्निगुर ने हराया था। उन पर 2023 में चार साल का प्रतिबंध लगाया गया था जिसे दो सप्ताह पहले खेल पंचाट ने घटाकर नौ महीने का कर दिया।

ओलंपिक के उद्घाटन में भाग नहीं लेंगे रूस-बेलारूस

जिनेवा। रूस और बेलारूस के खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक परेड में भाग नहीं ले सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने यह जानकारी दी। ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 26 जुलाई को है जिसमें हजारों खिलाड़ी सीन नदी से एफील टावर की तरफ नावों से आयेंगे जबकि आम तौर पर परेड स्टेडियम में होती है। आईओसी ने कहा कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ी नदी के किनारे समारोह देख सकेंगे। उन्हें तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर ओलंपिक में खेलने की अनुमति मिली है।

सीरीज स्थगित होने से अफगान बोर्ड निराश

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ तीसरी बार द्विपक्षीय श्रृंखला स्थगित करने पर निराशा व्यक्त करते हुए वैकल्पिक समाधान तलाशने का आग्रह किया है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि एसीबी ऑस्ट्रेलियाई सरकार से आग्रह करता है कि वह अपनी नीतियों को क्रिकेट बोर्डों पर थोपे के बजाय सभी क्षेत्रों में क्रिकेट के विकास का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करे। उन्होंने कहा कि एसीबी का शीर्ष प्रबंधन पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ बातचीत में शामिल हुआ था और सार्वजनिक रूप से वापसी की घोषणा करने के बजाय वैकल्पिक समाधान तलाशने का प्रस्ताव रखा था। एसीबी के बयान में कहा गया है कि स्थगित टी-20 श्रृंखला को सीए प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में आईसीसी द्वारा अनुमोदित किया गया था।

24 मार्च को मनेगा विश्व कबड्डी दिवस

चंडीगढ़। हरियाणा के पंचकूला में ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडियम में 24 मार्च को विश्व कबड्डी दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय होंगें। होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआईपीएसए) और विश्व कबड्डी संगठन इस वर्ष के आयोजन का संयुक्त रूप से आयोजन कर रहे हैं। एचआईपीएसए की अध्यक्ष सुश्री कॉथी डी सुरेश ने यह जानकारी बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व कबड्डी दिवस समारोह का लक्ष्य एक अनोखा आयोजन करना है।

भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी को तैयार

नयी दिल्ली, एजेंसी

खेल और युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। एक न्यूज चैनल के सम्मेलन में ठाकुर ने कहा कि मेजबानी की दावेदारी के लिये आमंत्रण के साथ ही भारत इसकी मेजबानी के लिये तैयार होगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिये तैयार है।'' उन्होंने कहा, ''हम दुनिया की पांचवें सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हमारे पास युवाशक्ति है।'' उन्होंने बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट देखने ब्रिटेन से करीब 4000 क्रिकेटप्रेमी धर्मशाला पहुंचे थे और उन्होंने स्टेडियम की तारीफ भी की। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद 2028 ओलंपिक लॉस एंजीलिस में और 2032 ओलंपिक ब्रिसबेन में खेले जायेंगे।

चुनाव में खेल संहिता का पालन सुनिश्चित करेगा डब्ल्यूएफआई

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) यह सुनिश्चित करेगा कि गुजरात, तेलंगाना और उत्तराखंड में आगामी राज्य संघ के चुनावों में खेल संहिता का पालन किया जाए। वह 27 मार्च से राष्ट्रीय शिविर बहाल करने के लिए भी तैयार है। राजस्थान जैसे कई राज्य संघों में 70 साल की निर्धारित आयु से अधिक उम्र के पदाधिकारी काम कर रहे थे। डब्ल्यूएफआई यह सुनिश्चित करना चाहता है कि चुनाव में उम्र और कार्यकाल से संबंधित दिशानिर्देशों का पालन किया जाए।

विराट कोहली से मिलना मेरे जीवन का सबसे अनमोल क्षण : श्रेयांका

बेंगलुरू, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला प्रीमियर लीग में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली 'परपल कैप' विजेता श्रेयांका पाटिल के लिये सबसे बड़ा पल रहा जब उन्हें विराट कोहली से मिलने का मौका मिला। इक्कीस वर्ष की आफ स्पिनर श्रेयांका ने एलिमिनेटर और फाइनल में डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि बचपन से उनके पसंदीदा क्रिकेटर रहे कोहली उनका नाम जानते हैं। उन्होंने आरसीबी 'अनबॉक्स' कार्यक्रम में कोहली के साथ अपनी तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए लिखा, ''उनकी वजह से क्रिकेट देखना शुरू किया था। उनके जैसा बनने का सपना देखा करती थी। कल मेरे जीवन का सबसे अनमोल पल था।'' उन्होंने लिखा, ''विराट ने कहा, ''हाय श्रेयांका। अच्छी गेंदबाजी की।' उन्हें मेरा नाम पता था।'' श्रेयांका को आरसीबी ने पिछले साल डब्ल्यूपीएल की पहली नीलामी में उनके बेसप्राइज 10 लाख रूपये में लिया था।

सिंधु, श्रीकांत और लक्ष्य स्विस ओपन के दूसरे दौर में

बासेल। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत और अच्छी फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते ही बुधवार को यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। यहां 2022 में खिताब जीतने वाली सिंधु ने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकेवोंग को 21-12, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में जापान की तोमोका मियाज़ाकी से मुकाबला सुनिश्चित किया।

मुकाबले में भारत की नजरें तीन अंकों पर

आभा (सउदी अरब), एजेंसी

फीफा विश्व कप क्वालीफायर

जैकसन सिंह और अनवर अली की वापसी से उत्साहित भारतीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को जब फीफा विश्व कप क्वालीफायर के मुकाबले में अफगानिस्तान का सामना करेगी तो उसकी नजरें तीसरे दौर में जगह बनाने पर लगी होंगी। मिडफील्ड में जैकसन और सेंटर बैक में अनवर चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं। दूसरे दौर के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी पर भारत का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। हालांकि मिडफील्डर सहल अब्दुल समद इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। दो मैचों में एक जीत के तीन अंक के साथ भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है ।

बॉलीवुड हलचल

विवादों में फंसी खेसारी लाल की फिल्म 'रंग दे बसंती'

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता खेसारी लाल यादव की आगामी फिल्म 'रंग दे बसंती' रिलीज से पहले विवादों में फंसी हुई है। इसे 22 मार्च को होली के मौके पर रिलीज किया जाना था लेकिन अपने टाइटल की वजह से ये सर्टिफिकेशन बोर्ड में अटक गई। फिल्ममेकर रौशन सिंह ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। ऐसे में अब कोर्ट की ओर से सीबीएफसी को आदेश दिया है कि वो मामले को 10 दिनों के अंदर ही निपटाएं। खेसारी लाल की फिल्म 'रंग दे बसंती' को पहले यूनिवर्सल सर्टिफिकेट दिया गया था और बाद में सीबीएफसी के अध्यक्ष प्रसून जोशी के रवैये के कारण फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई। ट्रेड पंडितों के अनुसार बताया जा रहा है कि रिलीज डेट टलने से इस फिल्म को करीब 10 करोड़ का नुकसान हुआ है। 'रंग दे बसंती' के निर्माता रौशन सिंह ने प्रसून जोशी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने जानबूझकर सेंसर प्रक्रिया में देरी की।

लाल साड़ी और मांग में सिंदूर में दिखीं रश्मिका मंदाना

मुंबई, एजेंसी। साउथ सिनेमा के स्टार अल्लू अर्जुन और एनिमल फिल्म की फेम रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा 2' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसे इसी साल यानी कि 15 अगस्त, 2024 के मौके पर रिलीज किया जाना है। इसी बीच एक बार फिर से फिल्म सुर्खियों में आ गई है। इससे एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक लीक हो गया है। मूवी के सेट से एक्ट्रेस का फर्स्ट लुक सामने आया है। इसमें उन्हें देखते ही बन रहा है। रश्मिका से पहले अल्लू अर्जुन का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया जा चुका है, जो काफी एक्साइटिंग कर देने वाला है। सोशल मीडिया पर सामने आए रश्मिका मंदाना के लुक में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस 'पुष्पा 2' के सेट पर लाल साड़ी और मांग में सिंदूर लगाए नजर आ रही हैं। इसमें उनका लुक देखते ही बन रहा है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि वो पुष्पराज के साथ शादी का सीक्वेंस शूट कर रही थीं। इसे देखने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं।

कार्तिक आर्यन के साथ दिख सकती हैं माधुरी दीक्षित

मुंबई, एजेंसी। कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'भूल भुलैया-3' आजकल सुर्खियों में है। फिल्म में विद्या बालन और तृप्ति डिमरी के बाद अब एक और नाम सामने आया है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री भी हो सकती है। हालांकि अभी मेकर्स ने इस बात पर कोई ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं दी है। 'भूल भुलैया-3' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में डायरेक्टर अनीस बज्मी से पूछा गया कि क्या 'भूल भुलैया-3' में माधुरी दीक्षित नजर आ सकती हैं? इस पर डायरेक्टर बोले- जो भी होने वाला है, हम खुद बताएंगे। तृप्ति और विद्या के बारे में बताया जा चुका है। लेकिन अभी और भी बहुत कुछ बाकी है। फिल्म की कुछ और कास्ट को लेकर बातचीत चल रही है। हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। कुछ दिन पहले कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर घर के मंदिर के सामने सिर झुकाए एक फोटो शेयर की थी। जिसमें उन्होंने कैप्शन लिखा था- आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। 'भूल भुलैया-3' का शुभारंभ। 'भूल भुलैया 2' को अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया था। इसमें कार्तिक के अलावा कियारा आडवाणी, तब्बू, राजपाल यादव और संजय मिश्रा भी लीड रोल में थे। यह फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म 2007 में आई 'भूल भुलैया' का सीक्वल थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

संघर्ष विराम में कूटनीति ही आगे का रास्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुतिन और जेलेंस्की से प्रधानमंत्री मोदी ने फोन पर की बात, जंग और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच साथ काम करने को लेकर सहमति बनी है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत और रूस के विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

बता दें, दोनों नेता आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमत हुए। फोन पर हुई मोदी और पुतिन की बातचीत के दौरान भारत और रूस ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों में प्रगति की भी समीक्षा की। दोनों शीर्ष नेताओं के बीत आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। गौरतलब है कि रूस में हुए राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद पुतिन के विरोधियों का जनाधार बेहद खोखला रहा, ऐसे में पुतिन को बड़ी जीत हासिल हुई है। 87 फीसदी वोट हासिल कर जीत दर्ज करने वाले पुतिन बीते दिनों विपक्ष के नेता नवलनी की मौत के कारण भी विवादों में घिरे थे।

मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत-यूक्रेन साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि, भारत-यूक्रेन साझेदारी को मजबूत करने पर राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ अच्छी बातचीत हुई। शांति के लिए सभी प्रयासों और चल रहे संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया। यूक्रेन-रूस युद्ध पर पीएम मोदी ने भारत के पुराने रूख को दोहराया कि इस विवाद का समाधान कूटनीति व वार्ता से ही हो सकती है। साथ ही दोनो नेताओं ने मौजूदा द्विपक्षीय रिश्तों के विभिन्न आयामों की भी समीक्षा की, क्षेत्रीय व वैश्विक हालातों पर भी चर्चा हुई।

चीन की चाल पर भारी पड़ रही भारत की नीति

जून, 2020 में लद्दाख के गलवान में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच शुरू हुई तनातनी लगातार बढ़ती नजर आ रही है। अब हाल ही में पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश का दौरे के बाद चीन बौखला गया है। एक ओर चीन कभी इस राज्य के कई इलाकों के नाम बदलता है तो कभी केंद्रीय नेताओं के दौरे और जी 20 की बैठक पर आपत्ति जताता रहा है। अरुणाचल प्रदेश की 1,126 किमी लंबी सीमा चीन से लगी है। आईए जानते हैं क्या मामला...

1,126 किमी लंबी सीमा अरुणाचल प्रदेश की चीन से लगती है

सेला सुरंग के निर्माण से बौखलाया चीन

अरुणाचल प्रदेश में चीन सीमा के पास सेला सुरंग का निमार्ण हुआ है। सीमा पर सुरंग के निर्माण से चीन बौखलाया गया है। बता दें, इस सुरंग का निर्माण 825 करोड़ में हुआ है, जो तेजपुर से तवांग को जोड़ने वाली सड़क पर पश्चिम कामेंग जिले में 13,700 फीट की ऊंचाई पर है। इसकी आधारशिला फरवरी 2019 में रखी थी। सेला सुरंग भारत की सबसे ऊंची पहाड़ी सुरंग सड़क है जो भारतीय सेना को अरुणाचल प्रदेश में दोनों देशों के बीच विवादित सीमा तक हर मौसम में संपर्क बनाए रखने में मदद करेगी। इस सुरंग के प्रोजेक्ट को अंजाम सीमा सड़क संगठन ने दिया है, जिसमें दो सुरंगें और एक लिंक रोड शामिल है।

बकवास है चीन का अरुणाचल पर दावा

चीन बार-बार अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता आया है। वहीं, चीन के इस दावे को भारत ने हमेशा नकारा है। एक बार फिर ड्रैगन के इस दावे को भारत सरकार ने बकवास बताया है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से चीन के साथ अरुणाचल प्रदेश का कोई संबंध नहीं है। वहीं, यह राज्य भारत का अभिन्न अंग है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "ऐतिहासिक रूप से हमारा चीन के साथ कोई जुड़ाव या संबंध नहीं है। इसलिए अरुणाचल के चीन का हिस्सा होने का कोई सवाल ही नहीं है। राज्य के क्षेत्र पर दावा करने से जमीन पर स्थिति नहीं बदलेगी। हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है। अरुणाचल प्रदेश एक भारतीय क्षेत्र है। रिजिजू ने कहा, अपने क्षेत्र को विकसित करना हमारा संप्रभु अधिकार है और कोई भी हम पर आपत्ति नहीं कर सकता हाल ही में पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था, जिसके बाद चीन बौखला उठा। चीन के विदेश मंत्रालय वांग वेनबिन ने कहा कि इससे भारत-चीन का सीमा विवाद और बढ़ेगा।

भारत का रुख

भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावों को बार-बार खारिज किया है। भारत ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। भारत ने चीन की ओर से क्षेत्र नया नाम गढ़े जाने के कदम को खारिज किया है और कहा है कि इससे सच्चाई में कोई बदलाव नहीं आया है।

चीन क्यों करता है अरुणाचल पर दावा

अब सवाल ये है कि आखिर चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा क्यों करता है। अरुणाचल को 1987 में एक राज्य बनाया गया था। दरअसल अरुणाचल ने जब से तिब्बत पर कब्जा किया, उसके बाद से ही वो अरुणाचल पर अपना दावा पेश करता है और इसे साउथ तिब्बत बोलता है। तिब्बत पर चीन के कब्जे को लेकर दुनियाभर में बहस है। खुद दलाई लामा तिब्बत को चीन का हिस्सा बताने से इनकार करते हैं और इसे चीन की दादागीरी बताते हैं। ऐसे में चीन का तिब्बत के सहारे अरुणाचल पर दावा करना काफी खतरनाक माना जा रहा है।

एक नजर

पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट पर गोलीबारी, आठ आतंकी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स को बुधवार को आतंकियों ने निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग की। बता दें कि आतंकियों की गोलीबारी का सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया। इस हमले से पहले पोर्ट पर एक धमाका हुआ। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ग्वादर पोर्ट पर आठ आतंकियों ने हमला किया था और सभी आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मौत के घाट उतार दिया। बलूचिस्तान प्रांत के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी।

इमरान की संघीय-प्रांतीय चुनावों की न्यायिक आयोग से जांच की मांग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में धांधली के आरोपों की जांच को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। जिसमें उन्होंने एक न्यायिक आयोग के जरिए जांच की मांग की है। गौरतलब है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने आठ फरवरी के आम चुनाव के नतीजों में हेरफेर का आरोप लगाकर नतीजों को मानने से इनकार कर दिया था। पीटीआई नेता और वरिष्ठ वकील हामिद खान ने इमरान खान की ओर से याचिका दायर की, जिसमें कहा गया कि न्यायिक आयोग को आठ फरवरी को हुए आम चुनावों की प्रक्रिया और आचरण से संबंधित मामलों की जांच, ऑडिट और समीक्षा करनी चाहिए।

बलूचिस्तान प्रांत में कोयला खदान धंसी 12 लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारी ने बताया कि ये विस्फोट काफी शक्तिशाली था। इसके कारण कोयला खदान धंस गई और 12 लोगों की जान चली गई। अधिकारी के अनुसार, इस हादसे के बाद लगभग आठ लोगों को खदान से बचाया गया है। मीडिया के मुताबिक, यह घटना हरनाई जिले के जरदालो इलाके में हुई। अब्दुल गनी बलूच ने कहा कि दो शवों को रात में ही खदान से बरामद किया गया और बाकी 10 शवों को बुधवार सुबह निकाला गया है।

लद्दाख को राज्य का दर्जा की मांग को लेकर लोगों ने निकाला मार्च

करगिल। लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग के समर्थन में हजारों लोगों ने बुधवार को मार्च निकाला जिसके कारण दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। शिक्षासुधारक सोनम वांगचुक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर पिछले दो सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। करगिल डेमोक्रेटिक एलायंस (केडीए) के आह्वान के जवाब में बड़ी संख्या में लोगों ने फातिमा चौक से हुसैनी पार्क तक एक मार्च निकाला।

तालिबानी फौज का चेकपोस्ट पर कब्जा, पाकिस्तानी सैनिक भागे

पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक का अफगानी जवाब, दोनों देशों में बढ़ा तनाव

काबुल, एजेंसी

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में डूरंड लाइन पर तकरार और बढ़ गई है। पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक के बाद तालिबानी फौज ने मुंहतोड़ जवाब दिया। मंगलवार को तालिबान शासकों की फौज ने पाकिस्तान की सैन्य चौकी पर कब्जा कर लिया। पाकिस्तानी फौजी इस चौकी से पीछे हट गए हैं। यह पोस्ट पाक के उत्तर-पूर्वी बजीरिस्तान इलाके के कुर्रम में है।

मीडिया के मुताबिक, अफगानी फौज ने भारी मोर्टार से बमबारी की और सैनिक हमले से चेकपोस्ट पर कब्जा किया। बजीरिस्तान इलाके में पाकिस्तान की कई सैन्य चौकी हैं, स्थिति और न बिगड़े, इसलिए पाकिस्तानी सेना ने वहां से जवानों को हटा लिया। दो दिन पहले ही पाक के जेएफ- 17 लड़ाकू विमानों ने अफगानिस्तान में खोस्त और पकटिका इलाकों में भारी बमबारी की थी। इसके बाद अफगान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पाक के हमले में 8 महिलाओं और कुछ बच्चों की मौत हुई है और हम पाक से बदला जरूर लेंगे। इसीलिए अफगान फौज ने मंगलवार तड़के डूरंड लाइन पर घातक हमला किया।

पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा: शहबाज

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि उनका देश अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ शांति से रहना चाहेगा। आपको बता दें कि पाकिस्तान में आतंकवाद से निपटने के लिए शीर्ष अधिकारियों की एक समिति का गठन किया गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस समिति की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवाद के रूप में नए खतरे का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए उनका देश पड़ोसी देशों द्वारा सीमा पार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। ऐसी किसी भी हरकत का जवाब कड़ी कार्रवाई से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़े। हम अपने पड़ोसी भाइयों के साथ व्यापार करना चाहते हैं और अपने संबंधों का विस्तार करना चाहते हैं लेकिन दुर्भाग्य से, अगर किसी पड़ोसी की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए किया जाता है, तो इसे सहन नहीं किया जायेगा।



दोनों देशों के बीच कैसे शुरू हुआ संघर्ष

दोनों देशों के बीच ताजा संघर्ष की शुरुआत शनिवार (16 मार्च) को हुई। दरअसल, शनिवार को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मीर अली में एक आत्मघाती हमलावर ने अपने विस्फोटक से भरे ट्रक को एक सैन्य चौकी में घुसा दिया। यह इलाका अफगानिस्तान की सीमा से लगा हुआ है। इस घटना में सात पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि उसकी जवाबी गोलीबारी में सभी छह हमलावरों को मार गिराया गया। हमले की जिम्मेदारी हाल ही बने आतंकी समूह जैश-ए-फुरसन-ए-मुहम्मद ने ली। कहा गया कि इस समूह को मुख्य रूप से पाकिस्तानी तालिबान टीटीपी के सदस्यों ने बनाया है। प्रतिबंधित टीटीपी के निशाने पर अक्सर पाकिस्तानी सैनिक और पुलिसकर्मी रहे हैं।

पाक सेना ने अफगानी अफसरों को निकाला

पाकिस्तान ने खुलासा किया कि सेना में दो ऑफिसर रैंक के अफगान नागरिक थे। इन्हें निकाल दिया गया है। ये अफसर अवैध अप्रवासियों के खिलाफ पाक के अभियान में शामिल थे। संघर्ष को लेकर अमेरिका ने नसीहत दी है कि, पाक धैर्य दिखाए। अफगानिस्तान भी अपनी धरती का इस्तेमाल आतंकी हमलों में करने से रोके।

अब कैबिनेट वेतन की कटौती से आर्थिक तंगी सुधारेगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के बाद अब कैबिनेट मंत्रियों के वेतन की कटौती से पाकिस्तान आर्थिक हालात सुधारेगा। दरअसल, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके कैबिनेट मंत्रियों ने देश की खस्ता आर्थिक स्थिति को देखते हुए वेतन न लेने की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक सरकार ने अनावश्यक खर्चों पर अंकुश लगाने का फैसला लिया है। इस मकसद से सरकार की मितव्ययिता नीतियों के तहत मंत्रिमंडल की बैठक में वेतन और उससे जुड़े तमाम लाभ को छोड़ने का फैसला लिया गया। गौरतलब है कि आर्थिक संकट की गंभीरता को देखते हुए शहबाज शरीफ का मंत्रिमंडल सरकार की तरफ से वित्त पोषित विदेश यात्राओं को प्रतिबंधित करने का एलान भी कर चुकी है। सरकार ने संघीय मंत्रियों, सांसदों और सरकारी अधिकारियों को विदेश यात्राओं पर नहीं जाने का आदेश दिया है। सरकारी निधि का उपयोग जरूरी होने पर शहबाज की मंजूरी लेनी होगी। बता दें कि पिछले हफ्ते, राष्ट्रपति जरदारी और गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी अपने वेतन नहीं लेने का एलान किया था।

विदेश में भी चलती है मोदी की गारंटी : एस जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले -मोदी की गारंटी राजनीतिक दबाव के आगे झुकती नहीं

विदेश मंत्री एय जयशंकर ने कहा है कि देश के साथ विदेश में भी मोदी की गारंटी चलती है। लोगों को उन पर विश्वास है। देश में गौरव की भावना पहले से ज्यादा है और भरोसा भी बढ़ा है।

जयशंकर ने कहा, जब मैं बाहर (विदेश) जाता हूं और विदेशी नीतियां समझाता हूं, तो पता चलता है कि मोदी विदेश में भी उतना ही काम करने की गारंटी देते हैं जितना भारत में। मोदी की गारंटी विदेशों में भी उतनी चलती है जितनी की भारत में चलती है। निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- मोदी की गारंटी की वजह से ही ऑपरेशन गंगा, 'ऑपरेशन कावेरी' और ऑपरेशन अजय सफल हो पाए। वैक्सीन मैत्री के जरिए हमने दुनिया भर के 100 देशों को वैक्सीन दी। मोदी की गारंटी में राजनीतिक दबाव के आगे न झुककर पेट्रोल की कीमतें उचित बनाए रखना भी शामिल है। लोगों को अब भरोसा है कि पानी, बिजली और स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी जरूरतें मुहैया कराई जाएंगी। जयशंकर ने कहा- मोदी की गारंटी की वजह से पिछले 75 सालों से चल रही विदेश नीति में कई तरह के बदलाव आए हैं। हमारा लक्ष्य आतंकवाद को इस तरह से रोकना है कि यह दोबारा न हो।

हालांकि यूक्रेन के संदर्भ में पश्चिमी देशों के हमारे साथ मतभेद हो सकते हैं। लेकिन हमारी विदेश नीति का मुख्य उद्देश्य भारत के हितों की रक्षा करना है और यह जरूरी नहीं कि हम अन्य देशों के साथ सहमत हों और उनके हितों की रक्षा करें। जयशंकर ने भारत और पाकिस्तान के रिश्तों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा- आज पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते बहुत ही औपचारिक स्तर पर हैं। बातचीत बहुत ही कम है। ऐसा 2 कारणों से हुआ।

बारिश से बढ़ी ठंडक...

शिमला : हिमाचल में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर लगातार बना हुआ है। बुधवार को नारकंडा में ताजा हिमपात हुआ है। प्रदेश के मध्यम से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश से मौसम में ठंडक बनी हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान बिलासपुर, हमीरपुर और शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में कहीं कहीं पर ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने देश के पूर्वी हिस्सों में तेज रफ्तार हवाएं, ओलावृष्टि के साथ मध्यम बारिश होने संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार से 23 मार्च तक पूर्वोत्तर भारत, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में गरज के साथ भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

अमेरिका में अवैध प्रवेश पर लगेगा अंकुश, आव्रजन कानून को मिली अनुमति

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को टेक्सास राज्य को तत्काल एक आव्रजन कानून लागू करने की अनुमति दे दी। इस फैसले से राज्य के अधिकारियों को देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लोगों को गिरफ्तार और हिरासत में लेने का अधिकार मिल गया है। वहीं, कई लोगों का कहना है कि यह कानून सही नहीं है।

दरअसल, संघीय अपील अदालत में कानून के लिए कानूनी चुनौतियां चल रही हैं, लेकिन एससी के निर्णय से आव्रजन नीति पर बाइडन प्रशासन से जूझ रहे टेक्सास को एक महत्वपूर्ण जीत मिली है। इस आदेश ने अदालत द्वारा लगाए गए अनिश्चितकालीन रोक को भी हटा दिया, जो कानून को प्रभावी होने से रोक रहा था। बता दें कि दिसंबर में रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट द्वारा हस्ताक्षरित सीनेट बिल 4, टेक्सास में अवैध रूप से प्रवेश को अपराधिक बताता है और न्यायाधीशों को आप्रवासियों को निर्वासित करने का आदेश देने की अनुमति देता है।

महिला सशक्तिकरण से 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र: रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र में बोलीं रुचिरा कंबोज, भारत में महिलाओं के लिए अहम कदम उठाए जा रहे

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बताया कि देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई अहम कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि किस तरह से समाज में लैंगिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। दरअसल भारतीय मिशन ने संयुक्त राष्ट्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें महिलाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। कंबोज ने कहा कि भारत महिला सशक्तिकरण से ही 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा।

कार्यक्रम के दौरान भारत की यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि महिलाओं के लिए एक बहुमुखी रणनीति तैयार की जा रही है, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से लैंगिक न्याय, समानता और भारत के सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित है। बता दें, संयुक्त राष्ट्र में महिलाओं की स्थिति पर 68वीं वार्षिक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक 11 मार्च से शुरू हुई है, 22 मार्च तक चलेगी। इसी बैठक के दौरान भारतीय मिशन ने भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। रुचिरा कंबोज ने कहा कि महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता से भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा।

पाकिस्तान के आम चुनाव में मानवाधिकारों को कुचला

वाशिंगटन, एजेंसी

- धांधली के आरोपों को लेकर अमेरिका बोला- विस्तृत जांच हो

अमेरिका ने पाकिस्तान आम चुनाव में हुई कथित धांधली की बात को माना है और इसे लेकर चिंता जाहिर की है। अमेरिका ने पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करने और आतंकवाद से निपटने में मदद देने का भी आश्वासन दिया।

दरअसल अमेरिका के राजनयिक और पाकिस्तान मामलों के जानकार डोनाल्ड लू ने पाकिस्तान चुनाव में हुई कथित धांधली को लेकर अपनी लिखित गवाही संसद की समिति के पास भेजी थी, जिसे अब सार्वजनिक किया गया है। डोनाल्ड लू ने अपनी गवाही में कई मुद्दों पर चिंता जाहिर की और दोनों देशों के भविष्य को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अमेरिका का विदेश विभाग पाकिस्तान में हुई चुनावी हिंसा, मानवाधिकारों पर प्रतिबंध, आजादी,

मीडिया पर हमले और कम्युनिकेशन सेवाओं पर प्रतिबंधों की निंदा करता है। चुनावी प्रक्रिया में कथित धांधली पर भी चिंता जाहिर की गई और कहा कि आरोपों की विस्तृत जांच होनी चाहिए। लू ने कहा कि पुलिस, नेताओं और जनसभाओं के दौरान हमले हुए। कई पत्रकारों, खासकर महिला पत्रकारों का उत्पीड़न किया गया। चुनाव के दिन अंतर्राष्ट्रीय मॉनिटरिंग टीम को भी वोटों की गणना की समीक्षा नहीं करने दी गई। मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं को बंद किया गया।

विज्ञान मिशिगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एसएन 1987ए दुर्लभ सुपरनोवा नाम दिया

मोतियों की माला में घिरा नजर आया सुपरनोवा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: ब्रह्मांड में एक रहस्यमयी सुपरनोवा मोती की माला में सुसज्जित नजर आ रहा है। इस दुर्लभ सुपरनोवा का नाम एसएन 1987ए है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह एक विशाल तारे के विस्फोट के अवशेषों को खुद मे समेट रहा है। यह घटना पृथ्वी से लगभग 160,000 प्रकाश वर्ष दूर है। जिसमें एक विशाल तारा (सुपरनोवा) टूटकर बिखर रहा है और टूटे हुए तारे की सामग्री से घिर रहा है। यह सुपरनोवा एक आकाशगंगा के उप आकाशगंगा में स्थित है। वैज्ञानिक इस घटना को लार्ज मैगेलैनिक क्लाउड या एलएमसी नाम से पुकारते हैं। एसएन 1987ए के बारे में विशेष रूप से उल्लेखनीय तथ्य यह सामने आया है कि यह चमकते हाइड्रोजन प्लाज्मा के गुच्छों से घिरा हुआ है । यह एक ऐसी संरचना है, जो खगोल भौतिकी में एक लंबे समय तक चलने वाली रहस्यमय प्रक्रिया है। जिसका अभी कोई सटीक जानकारी नही मिल पाई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सुपरनोवा अवशेष के आभूषण के रहस्य को पूरी तरह से समझने के लिये समय लगेगा।



मोतियों की माला मे घिरे सुपरनोवा की तस्वीर

आंखों से भी देखा जा सकता है सुपरनोवा

इस सुपरनोवा को नग्न आंखों से देखा जा सकता है। यह सुपरनोवा अविश्वसनीय रूप से दुर्लभ खगोलीय घटना है। इस घटना से सितारों के विकास और अंतत: मृत्यु के बारे में हमारी समझ में कुछ अधिक वृद्धि हो सकती है। बहरहाल इस तरह की घटनाओं को लेकर नई समझ पैदा होगी । साथ ही खोज को नई दिशा मिलेगी।

मिशिगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार मोतियों की माला की संरचना अद्भुत है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस सुपरनोवा मलबे की खोज हुई है। जिसके समीप एक छिपा हुआ न्यूट्रॉन तारा है।

दुनिया के सिख समुदाय की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के प्रतिष्ठित सिख नेता ने गृह मंत्री, रक्षा मंत्री और जयशंकर की मुलाकात

अमेरिका के एक प्रतिष्ठित सिख नेता ने बताया कि भारत सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत दुनियाभर में समुदाय की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिका के सिख संगठन के जस्सी सिंह हाल ही में भारत का दौरा करके लौटे हैं। एक सिख प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की।

जस्सी सिंह ने बताया कि भारत के इन वरिष्ठ नेताओं के साथ उन्होंने बात की कि कैसे सिख समुदाय भारत की मदद कर सकता है और देश के विकास का हिस्सा बन सकता है। उन्होंने कहा, "हमें बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार दुनिया भर के सिख समुदाय की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

जस्सी सिंह ने आगे कहा, बैठक में हमने पंजाब में विकास को लेकर चर्चा की। पंजाब को अलगाववादी आंदोलन के दौरान बहुत नुकसान का सामना करना पड़ा है। उन्होंने अमेरिका और कनाडा के एक वर्ग का खंडन किया जिन्होंने आरोप लगाया कि भारत में उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। इस पर उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है। अन्य समुदाय की तरह सिखों का भी अपना मुद्दा है। भारत में अन्य नागरिकों की तरह सिखों को भी समान अधिकार प्राप्त है।